आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 01:20 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 221, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़ 14

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज 13

## मुठभेड़ के बाद पकड़ा बदमाश, पैर में लगी गोली

संवाददाता, काशीपुर



बदमाश से पूछताछ करते एसएसपी।

- जसपुर में सराफा कारोबारी को लूटने का है आरोपी
- कुण्डा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुई मुठभेड़

**अमृत विचार :** जसपुर में सराफा कारोबारी व उसके बेटे से लूट के मामले में शामिल एक और बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बदमाश को रेफर कर दिया गया।

जसपुर थाना क्षेत्र में बीती 14 सितंबर को सराफा कारोबारी व उसके पुत्र से लूट की गई थी। वारदात को तीन नकाबपोश बदमाशों ने अंजाम दिया था। जांच में जुटी पुलिस की मंगलवार की देर रात रात बदमाशों से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश दिलशाद गोली लगने से घायल हो गया था। जबकि उसका साथी दूसरा साजिद उर्फ काला निवासी टांडा बादली ( रामपुर ) फरार हो गया था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि साजिद उर्फ काला कुण्डा थाना क्षेत्र के किसी गांव में छिपा हुआ है। पुलिस टीमें उसकी खोज में जुटीं थीं।

बुधवार की देर रात पता चला कि साजिद ग्राम मिस्सरवाला से बैंतवाला होते हुए छिपकर यूपी भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने साजिद को घेर लिया। जिस पर साजिद ने पुलिस टीम पर कई राउंड फायर कर दिए। जबावी कार्रवाई में साजिद को पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायलावस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। साजिद के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। साथ ही पुलिस ने लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर नमूने एकत्र किए।

## देश को मिले स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित, कहा-प्रौद्योगिकी बने गरीबों की ताकत, जलवायु अनुसंधान को कंप्यूटिंग प्रणाली का लोकार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा कि एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।

### क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन रहा भारत, सरकार दे रही प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।

### पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं तीनों स्वदेशी सुपर कंप्यूटर

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

### एक नजर

#### बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में मौत की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने 2023 में सात वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के अपराध में आरोपी को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। दक्षिण पूर्व कोलकाता के तिलजला में पिछले वर्ष 26 मार्च को किसी काम से अपने घर से निकली बच्ची लापता हो गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उसके शव को पास के एक फ्लैट से बरामद किया। दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में फ्लैट में रह रहे किराएदार को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### कर्मचारी से मारपीट में विधायक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन पर दिल्ली जल बोर्ड के एक कर्मचारी के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कल्याण विहार सीवेज पंपिंग स्टेशन पर क्षेत्रीय सहायक 59 वर्षीय सतपाल सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

#### ड्यूटी में लापरवाही पर 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के फोर्ट इलाके में भारतीय रिजर्व बैंक की दो इमारतों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात11 पुलिसकर्मियों को कार्यालय को सूचित किए बिना काम पर नहीं आने के कारण निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कार्रवाई पुलिसकर्मियों की लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण की गई है।

## ड्रग माफिया पर हुई बड़ी कार्रवाई प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा पकड़ा

### मेडिकल स्टोर की आड़ में प्रतिबंधित दवाओं का धंधा, दो सगे भाई गिरफ्तार

संवाददाता, सितारगंज

- एंटी नारकोटिक्स, ड्रग इंस्पेक्टर व पुलिस की रात भार चली संयुक्त कार्रवाई



प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़े गए आरोपी व पकड़ने वाली टीम।

**अमृत विचार :** ग्राम सिसैया में ड्रग माफिया पर बड़ी कार्रवाई हुई है। बुधवार को पूर्वाह्न से शुरू होकर रात भर चली छापेमारी में प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद हुआ है। इतने बड़े स्तर पर प्रतिबंधित दवाओं के खुलासे को उत्तराखंड में अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। मेडिकल स्टोर की आड़ में यह नशीला कारोबार चल रहा था। मेडिकल स्टोर संचालक दोनों सगे भाइयों को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फ़ोर्स के प्रभारी राजेश पांडे के अनुसार बुधवार को वह अपनी टीम के साथ मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम की कार्यवाही के लिए निकले हुए थे। रुद्रपुर से किच्छा, पुलभट्टा होते हुए सितारगंज की ओर आ रहे थे तभी बरा पहुंचने पर उन्हें द्वारा सूचना मिली कि सिसैया स्थित राजेश मेडिकल स्टोर पर भारी मात्रा में नशीली दवाइयां मौजूद हैं। इसके बाद टीम तत्काल सिसैया पहुंच गई। जहां से उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. नीरज कुमार और सितारगंज कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र बृजवाल से संपर्क किया। सरकड़ा चौकी प्रभारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. नीरज कुमार तुरंत वहां पहुंच गए। फिर संयुक्त रूप से मेडिकल स्टोर व उनके गोदाम पर छापेमारी शुरू हुई। बुधवार पूर्वाह्न से शुरू हुई कार्यवाही गुरुवार सवेरे समाप्त हुई।

इस छापेमारी में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद हुआ। छापेमारी के बाद टीम ने बताया कि मेडिकल स्टोर व गोदाम से प्रतिबंधित 153176 कैप्सूल, 5949 इंजेक्शन व 57050 नशीली टेबलेट्स बरामद की गई हैं। मेडिकल स्टोर स्वामी मख्वारा फार्म सिसैया निवासी राजेश कुमार (25) व उसके भाई हरपाल सिंह (30) को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। दोनों भाइयों पर एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। बरामद दवाइयों की कीमत 25 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। इनमे से कुछ दवाओं के बैच नंबर, मैनुफेक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट भी अंकित नहीं थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी चलानी कार्रवाई हो चुकी है। दोनों अभियुक्तों ने बताया कि बहेड़ी (बरेली) के दवा कारोबारी द्वारा प्रतिबंधित दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं।

### बरामद की गई दवाएं

- बुप्रेनोर्फिन के 1199 इंजेक्शन (विभिन्न कम्पनी एवं बैच नम्बर), डाइजेपाम के 2675 इंजेक्शन, एविल के 2075 इंजेक्शन
- ट्रामाडोल कैप्सूल कुल 1,53,176 (विभिन्न कम्पनी एवं बैच नम्बर)
- एलप्राजोलम टेबलेट 57050 (विभिन्न कम्पनी एवं बैच नम्बर)

> राजेश मेडिकल में हुई कार्यवाही में भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं मिली हैं। जिनका बिल मांगने पर मेडिकल स्वामी बिल नहीं दिखा पाया। वहीं मेडिकल का लाइसेंस दिखाया गया। परंतु गोदाम का लाइसेंस नही था। दवाओं का बिल न होने पर और गोदाम का लाइसेंस न होने पर कार्यवाही की गई है।
>
> -डॉ. नीरज कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर ऊधम सिंह नगर

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।

शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की। मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में अनियमितता करने का आरोप है।

## मां और बेटी ने मुख्यमंत्री से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

### पुलिस से उठा भरोसा

- बेटी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ कर एफआर लगाने का आरोप

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने भोट थाना पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करके 12 दिन में मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश को भी तवज्जो नहीं दी।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 25 मई 2024 को सचिन और मनीष के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ कर रही थीं।

आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से साठ-गांठ करके 12 दिन में केस में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। इसके बाद महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद भी भोट एसओ कहती रहीं कि उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी आने पर फोन करके बता दिया जाएगा। इसके बाद महिला ने 11 सितंबर 2024 को तमाम पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भी भेजे थे। इसके बाद मामले की जांच अपराध शाखा को भेज दी गई।

आरोप है कि पीड़िता की मां 23 और 25 सितंबर को विवेचक से मिली तो उन्होंने बताया कि उनके ऊपर अधिकारियों का दबाव है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक ने कोर्ट को बताया कि जांच चल रही है। काफी परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

## संशोधित आईटी नियम असंवैधानिक : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने और उसे विनियमित करने के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद कर दिया और इन्हें असंवैधानिक करार दिया।

न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की एकल पीठ ने 20 सितंबर को कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट और व्यापक होने के कारण न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जनवरी में एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास भेजा था। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने असंवैधानिक घोषित किया है और इसे रद किया है।

## सरकार के संरक्षण में झारखंड में घुसपैठियों को दी जा रही शरण : धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झारखंड के कुंडहित में परिवर्तन सभा में जनता को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून



जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झारखंड में परिवर्तन सभा में कहा कि उत्तराखंड और झारखंड एक साथ अस्तित्व में आए थे। दोनों ही राज्य अपनी प्राचीन संस्कृति के लिए प्रसिद्ध हैं। झारखंड में अपार वन संपदा, प्राकृतिक संसाधनों और आदिवासी समाज की साहस वीरता का गौरवशाली इतिहास है।

गुरुवार को कुंडहित में हुई सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले आदिवासी लोगों ने आवाज उठाई थी फिर भी आजादी के बाद आदिवासी समाज की सुध नहीं ली गई। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड का निर्माण कर राज्य एवं आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी भी आदिवासी समाज के सम्मान स्वाभिमान बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम देशवासियों को गर्व है कि आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड सरकार एवं विपक्ष के लोग झारखंड में डेमोग्राफी के साथ खिलवाड़ की साजिश रच रहे हैं। सरकार के संरक्षण में घुसपैठियों को शरण दी जा रही है। विपक्ष के लोग आदिवासियों की जमीन उनके संसाधनों और संस्कारों को घुसपैठियों के हाथों में देने का षड्यंत्र रच रहे हैं। यह घुसपैठिये हमारी बेटियों की जिंदगियों के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। इस क्षेत्र के कई इलाकों में हिंदुओं और आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं।

ऐसे लोगों का संरक्षण झारखंड सरकार और विपक्षी साथी दल कर रहे हैं। इस क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या 44 से घटकर 28 प्रतिशत हो गई है। रांची में दुर्गा पूजा पर रोक लगाने की साजिश हो रही है। कांग्रेस और जेएमएम सरकार दुर्गा पूजा के पंडाल न लगाने के साजिश रचती है। उन्होंने जनता से झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुमित सोरन, विधायक अपर्णा सिंह गुप्ता, विधायक विवेकानंद, नारायण, विपिन देव, विनय रोहेला आदि मौजूद रहे।

### अग्रणी राज्यों के साथ उत्तराखंड को खड़ा करना संकल्प

**देहरादून अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों के साथ खड़ा करना हमारा संकल्प है। देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से हम इस संकल्प को पूरा करने लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। हम रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित कर रहे हैं। सरकारी क्षेत्र में ही 16 हजार से अधिक युवाओं को हमने नियुक्ति दी है। निजी क्षेत्र में भी यह सिलसिला शुरू हो चुका है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट के परिणामों के बाद उत्साहित सीएम धामी ने कहा आने वाले वर्षों में निवेश के अधिकांश करारों के धरातल पर उतरने से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उत्तराखंड युवाओं को सिर्फ रोजगार ही नहीं देगा, बल्कि उन्हें दूसरों को भी रोजगार देने वाला बनाएगा। इस सर्वे में उत्तराखंड ने राष्ट्रीय औसत को भी पछाड़ दिया है। उत्तराखंड में बीते एक वर्ष में रोजगार के अवसर बढ़ने से बेरोजगारी घटी है। सभी आयु वर्गों पर नजर डालें तो इसकी दर 4 .5 फीसदी से घटकर 4 .3 प्रतिशत पर आ गई है। जबकि 15-29 वर्ष के आयु वर्ग में 14 .2 से घटकर 9 .8 प्रतिशत पर आ गई है। राज्य में वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में सभी आयु वर्गों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 15-29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 27 .5 से बढ़कर 44 .2 हो गया है। इसी प्रकार 15-59 वर्ष के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात अनुपात 57 .2 प्रतिशत से बढ़कर 61 .2 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि 15 साल और उससे ऊपर की श्रेणी के लिए यह 53 .5 प्रतिशत से बढ़कर 58 .1 फीसदी हो गया है।

- रोजगार देने में उत्तराखंड अव्वल बेरोजगारी में आई 4.4% की कमी

## छह घंटे ठप रहा अल्मोड़ा-हल्द्वानी मार्ग

संवाददाता, अल्मोड़ा





अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे के क्वारब के पास सड़क से मलबा हटाती जेसीबी ● अमृत विचार

- गुरुवार तड़के चार बजे क्वारब में मलबा आने के चलते अवरुद्ध मार्ग
- जेसीबी से मलबा हटाकर यातायात किया सुचारू

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास गुरुवार तड़के भारी मलबा आने के चलते बंद हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों का लंबा जाम लग गया। जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन ने मार्ग के दोनों ओर से जेसीबी लगाकर करीब छह घंटे बाद किसी तरह यातायात सुचारू कराया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब चार बजे के बीच अचानक पहाड़ से भरभराकर बड़े-बड़े पत्थरों की बरसात हो गई। जिस वक्त पहाड़ दरका संयोग से कोई वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। कुछ ही देर में मार्ग पर भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया। जिससे वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान अल्मोड़ा से हल्द्वानी, नैनीताल, मौना, खैरना, कैंची धाम जाने वाले यात्रि घंटों जाम में फंसे रहे। सूचना पर जिला आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मार्ग के दोनों ओर जेसीबी लगाकर मलबा हटाना शुरू किया गया। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद सड़क पर गिरे मलबे को हटाया जा सका। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर जेसीबी भेज दी गई थी। सुबह दस बजे सड़क से मलबा हटाकर यातायात सुचारू किया गया।

## श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी दरें बढ़ाईं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने त्योहारों से पहले तोहफा देते हुए श्रमिकों, खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई और लदान में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 माह) अर्द्धकुशल के लिए 868 (22,568 माह) कुशल, लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 (24,804 माह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 (26,910 माह) होगी।

## घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून हर महिला पर लागू

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि इसमें बाधक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- भरण-पोषण के मामले में एक महिला की अपील पर सुनाया फैसला

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2005 का कानून संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा के लिए सभी महिलाओं पर लागू है। पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए है ताकि संविधान के तहत उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो सके और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को संरक्षण मिल सके। उच्चतम न्यायालय ने भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला ने इससे पहले कानून की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी, जिसे फरवरी 2015 में एक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया था और उसे 12,000 रुपये मासिक भरण-पोषण और एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महिला के पति ने आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी जिसे अपीलीय अदालत ने देरी के आधार पर खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि बाद में महिला के पति ने अधिनियम की धारा 25 के तहत एक और आवेदन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किया, जो आदेशों की अवधि और परिवर्तन से संबंधित है, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

### विवेकाधिकार का इस्तेमाल करें मजिस्ट्रेट

पीठ ने कहा कि अधिनियम की धारा 25(2) के तहत विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए मजिस्ट्रेट को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि परिस्थितियों में बदलाव हुआ है, जिसके लिए परिवर्तन, संशोधन का आदेश पारित करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिनियम के तहत परिस्थितियों में परिवर्तन या तो आर्थिक प्रकृति का हो सकता है, जैसे कि प्रतिवादी या पीड़ित व्यक्ति की आय में परिवर्तन, या यह भत्ता देने या प्राप्त करने वाले पक्ष की अन्य परिस्थितियों में परिवर्तन हो सकता है, जो मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित भरण-पोषण राशि में वृद्धि या कमी को उचित ठहराएगा।

## सार-संक्षेप

### अराजक तत्वों ने तोड़ी सोलर लाइट



**भवाली :** भीमताल ब्लॉक के नगारी गांव में अराजक तत्वों ने सोलर लाइट तोड़ दी। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान विनोद आर्या ने बताया कि चोरी की मंशा से लाइट को तोड़ा गया है। चोर लाइट को नहीं निकाल पाया। समाजसेवी नीरज रावत ने ग्रामीणों से कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति अराजकता करता दिखे तो तत्काल इसकी सूचना उन्हें या कोतवाली पुलिस को दें। ताकि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### चोरों ने खंगाला प्राथमिक विद्यालय, तोड़फोड़ की



तोड़फोड़ के बाद बिखरे पड़े गमले।

**भवाली :** राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय डोब ल्वेशाल को अराजक तत्वों ने नशे का अड्डा बना दिया है। हर दिन विद्यालय में गंदगी का अंबार लगना आम बात हो गई है। बीते मंगलवार की रात अराजक तत्व चोरी के मकसद से विद्यालय के अंदर घुस आये और तोड़फोड़ की। विद्यालय के गमले, झूला, ढोलक, बैंड, हारमोनियम तोड़ दिया। साथ ही परीक्षा के लिए रखी नवोदय व अन्य किताबें फाड़ दीं। प्रधानाचार्या रेनू पांडे ने बताया कि खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे थे। पुलिस और शिक्षा विभाग को सूचना दे दी गई है। उन्होंने पुलिस से अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्राम प्रधान हेमा आर्या ने पुलिस से गश्त करने को कहा है।



दीवार पत्रिका सारंगी के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्रों ने दीवार पत्रिका 'सारंगी' निकाली

**भीमताल, अमृत विचार :** शिक्षक दीपक नौगांई के निर्देशन में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाला संकुल पिनरों के छात्रों ने अपनी पहली दीवार पत्रिका 'सारंगी' नाम से निकाली है। छात्रों ने ही दीवार पत्रिका का नाम 'सारंगी' तय किया है। पहले अंक के छात्र संपादक रितेश पलडिया, वैशाली पलडिया, हार्दिक बृजवासी, जतिन पलडिया, मीनाक्षी पलडिया और लक्षिता रहे। पत्रिका के पहले अंक में छात्रों की स्वलिखित कविताएं, लेख, और कला को शामिल किया गया है। छात्रों की रचनात्मकता और उनकी लेखन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों में दीवार पत्रिकाएं निकली जा रही हैं।

### कार्य में लापरवाही पर पांच कर्मचारियों का वेतन रोका

**भीमताल :** स्वजल योजना के कार्य में लापरवाही बरतने पर सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने पांच कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। योजना के कार्यों में प्रगति नहीं लाने तक इन कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं होगा। सीडीओ ने बताया कि स्वजल योजना के अंतर्गत कर्मचारियों को जिले में गांव-गांव जाकर 591 व्यक्तिगत शौचालय देने हैं। तय लक्ष्य में से मात्र 97 लोगों को शौचालय दिया गया। इसके अलावा लक्ष्य के मुताबिक 17 सार्वजनिक शौचालय बनाने हैं, जिसमें से 6 स्थानों पर ही काम किया गया। साथ ही 308 गांवों में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट का काम होना है। जिसमें मात्र 81 पर ही काम हुआ है। सीडीओ ने बताया कि स्वजल योजना में लापरवाही बरतने पर आठ में से पांच कर्मचारियों का वेतन रोका गया है।




बड़ौन में स्वच्छता की शपथ लेते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

### तन-मन निरोगी के लिए स्वच्छता जरूरी

**भीमताल :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में जंगली घास उखाड़ कर सफाई अभियान चलाया। इससे पूर्व प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह बसेड़ा ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छता को अपनाना जरूरी है। जिससे तन-मन निरोगी रहता है। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर शिक्षिका प्रियंका, कमल कुमार, रघुबर सिंह, पुष्कर सिंह मेहता, मोहित चिलवाल, दीपक धपोला, हिमांशी बिष्ट, सुनील कुमार, ज्योति, गोपाल सिंह, राजू धपोला, भावना आदि मौजूद रहे।

### मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी दबोचा

**रामनगर :** बीते दिन बैराज के समीप मंदिर में दण्डवत प्रणाम कर चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंदिर में चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद सोशल मीडिया में खूब वायरल हुई थी। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि 24 सितम्बर को अशोक कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनकी कोसी बैराज के समीप चाय की दुकान है। उसके बगल में हनुमान जी के मंदिर से 18 सितम्बर को सुबह 9.55 बजे सनी पुत्र स्व. गोविन्द सिंह निवासी रेलवे पड़ाव ने एक पीतल की मूर्ति, एक तांबे का छोटा लोटा व पैसों की चोरी की है। आरोपी मुकदमे में नामजद था, जिससे थाने में पूछताछ की गई तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। सन्नी की निशानदेही पर पीतल की मूर्ति व घंटी को कॉर्बेट किंग्डम के पीछे निर्माणाधीन मकान के पास झाड़ियों से बरामद किया गया। आरोपी चोरी के मामलों में पूर्व में भी जेल जा चुका है।

# पांच झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक बंद

## स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी, संचालकों पर लगाया 25 से 50 हजार का जुर्माना

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में क्लीनिक की जांच करतीं डिप्टी सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को नगर में अवैध तरीके से चल रहे क्लीनिकों के खिलाफ छापामार अभियान चलाया। इस दौरान पांच झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक बंद कराये गये। साथ ही पांचों क्लीनिक संचालकों पर अलग-अलग जुर्माना भी लगाया गया।

सीएमओ डॉ. हरीश पंत के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी, डॉ. कुमुद पंत तथा ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी ने स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम के साथ रामनगर एवं पीरूमदारा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से कई झोलाछाप डॉक्टर अपने-अपने क्लीनिक बंद कर मौके से गायब हो गये। डिप्टी सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि रामनगर के लखनपुर इलाके में रावत क्लीनिक, रावत डेंटल क्लीनिक एवं कुमाऊं डेंटल क्लीनिक के यहां कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई भी वैध डिग्री नहीं मिली। जिस पर तीनों क्लीनिकों को बंद करने के निर्देश दिए गये। इसके बाद पीरूमदारा में बंगाली क्लीनिक और प्रिया क्लीनिक पर भी कार्रवाई की गई। एसीएमओ ने बताया कि क्लीनिक संचालकों के पास आयुर्वेदिक डिग्री का लाइसेंस था, लेकिन मौके पर एलोपैथिक पद्धति से चिकित्सा सुविधा दी जा रही थी। ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी ने बताया कि मौके पर मिले प्रपत्रों की जांच में यदि कोई गड़बड़ी पाई जायेगी तो संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पांच क्लीनिक संचालकों पर 25 से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है। बताया कि छापामार अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम में प्रधान सहायक सीएमओ कार्यालय मनोज बिष्ट भी शामिल रहे।

### कालाढूंगी में भी दो अवैध क्लीनिक कराए बंद

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कालाढूंगी में भी अवैध क्लीनिकों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पंजीकरण न होने की स्थिति में दो क्लीनिकों पर जुर्माना लगाते हुए उन्हें बंद करने के निर्देश दिये गये। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि कार्रवाई के दौरान टीम को मदीना हेल्थ क्लीनिक और जनता क्लीनिक के पास वैध प्रपत्र नहीं मिले। दोनों संचालकों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। सीएमओ डॉ. पंत ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों व अवैध पैथोलॉजी लैबों के खिलाफ छापामार अभियान आगे भी जारी रहेगा।




कालाढूंगी में मेडिकल स्टोर में छापेमारी करती टीम। ● अमृत विचार

# अब धारचूला के गुंजी में खुलेगा पेट्रोल पंप

**अच्छी खबर**

- आदि कैलाश यात्रा पर आने वाले भक्तों को मिलेगी सुविधा
- 3200 मीटर की ऊंचाई पर देश का पहला पेट्रोल पंप खोलेगा केएमवीएन

गौरव जोशी, नैनीताल



**अमृत विचार :** आदि कैलाश यात्रा पर आने वाले भक्तों को अब धारचूला के गुंजी में पेट्रोल पंप की सुविधा मिलेगी। कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) गुंजी में पेट्रोल पंप खोलने जा रहा है। यह देश का पहला पेट्रोल पंप होगा, जो 3200 मीटर की ऊंचाई पर खुलेगा।

केएमवीएन के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने बताया कि धारचूला के बाद ऊंचाई वाले क्षेत्र में अब तक लोगों की आवाजाही न के बराबर थी। जिसके चलते उसे क्षेत्र में पेट्रोल पंप स्थापित नहीं हो सका था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश यात्रा पर आने के बाद क्षेत्र में लोगों का रुझान बड़ा है। बीते वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष दोगुनी संख्या से भक्त आदि कैलाश के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कुमाऊं मंडल विकास निगम गुंजी में पेट्रोल पंप खोलने जा रहा है। पेट्रोल पंप खोले जाने को लेकर जिलाधिकारी पिथौरागढ़ ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। भूमि हस्तान्तरण का कार्य हो गया है। भारत पेट्रोलियम की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर अपनी अनापत्ति भी दे दी है। जल्द ही पंप के लिए मशीन लगाने और अन्य कार्य किए जाएंगे। जिसके बाद गुंजी में पेट्रोल पंप खोल दिया जाएगा।



> पेट्रोल पंप खोले जाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया है। शासन से अनुमति मिलने के बाद 3200 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्र गुंजी में पेट्रोल पंप खोल दिया जाएगा। सभी औपचारिकता पूरी कर ली गई हैं।
> – **विनीत तोमर**, प्रबंध निदेशक केएमवीएन

# बीडी पांडे अस्पताल का जल्द होगा कायाकल्प

- अस्पताल के विस्तार के लिए 9 करोड़ का बजट हुआ जारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अतिक्रमण हटाने के बाद बीडी पांडे अस्पताल की खाली भूमि में निर्माण के लिए शासन से बजट जारी हो चुका है। करीब 909.84 करोड़ की लागत से भवन, ट्रांजिट हॉस्टल, मेडिकल स्टोर व चहारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। अस्पताल के विस्तार से मरीजों व स्टाफ को काफी सुविधा मिलेगी।

बीते वर्ष हाईकोर्ट ने बीडी पांडे अस्पताल की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। जिसके बाद प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में सितंबर माह में भूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया था। अतिक्रमण हटने के बाद अस्पताल प्रशासन को उसकी भूमि मिल गई थी। खाली भूमि में भवन, ट्रांजिट हॉस्टल, मेडिकल स्टोर व चहारदीवारी बनाने के लिए बीडी पांडे अस्पताल की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। लंबे इंतजार के बाद शासन ने प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए बजट जारी कर दिया है। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि लगभग 909.84 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। जल्द ही कार्यदायी संस्था उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड निर्माण शुरू कर देगी।

# इलेक्ट्रिक वाहनों से चिड़ियाघर जाएंगे पर्यटक

- हाईकोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद जल्द शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** शहर के चिड़ियाघर में पर्यटकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन जल्द ही शुरू होने जा रहा है। नगर पालिका जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इससे न केवल पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा।

पूर्व में पालिका प्रशासन ने दो बार टेंडर जारी किए थे, लेकिन किसी भी इच्छुक ठेकेदार का नहीं मिलना इस प्रक्रिया में बाधा बना रहा था। हाईकोर्ट से मिली मंजूरी के बाद नगर पालिका ने फिर से टेंडर जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों की उम्मीदें अब इस नए कदम से जुड़ी हैं, जो न केवल एक सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा, बल्कि शहर के पर्यावरण को भी संरक्षित रखने में मदद करेगा। आने वाले दिनों में पालिका की ओर से टेंडर की प्रक्रिया पर जानकारी दी जाएगी।

प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया कि हाईकोर्ट से जू रोड पर चार इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाने की अनुमति मिल चुकी है। तकनीकी निरीक्षण के बाद जल्द ही पालिका की ओर से टेंडर जारी कर दिए जायेंगे।

**नए टेंडर की समय सीमा बढ़ेगी**

उम्मीद है कि नये टेंडर की समय सीमा पांच साल तक होगी। यह सुनिश्चित होगा कि चिड़ियाघर में इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन प्रभावी और दीर्घकालिक हो सके। इस पहल के तहत पर्यटकों को आरामदायक और प्रदूषण रहित यात्रा का अनुभव मिलेगा। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन न केवल चिड़ियाघर के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करेगा, बल्कि यह शहर की स्वच्छता और हरित पहल में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# रोजगार के नाम पर लग रहा टैक्सी बाइकों का जमावड़ा

- तल्लीताल से मल्लीताल तक सड़क किनारे टैक्सी बाइकों का कब्जा
- मालरोड पर भी अवैध रूप से पार्क हो रहीं मोटर साइकिलें

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर में रोजगार के नाम पर आये दिन टैक्सी बाइकों का जमावड़ा लग रहा है। न तो टैक्सी बाइक का किराया निर्धारित है और न ही इसके संचालन व पार्किंग स्थल की कोई व्यवस्था है। जिसके चलते शहर की सड़कें और पार्किंग स्थल टैक्सी बाइकों से पटे पड़े हैं। इससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नैनीताल में बेरोजगार युवाओं ने रोजगार के लिए टैक्सी बाइक व स्कूटी से काम शुरू किया था। टैक्सी बाइक की मांग बढ़ने पर शहर के सैकड़ों लोगों ने टैक्सी बाइक व स्कूटी खरीद ली। देखते ही देखते लगभग एक से डेढ़ हजार टैक्सी बाइक जमा हो गई, लेकिन टैक्सी बाइक की दर, पार्किंग स्थल व संचालन की व्यवस्था नहीं होने से शहर की व्यवस्था बिगड़ रही है। तल्लीताल से मल्लीताल तक मालरोड और स्थानीय पार्किंग स्थल टैक्सी बाइक के पार्किंग स्थल बन चुके हैं। इससे स्थानीय लोगों को बाजार आने-जाने में बाइक खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिलती। वहीं जगह-जगह सड़कों के किनारे वाहन खड़े होने से आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बीते वर्ष संभागीय परिवहन विभाग और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर नैनीताल में व्यवस्थाएं सुधारी थीं, लेकिन एक बार फिर नगर में टैक्सी बाइक का संचालन व पार्किंग अव्यवस्थित हो गई है। इसे देखने के बाद भी न तो पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है और न ही प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था बनाई जा रही है।

इधर, एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि संभागीय परिवहन विभाग से नगर में चल रही टैक्सी बाइकों की संख्या मांगी जाएगी। जिसके बाद टैक्सी बाइक की पार्किंग व संचालन के लिए व्यवस्था बनाई जायेगी।

### फर्जी बाबा बनकर घूम रहे युवकों को पकड़ा

**नैनीताल :** गुरुवार को मल्लीताल सदर बाजार में तीन युवक फर्जी बाबा बनकर घूम रहे थे। लोगों ने संदिग्ध देखते हुए एक बाबा से पूछताछ की तो वह भागने लगा। बाबा को भागता देख स्थानीय युवकों ने भी उनके पीछे दौड़ लगा दी। अग्निशमन कार्यालय के सामने युवकों ने बाबा व उसके दो साथियों को पकड़ लिया। तीनों की ओर से कोई जानकारी नहीं देने पर लोग उनको पीटते हुए कोतवाली ले आये। जहां पुलिस ने तीनों से सख्ती से पूछताछ की। जिसमें एक बाबा का भवाली का सत्यापन मिला। जबकि अन्य दो युवकों का सत्यापन नहीं मिला। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि बरेली निवासी भोला सिंह, देहरादून निवासी सोनू व लखीमपुर खीरी निवासी सूरज के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# हाईकोर्ट बार एसो. सभी पत्राचार हिंदी में करेगा

- बार सभागार में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हुई विचार गोष्ठी

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की गुरुवार को बार सभागार में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विचार गोष्ठी हुई। इसमें तय किया गया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन समस्त पत्राचार हिन्दी में ही करेगा।

गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी मातृ भाषा है, इसको अधिकाधिक प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इसके लिए सभी कार्यों में हिन्दी भाषा का उपयोग अधिक से अधिक किया जाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर महासचिव वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि हिन्दी भाषा को अधिक लोकप्रिय एवं सशक्त बनाने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन उत्तराखंड अब से सारे पत्राचार हिन्दी भाषा में ही करेगा। इस प्रस्ताव का सभी ने स्वागत किया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजत मित्तल ने की।

इस दौरान उपाध्यक्ष मधु नेगी सामंत, विश्व प्रकाश बहुगणा, भुवनेश जोशी, कुन्दन सिंह, हिमांशु राठौर, ममता आर्या, आयुष गौड़, ध्रुव चन्द्र, प्रेम प्रकाश भट्ट, जीएस संधू, सैयद नदीम खुर्शीद, त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, जयवर्धन कांडपाल, संजय भट्ट, योगेश पचोलिया, एडी त्रिपाठी, विपुल पैन्यूली, त्रिलोक चंद, सीमा साह, मीना बिष्ट, ललित मौजूद रहे।

**परेशानी** | ओखलकांडा के थलाड़ी, तोक गराड़ और अंडोल गांव में आवागमन बना गंभीर समस्या

# पुल के अभाव में जान जोखिम में डालने को मजबूर हुए ग्रामीण

संवाददाता, भीमताल



पुल नहीं होने से तेज बहाव में नदी को पार करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड ओखलकांडा के ग्राम पंचायत थलाड़ी, तोक गराड़ एवं ग्राम पंचायत उडियारी बरमधार के तोक अंडोल (सिमलखेत) के ग्रामीणों को आवागमन के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और विकट हो जाती है। जब इन गांवों के बीच संपर्क पूरी तरह से कट जाता है।

तोक अंडोल (सिमलखेत) के ग्रामीणों को आवागमन के लिए ग्राम पंचायत थलाड़ी, तोक गराड़ के रास्ते से गुजरना पड़ता है जो नजदीक तो है, लेकिन पुल के अभाव में यह मार्ग बरसात के समय बंद हो जाता है। नदी के उफान पर आने से अंडोल (सिमलखेत) के ग्रामीणों को राशन और अन्य आवश्यक सामग्री लाने में भारी कठिनाई होती है। कई बार उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर तेज बहाव वाली नदी को पार करना पड़ता है। अंडोल (सिमलखेत) के ग्रामीणों के लिए सड़क मार्ग भी ग्राम पंचायत थलाड़ी, तोक गराड़ से ही सबसे नजदीक पड़ता है, लेकिन पुल नहीं होने के कारण इस मार्ग का उपयोग नहीं हो पाता है।

बरसात के मौसम में ग्रामीणों को चार किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई पैदल तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों की माने तो इन दोनों तोकों के निवासी न केवल आवागमन के लिए एक-दूसरे पर निर्भर हैं, बल्कि इनका आपसी मेल-जोल और सामाजिक संपर्क पुल के अभाव में सीमित हो जाता है। इधर, क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों का कहना है कि इन कठिन परिस्थितियों को देखते हुए पुल का निर्माण होना आवश्यक है। यदि सड़क मार्ग से यात्रा की जाए तो दोनों गांवों के बीच लगभग 70 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

जबकि पैदल मार्ग से यह दूरी मात्र 500 मीटर है। पुल के अभाव में इस छोटे मार्ग का उपयोग संभव नहीं हो पाता है।



> ग्रामीण जल्द ही डीएम नैनीताल से मिलकर पुल के निर्माण की मांग करेंगे। यह पुल न केवल गांवों के निवासियों के लिए जीवनरेखा साबित होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
> –**मुकेश चन्द्र बौद्ध**, ग्राम प्रधान भुमका

# बारिश से लबालब हुई नैनी झील

**मौसम**

- 12 फीट पहुंचा जलस्तर, सिंचाई विभाग ने सभी निकासी गेट खोले
- नियमानुसार इस माह 9 फीट 6 इंच होना चाहिए जल स्तर

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में बुधवार की देर रात और गुरुवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश से नैनी झील लबालब भर गई। बारिश के चलते नैनी झील का जलस्तर 12 फीट पहुंच गया। झील के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए सिंचाई विभाग ने सभी निकासी गेट खोल दिये।

झील नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार नैनी झील से पानी छोड़ने के लिए हर माह अलग नियम हैं। नियमानुसार सितंबर माह में झील का जलस्तर उच्च स्तर पर 9 फीट 6 इंच होना चाहिए। इससे अधिक होने पर पानी की निकासी की जाती है। इसे देखते हुए विभाग ने नैनी झील के निकासी गेट खोल दिए हैं। फिलहाल झील से 6 इंच पानी की निकासी की जा रही है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 के सितंबर माह में झील का जलस्तर 10.01 फीट, 2021 में 10.08 फीट, 2022 में 7.01 फीट, 2023 में 10.02 फीट, 2024 में 12 फीट से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि बारिश के कारण झील का जलस्तर अधिक हो रहा है। मानक के आधार पर झील का जलस्तर 9 फीट 6 इंच रखना होता है। झील का जलस्तर करीब 12 फिट है। जिसे देखते हुए पानी की निकासी की जा रही है।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

# पूर्व नौकरशाह के घर में करोड़ों की चोरी के आधार की जांच कर रहे

## डीजीपी अभिनव कुमार ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, कानून व्यवस्था को लेकर जनता के साथ किया संवाद, अपराध नियंत्रण के लिए मातहतों को दिए जरूरी निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने उत्तर प्रदेश के एक पूर्व नौकरशाह के घर से करोड़ों की चोरी प्रकरण में कहा कि इसकी कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है, फिर भी आधार क्या है इसकी जांच कराई जा रही है।

डीजीपी कुमार ने गुरुवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि मीडिया रिपोर्टस के जरिये पता चला कि पूर्व नौकरशाह के घर से करोड़ों रुपये की चोरी हुई है। अभी तक किसी ने भी कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। वैसे भी जिसकी संपत्ति चोरी हुई है, उसको शिकायत करनी चाहिए। वहीं, उप्र पुलिस की एसटीएफ, एसओजी समेत अन्य टीमों के सादी वर्दी में जिले में डेरा डालने और जांच करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब तो उप्र पुलिस ही दे सकती है। रिपोर्टस का आधार क्या है, हम इसकी जांच जरूर कर रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। जब तक कोई लिखित शिकायत नहीं करता है पुलिस कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकती है।


कोतवाली सभागार में हुए कार्यक्रम में जनता से संवाद करते डीजीपी अभिनव कुमार। ● अमृत विचार


कोतवाली सभागार में जनसंवाद कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### थानों में महिला फरियादियों के लिए होगा अलग कमरा

**हल्द्वानी :** किशोरी और महिला सुरक्षा को लेकर पहले थानों में महिला फरियादियों के लिए अलग कमरे की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें केवल महिला पुलिस कर्मी होंगी। जिससे फरियाद लेकर आने वाली महिलाओं को पूरी तरह से सहजता हो। इसकी शुरुआत उन थानों से की जाएगी जहां महिला अपराधों की संख्या ज्यादा है। पॉक्सो के मामलों पर कहा कि स्कूलों में जाकर बच्चों को इसके लिए जागरूक किया जाएगा।

### सबूत दो कार्रवाई करेंगे : एसएसपी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिला प्रशासन इन दिनों स्कूलों में जा-जा कर बेटियों के साथ संवाद कर रहा है और असुरक्षित स्थान, उनके साथ होने वाली घटनाओं को लेकर बात कर रहा है ताकि इस पर रोक लगाई जा सके। इस कार्यक्रम में प्रशासन, जिला प्रोबेशन के साथ पुलिस टीम भी मौजूद रहती है। इस कार्यक्रम में बेटियां असुरक्षित स्थानों के साथ मादक द्रव्यों के बेचने के स्थान, लोगों के बारे में भी बता रही हैं। जबकि इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है। इस बाबत जब एसएसपी पीएन मीणा से सवाल पूछा गया तो उन्होंने जानकारी होने से इंकार कर दिया। यदि कोई वीडियो या सबूत देता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### वेरिफिकेशन एक्ट लागू होने से आपराधिक गतिविधियों पर लगेगी रोक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक के जनसंवाद कार्यक्रम में प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने वेरिफिकेशन एक्ट को सख्ती से लागू करने की मांग की। प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि एक्ट के लागू होने से आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगेगी। जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज ने महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान में जिले में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। युवा पीढ़ी नशे और ड्रग्स का शिकार हो रही है। बनभूलपुरा क्षेत्र ड्रग्स का अड्डा बन गया है। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि बाजार क्षेत्र में व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और प्रत्येक माह पुलिस प्रशासन व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित करे जिससे आपराधिक घटनाओं पर रोक लग सके। इस दौरान प्रदेश सह संयोजक देवेश अग्रवाल, महानगर महामंत्री ऋषभ पाठक, जिला युवा अध्यक्ष सूरज पांडे, जिला युवा महामंत्री गौरव अग्रवाल, पूरन लाल साह, नुसरत सिद्दीकी और संजय वर्मा मौजूद रहे।

### डीजीपी ने किया जनसंवाद

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में जनसंवाद किया। उन्होंने नागरिकों के साथ गोष्ठी की और उनकी समस्याओं और सुझाव को जाना। नागरिकों ने यातायात व्यवस्था, युवाओ में बढ़ते नशे, महिला सम्बन्धित अपराधों की समस्याओं और सुझावों को प्रस्तुत किया, जिन पर विचार- विमर्श हुआ। कहा कि उत्तराखंड को नशामुक्त बनाना हमारा ध्येय है। डीजीपी ने महिला सम्मेलन में अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। इधर एक लोक कलाकार दीपक सुयाल डीजीपी के जनसंवाद कार्यक्रम में जब दरवाजे पर पहुंचे तब पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक दिया और उठाकर कोतवाली के कमरे में बंद कर दिया। पुलिस का कहना है कि लोक कलाकार ने डीजीपी से अकेले में मिलने के लिए कहा था लेकिन इस पर हामी भरी गई थी। वह अचानक से जन संवाद कार्यक्रम में चले गए जिससे असहज स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

# पुलिस की मिलीभगत के बिना नहीं हो सकती ड्रग्स की बिक्री

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस बल की कमी, ट्रैफिक समस्या, ड्रग्स के बढ़ते चलन, अपराध का बदलते व्यवहार पर शिकंजा कसने का दावा किया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी अपराध में शामिल पुलिस कर्मी पर भी सख्त कार्रवाई जाएगी।

गुरुवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में डीजीपी कुमार ने कहा कि युवाओं व किशोरों में ड्रग्स का चलन बढ़ रहा है, यह एक बड़ी समस्या है। हमारा फोकस यूज करने वाले छात्र पर नहीं है, उसकी काउंसलिंग की जाएगी। वहीं बड़े तस्करों को पकड़ना लक्ष्य है। उन्होंने स्वीकारते हुए कहा कि बिना पुलिस के मिलीभगत के ड्रग्स की बिक्री नहीं हो सकती है। ऐसे किसी भी मामले में अगर पुलिस की मिलीभगत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी ने कहा कि नैनीताल जनपद में ट्रैफिक की गंभीर समस्या है। कोशिश है कि जिले में वाहनों के लिए पार्किंग की संख्या को बढ़ाया जाए, इसके लिए स्थानीय प्रशासन की मदद ली जाएगी। उन्होंने पुलिस फोर्स की कमी पर कहा कि राज्य में चार हजार जवानों की कमी है। इन पदों को अगले दो से तीन सालों में भर लिया जाएगा। अपराध के बदलते व्यवहार पर उन्होंने एसएसपी को भी निर्देश दिए कि नैनीताल जिले में पिछले 20 सालों में बढ़ी आबादी और हो रहे अपराधों का अध्ययन करके रिपोर्ट दें। इससे पता चले कि कहां कितना पुलिस बल बढ़ाए जाने की जरूरत है।

### नाबालिग बाइकर्स मिले तो मां-बाप पर कार्रवाई

हल्द्वानी शहर में बाइकर्स की बढ़ती अराजकता पर डीजीपी ने कहा कि पहले तो कम उम्र के बच्चों को कार-बाइक चलाने के लिए देना गलत है। यदि बाइकर्स अराजकता कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। यह मां-बाप की भी गलती है, उनकी भी जिम्मेदारी है कि बच्चों को देखें। जब हम ऐसे बाइकर्स को पकड़ते हैं तो फिर उनके मां-बाप उन्हें छुड़ाने आ जाते हैं। अब ऐसे मामलों में मां-बाप पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

34.2° अधिकतम तापमान | 25.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.03 | सूर्यास्त 18.02

## एक नजर

### डेंगू का एक मरीज भर्ती

**हल्द्वानी :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में डेंगू का एक मरीज भर्ती है। राहत की बात है कि डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में डेंगू का कोई भी मरीज नहीं है। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि बुखार के रोगी अस्पताल में आ रहे हैं। डेंगू के लक्षण दिखने पर उनकी एलाइजा जांच कराई जा रही है। नैनीताल जिले में इस साल अभी तक डेंगू के 25 मामले मिले हैं, जिनमें 20 रोगी माइग्रेटेड हैं। इनमें पांच रोगी नैनीताल जिले के हैं। आसाओं और नगर निगम ने हल्द्वानी के वार्ड नंबर आठ, 35, 57 व आदर्श कॉलोनी हरिपुर नायक, टीम मूर्ति क्षेत्र, हाइडिल कॉलोनी कमलुवागांजा, गैर वैशाली बिठोरिया नंबर-1 एवं कुसुमखेड़ा चौराहा क्षेत्र में सोर्स रिडकसन का काम किया था।

### छात्रावास से लापता हुआ छात्र दो दिन बाद घर पहुंचा

**हल्द्वानी :** संस्कृत महाविद्यालय के छात्रावास में रहने वाला छात्र लापता हो गया था। दो दिन बाद एक परिचित को वह भीमताल में मिला, जो छात्र को उसके घर छोड़कर आया। धारी के गुनियालेख स्थित देवनगर निवासी गौरव दुम्का (15 वर्ष) बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में स्थित संस्कृत महाविद्यालय में कक्षा नौ में पढ़ता है। प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने बताया कि गौरव साल 2021 से छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा है। 24 सितंबर की शाम को गौरव छात्रावास से अचानक कहीं चला गया। उसकी तलाश करने पर भी जब वह नहीं मिला तो इसकी सूचना पुलिस को दी।


कोतवाली में डीजीपी साहब के पहुंचने से पहले सामने खड़ी कार को क्रेन से उठाकर ले जाते पुलिस कर्मी। ● राजेश श्रीवास्तव

### पनेरू व ग्रामीणों को किया नजरबंद

**हल्द्वानी:** खनस्यूं में युवक के साथ पुलिस कर्मियों के मारपीट प्रकरण में पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू व अन्य लोग डीजीपी से मिलने के लिए बुद्ध पार्क में इकट्ठा हुए लेकिन पुलिस ने उन लोगों को मिलने नहीं दिया।

पनेरू ने साथियों के साथ बुद्ध पार्क से इकट्ठा कर जनसंवाद कार्यक्रम में जा रहे थे लेकिन तुरंत ही पुलिस पहुंच गई। पनेरू ने बताया कि वे लोग दोषी पुलिस पर एफआइआर दर्ज कराने की मांग को लेकर कार्यक्रम जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें मिलने नहीं दिया। बाद में पुलिस ने हरीश पनेरू के अलावा हरीश रावत व अन्य लोगों को काठगोदाम पुलिस चौकी में ले जाकर नजरबंद कर दिया।

# चौड़ीकरण के प्रभावितों का रखा जाएगा ध्यान : डीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने गुरुवार को सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रभावितों को लेकर प्रशासन की रणनीति के बारे में भी बताया।


डीएम ने कहा कि मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण में आ रहे प्रभावितों के हितों को ध्यान में रखा है। जो व्यापारी पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं, उनके लिए तात्कालिक तौर पर अस्थाई शेड की व्यवस्था की जाएगी। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का प्रस्ताव भी स्वीकृति के लिए शासन भेजा गया है, इसमें उनकी स्थाई व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा सड़क चौड़ीकरण होने से आमजन के साथ ही एंबुलेंस, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग जिन्हें जाम की वजह से अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पडता है, उन्हें राहत मिलेगी। मंगल पड़ाव से बॉटलनेक का सुधारीकरण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क के आसपास अस्पताल, व्यवसायिक संस्थान आदि के होने से ट्रैफिक का लगभग 60 प्रतिशत ट्रैफिक आंतरिक है। उन्होंने कहा कि सड़क की चौड़ाई 12 मीटर रहेगी जिसमें ड्रेनेज सिस्टम के लिए नालियों का निर्माण भी किया जाएगा। सड़क चौडीकरण होने से भविष्य में हल्द्वानी वासियों एवं पर्यटकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। डीएम ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित हो रहे लोगों को अस्थाई शेड के लिए विकल्प दिया जाएगा, यदि सहमत होंगे तो वहां अस्थाई शेड का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि आस्था के केन्द्र कालूसिद्ध मंदिर को पूर्ण रूप से विधि-विधान के साथ शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए धर्मगुरूओं के दिशा निर्देशन में मंदिर शिफ्टिंग के साथ ही पीपल के पेड़ को रिलोकेट/ट्रांसप्लांट किया जाएगा। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा व तुषार सैनी, के साथ ही विपिन गुप्ता, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, दया किशन उपाध्याय, संदीप सक्सेना व्यापारी मौजूद रहे।


कैंप कार्यालय में व्यापारियों से वार्ता करती डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

**तैयारी**

- डीएम वंदना सिंह ने व्यापारियों के साथ की बैठक, प्रशासन की सड़क चौड़ीकरण को बताई रणनीति

# रामनगर की चार कॉलोनियों के नियमितीकरण पर निर्णय लें



विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने रामनगर की चार कॉलोनियों पंपापुरी, भरतपुरी, दुर्गापुरी, कौशल्यापुरी को नियमितीकरण करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सचिव शहरी विकास को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन को संशोधित नियमों के तहत निस्तारित करते हुए निर्णय लें।

मामले के अनुसार रामनगर निवासी शंकर दत्त बोडाई ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि रामनगर के पंपापुरी, भरतपुरी, दुर्गापुरी और कौशल्यापुरी इन चार कॉलोनियों को नियमितीकरण की मांग वर्ष 2010 से चली आ रही है। इस पर सरकार ने सहमति जताते हुए वर्ष 2017 में इसकी सर्वे की मंजूरी दे दी। इसके बाद वर्ष 2020 में सर्वे शुरू हुआ। सर्वे में यह दिक्कत आई कि इन कॉलोनियो के सभी मकान पक्के हैं। पक्के मकानों का सर्वे फीता लगाकर नहीं किया जा सकता है। बाद में सरकार ने इसे वापस लेकर ड्रोन मैपिंग व डिजिटल मैपिंग से सर्वे का निर्णय लिया। सर्वे कमेटी ने भी इसे कराने की संस्तुति दे दी लेकिन सरकार ने उनके प्रत्यावेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि उनके प्रत्यावेदन पर निर्णय लेकर इनका सर्वे करा नियमितीकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने भी इन्हें नियमतिकरण करने को घोषणा की थी।


उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा को ज्ञापन देते गौलापार के ग्रामीण। ● अमृत विचार

**व्यवस्था** | जीएसटी काउंसिल ने दी जानकारी, 30 सितंबर तक डाटा डाउनलोड करने की सुविधा

# जीएसटी पोर्टल से 7 साल से पुराना डाटा होगा गायब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पोर्टल में सात साल से पुराना अपलोड डाटा खुद ब खुद गायब हो जाएगा। एक अक्टूबर से वित्तीय वर्ष 2017-18 का डाटा पोर्टल पर नहीं दिखाई देगा। फिर भी यदि किसी को डाटा की जरूरत है तो 30 सितंबर तक डाउनलोड कर सकते हैं।

राज्य कर अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने ब्योरा जारी कर बताया कि एक अक्टूबर से जीएसटी पोर्टल पर सात साल से अधिक पुराना डाटा नहीं दिखाई देगा। पेशेवर, व्यापारी जिनको डाटा की जरूरत है 30 सितंबर तक डाउन लोड कर सकते हैं। एक अक्टूबर के बाद यह डाटा पोर्टल से गायब हो जाएगा। इसके बाद से सीए, सीएस, सेल्स टैक्स अधिवक्ता, जीएसटी सहायकों में खलबली मच गई है। सभी अपना-अपना डाटा डाउन लोड करने में जुट गए हैं।

दरअसल, जीएसटी पोर्टल पर देश भर के रिटर्न ऑनलाइन दिखाई देते हैं। हर साल लाखों नए पंजीयन और रिटर्न जमा हो रहे हैं। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू हुआ था, तब से लेकर अब तक के सभी रिटर्न पोर्टल पर दिखाई देते हैं। ऐसे में जीएसटी पोर्टल पर लोड बढ़ता ही जा रहा है। इसकी वजह से पोर्टल के हैंग व स्लो प्रोसेसिंग की शिकायतें मिलती हैं। इसको देखते हुए जीएसटी पोर्टल से सात साल से पुराने डाटा को हटाया जा रहा है। पोर्टल पर पुराना डाटा 1 अक्टूबर के बाद करदाताओं को ऑनलाइन पोर्टल पर दिखाई नहीं देगा।

### अपना डाटा डाउनलोड कर लें करदाता




राज्य कर अधिकारियों के अनुसार, भविष्य में किसी भी संदर्भ के लिए यदि आवश्यक हो, तो जीएसटी पोर्टल से अपना प्रासंगिक डाटा डाउनलोड कर लें। 1 अक्टूबर, 2023 से लागू सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 39 (11) के तहत 31 जुलाई, 2023 की केंद्रीय कर तिथि में प्रावधान है कि करदाताओं को उक्त रिटर्न प्रस्तुत करने की नियत तारीख से तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



जीएसटी पोर्टल पर सात साल से पुराना डाटा हटाया जा रहा है। 1 अक्टूबर से वित्तीय वर्ष 2017-18 का डाटा नहीं मिलेगा इसलिए सभी अधिवक्ता, सीए, करदाता वगैहर जिनकी स्क्रूटनी, वाद लंबित है तो डाटा डाउनलोड कर लें। इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है। सभी से अपील है कि डाटा को नियमित रूप से डाउनलोड कर सेव करने की आदत बना लें ताकि भविष्य में दिक्कत नहीं हो। -**सुमित गुप्ता**, अधिवक्ता जीएसटी, हल्द्वानी

### आज होगी सदस्यता अभियान की समीक्षा

**हल्द्वानी :** भाजपा के सदस्यता अभियान की आज से मंडल स्तरीय समीक्षा होगी। दो अक्टूबर के बाद फिर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। भाजपा का दो सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू हुआ था। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष, जिला, मंडल से बूथ अध्यक्ष तक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर 100-100 लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य भी दिया गया था। अब इस अभियान की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के बाद दो से 15 अक्टूबर तक फिर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों, जातियों, समूहों को शामिल किया जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि 27 सितंबर से सदस्यता अभियान की मंडल स्तरीय समीक्षा होगी।

# कॉलटैक्स चौराहे से नरीमन चौराहे तक नो पार्किंग जोन बनाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कॉलटैक्स चौराहे से रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर से सड़क किनारे डग्गामार वाहन धड़ल्ले से यात्रियों को बैठा रहे हैं।

स्टेशन परिसर मुख्य गेट से इन डग्गामार वाहनों को हटाने के दौरान गुरुवार को वाहन संचालकों की ओर से आरपीएफ पुलिस कर्मी पर भी जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया। काठगोदाम टैक्सी यूनियन ने सिटी मजिस्ट्रेट को पत्र देकर कॉलटैक्स चौराहे से लेकर नरीमन चौराहे तक नो पार्किंग जोन घोषित करने की मांग की है। यूनियन ने कहा कि पूर्व में उन्होंने डग्गामार वाहनों को हटाने के लिए बहुत बार प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि पहले भी यूनियन ने समस्या के बारे में अवगत कराया था लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। काठगोदाम थानाध्यक्ष को इन वाहन संचालकों का सत्यापन कराने की मांग भी की। यूनियन के अध्यक्ष कृष्णानंद पांडे ने कहा कि डग्गामार वाहनों के कारण स्टेशन परिसर के बाहर जाम की स्थिति हो जाती है। यूनियन के सभी पदाधिकारियों ने नो पार्किंग जोन घोषित करते हुए डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### गौलापार में खड़ीं अवैध बसें हटाने की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौलापार में मुख्य सड़कों पर पर्यटक बसों की अवैध पार्किंग पर स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताया है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर एसडीएम पारितोष वर्मा से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट ने बताया कि गौलापार क्षेत्र में लंबे समय से पश्चिम बंगाल की बसें सड़क किनारे खड़ी की जाती हैं। बसों के यात्री क्षेत्र में गंदगी भी फैलाते हैं और यहां का माहौल भी खराब हो रहा है। विरोध करने के बाद भी बस चालकों पर कोई असर नहीं पड़ा है। मांग की गई कि सड़क किनारे खड़ी अवैध बसों को हटाया जाए। इस दौरान इंद्र पाल आर्य, बालम सिंह, राम सिंह, संदीप जोशी, दीवान राम, महिपाल रैक्वाल, नीरज रैक्वाल, नंदन सिंह रावत आदि थे।

## सार-संक्षेप



भारत विकास परिषद की ओर से लगे शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

### शिविर में पहुंचे 37 लोगों में मिली खून की कमी

**रामनगर :** भारत विकास परिषद् ने ग्राम पीरूमदारा में निशुल्क रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 59 लोग रक्तदान करने के लिये गये। इनमें से 37 लोगों में खून की कमी पाई गई। उन्हें फल व जूस देकर वापस भेज दिया गया। काशी चैरिटेबल ब्लड बैंक और कृष्णा ब्लड बैंक के सहयोग से 22 यूनिट रक्तदान हुआ। शाखा अध्यक्ष अमन अग्रवाल व सचिव सुलभ बंसल ने कहा कि जिन लोगों में खून की कमी पाई गई है उनको खून बढ़ाये जाने के विषय में कई सुझाव दिये गये। इस दौरान कोषाध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, कैंप संयोजक राजा अग्रवाल, विशाल बंसल मौजूद रहे।



युवा संसद के दौरान मौजूद छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने का आह्वान

**चोरगलिया :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को संसदीय प्रक्रिया और लोकतांत्रिक परंपराओं से अवगत कराने के उद्देश्य से युवा संसद का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रपति के तौर पर कनक ने प्रधानमंत्री के रूप में हेमा बिष्ट को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। प्रधानमंत्री ने मंत्रीमंडल का परिचय कराया। इसके बाद महासचिव के रूप में छात्रा सोनी ने मंत्रियों को शपथ दिलवाई। लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका खुशबू सिंग्वाल ने निभाई। विपक्ष नेता का अभिनय निशा राजपूत, प्रेमा बिष्ट ने करते हुये शिक्षा, कृषि, चिकित्सा, कानून व्यवस्था को लेकर प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन राजनीति विज्ञान प्रवक्ता दीप्ति जोशी ने किया। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए लोकतंत्र की जडें.मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कंचन जोशी, मंजुलता, भगवती, लोकेश मौजूद रहे।




ट्रॉफी व मेडल के साथ दिव्यांग महिला-पुरुष टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### थ्रो बॉल चैंपियनशिप में दिव्यांग महिला टीम ने जीता कांस्य

**हल्दूचौड़ :** झारखंड में आयोजित तृतीय पैरा थ्रो बॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड की दिव्यांग महिला टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड की ही दिव्यांग पुरुष टीम ने भी चौथा स्थान प्राप्त किया है। टीम मैनेजर भुवन गुणवंत ने बताया कि पैरा थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से ताना भगत इन्डोर स्टेडियम रांची झारखंड में 21 से 23 सितंबर का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भारत वर्ष से 21 टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें झारखंड की टीम प्रथम, राजस्थान द्वितीय और उत्तराखंड की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में उत्तराखंड टीम के कोच मनजीत सिंह, पुरुष टीम के कप्तान जसपाल सिंह, महिला टीम की कप्तान गंगावती सहित राजेंद्र, अनिल राणा, सुरेश, शिव सिंह, पुष्पा, मनीषा आदि खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

### समाजसेवी दिनेश भारद्वाज को पितृ शोक



**हल्दूचौड़ :** वरिष्ठ समाजसेवी व ग्रामोत्थान मंच उत्तर भारत (एकल अभियान) के प्रभारी दिनेश भारद्वाज के पिता पं. भल्ले राम भारद्वाज (74 वर्षीय) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। गुरुवार को चित्रशिला घाट रानीबाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सांसद अजय भट्ट, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, रामबाबू मिश्रा, लाल चंद्र, हरेन्द्र बोरा, कमलेश चंदोला, सीमा पाठक, हेमवती नंदन दुर्गापाल, हरेन्द्र असगोला, दीपा बिष्ट, खीम सिंह बिष्ट, शुभम अंडोला, बीड़ी खोलिया, चंदू पंत, संदीप पांडे आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### सतगुरु माताजी और राजपिता का हुआ सम्मान

**हल्द्वानी :** हरिजन सेवक संघ दिल्ली के 92वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सद्भावना सम्मेलन में शहर के निरंकारी मिशन की सतगुरु माताजी और राजपिता रमित का अंगवस्त्र और सूती दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर शंकर कुमार सान्याल और उप-प्रधान नरेश यादव ने एक चरखे का लघु स्मृति चिन्ह भी सेवक संघ की ओर से सतगुरु माता जी को समर्पित किया। कार्यक्रम में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखिजा ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए हरिजन सेवक संघ के समस्त भारत से सम्मिलित हुए सदस्यों को नवंबर में आयोजित होने वाले 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के लिए आमंत्रित किया।

### छात्रों को प्रवेश दिलाने के लिए किया धरना-प्रदर्शन

**लालकुआं :** लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज हल्दूचौड़ में प्रवेश से वंचित छात्रों को प्रवेश दिलाने के लिए छात्र संगठन आईसा के आह्वान पर छात्र-छात्राओं ने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से छात्र महाविद्यालय में संध्याकालीन कक्षाओं की मांग कर रहे हैं, जिसके लिए चार से पांच बार पूर्व में लिखित ज्ञापन तथा सांकेतिक धरने के माध्यम से कॉलेज प्रशासन के अलावा विश्वविद्यालय व शासन को भी अवगत कराया कराया जा चुका है, लेकिन महाविद्यालय प्रशासन ने आज तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। नाराज छात्र-छात्राओं से कॉलेज प्रशासन ने बातचीत की, उसके बाद छात्रों ने पुन: उन्हें ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने दो दिन का समय देकर मांग पूरी नहीं होने पर कॉलेज गेट में तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। धरना-प्रदर्शन में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी धीरज कुमार, उपाध्यक्ष प्रत्याशी दीपक कुमार, सुमित सिंह कार्की, चेतन जोशी, नीरज, योगेश कुमार, हर्षिता आर्या, मनीष कुमार मौजूद रहे।



राज्य कर अधिकारियों का स्वागत करते टैक्स बार के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### राज्य कर अधिकारियों का किया स्वागत

**रामनगर :** टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य कर कार्यालय छोई में स्थानांतरित हुए सहायक कर आयुक्त अनिल सिन्हा व राज्य कर अधिकारी अजय प्रकाश का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। बार के अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के सामने जीएसटी में आ रही समस्याओं को रखा। जिस पर अधिकारियों ने हरसंभव समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करने की बात कही। इस दौरान अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे, महासचिव गौरव गोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रबल बंसल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, उपसचिव मनु अग्रवाल, प्रेस प्रवक्ता गुलरेज रजा, कार्यकारिणी सदस्य मनोज अग्रवाल, भोपाल रावत, मनोज बिष्ट मौजूद रहे।

# आधार कार्ड सेंटरों में छापे, संचालकों को चेताया

## डीएम के निर्देश पर लालकुआं, कालाढूंगी और रामनगर में प्रशासनिक अधिकारियों ने की कार्रवाई

संवाददाता, लालकुआं



लालकुआं में आधार कार्ड सेंटर की जांच करते एसडीएम व तहसीलदार।



कालाढूंगी में सीएससी सेंटर का निरीक्षण करतीं एसडीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार को डीएम के निर्देश पर लालकुआं और बिंदुखता में स्थित विभिन्न आधार कार्ड सेंटरों में छापेमारी की। उन्होंने सेंटर के कर्मचारियों को आधार कार्ड के सत्यापन एवं निर्माण में एहतियात बरतने के सख्त निर्देश दिये। साथ ही दूसरे प्रदेश के लोगों से पूर्व स्थानीय लोगों को वरीयता देने को कहा।

एसडीएम तुषार सैनी, तहसीलदार जुगल किशोर पांडे और रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा ने दलबल के साथ भारतीय स्टेट बैंक में स्थित आधार कार्ड सेंटर पहुंचकर आधार कार्ड बना रहे एजेंसी के कर्मचारी से पूछताछ की। साथ ही अभिलेख एवं कंप्यूटर की भी जांच की। इसके बाद वह वार्ड नंबर 6 में स्थित आधार कार्ड सेंटर में पहुंचे, जहां सेंटर चला रहे विशेष कुमार को उन्होंने आधार कार्ड बनाने एवं दूसरे प्रदेशों से आ रहे लोगों के आधार कार्ड का सत्यापन करने के मामले में विशेष एहतियात बरतने के सख्त निर्देश दिए। बिंदुखत्ता काररोड स्थित ग्रामीण बैंक में पहुंचकर वहां आधार कार्ड बना रहे एजेंसी के कर्मचारियों को आधार कार्ड बनाने एवं सत्यापन को लेकर सख्त निर्देश दिए। कहा कि जो व्यक्ति आधार कार्ड बनाने एवं सत्यापन करने के लिए आ रहा है उसके मूल प्रपत्रों की जांच गहनता से करें। उन्होंने सभी संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि सत्यापन कार्य में कोई कमी पकड़ी गई तो वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जीआईसी रामनगर में बंद मिला आधार केंद्र



रामनगर में आधार केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम व तहसीलदार।

**रामनगर, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने रामनगर परगना के अंतर्गत आधार सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तहसील आधार केंद्र में कोई अनियमितता नहीं मिली, लेकिन जीआईसी रामनगर में आधार केंद्र बंद मिला। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि संबंधित ऑपरेटर को प्रत्येक दिवस आधार केंद्र चलाये जाने के लिए कहा गया है। वहीं आस्थाना मॉल आधार केंद्र में भी कोई अनियमितता नहीं मिली। एसबीआई आधार केंद्र में रेट लिस्ट चस्पा नहीं थी। यहां ऑपरेटर के साथ एक और सहायक मिला। जिस पर संबंधित ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। साथ ही रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण में तहसीलदार कुलदीप पांडे भी शामिल रहे।

### सीएससी सेंटरों में रेट लिस्ट चस्पा करें

**कालाढूंगी :** एसडीएम रेखा कोहली ने नगर के आधार व सीएससी सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पोस्ट ऑफिस स्थित आधार केंद्र बंद मिला। इसके बाद एसडीएम ने सलमान कंप्यूटर एवं सीएससी सेंटर, उमा कम्युनिकेशन, उमेश कंप्यूटर एवं सीएससी सेंटर का निरीक्षण किया। तीनों सेंटरों में आधार कार्ड एवं प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज अथवा रेट लिस्ट चस्पा नहीं की गई थी, जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिये। पूछताछ के दौरान उक्त कार्यों की अधिक धनराशि लिए जाने का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया।

# मोहान दवा फैक्ट्री का किया निजीकरण तो होगा आंदोलन

संवाददाता, रामनगर



पत्रकार वार्ता करते युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मोहान स्थित आईएमपीसीएल कंपनी का निजीकरण किया गया तो युकां आंदोलन को बाध्य होगा। यह बात युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि मोहान में दवा फैक्ट्री को वर्ष 1978 में तत्कालीन उद्योग मंत्री स्व. पं. नारायण दत्त तिवारी ने पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्र की जनता को रोजगार देने के लिए स्थापित किया था। जिसमें लगभग 500 अस्थायी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य करते हैं। वहीं प्रत्यक्ष रूप से लगभग 20,000 लोग रोजगार में जुड़े हैं। भारत सरकार मोहान दवा फैक्ट्री का निजीकरण करने जा रही है, जिससे रामनगर, नैनीताल, पौड़ी, अल्मोड़ा, ऊधमसिंह नगर में रहने वाले लोगों का रोजगार छीना जा रहा है। इसका युवक कांग्रेस पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार और उत्तराखंड के पांचों सांसदों से जनमानस के रोजगार को ध्यान में रखते हुए मोहान आईएमपीसीएल फैक्ट्री के निजीकरण को तत्काल रोकने और यथावत स्थिति में रहने देने की मांग की। कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो युवक कांग्रेस स्थानीय लोगों के साथ उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। इस दौरान पानी राम, दीपक राणा, चेतन पंत, ललित कडाकोटी, वंश करगेती, भुवन चंद्र, गोपाल राम, मयंक पपने, विजय दानी आदि मौजूद रहे।

# स्टोर क्रशर कर्मचारी से 50 हजार की ठगी

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** साइबर ठग ने परिचित बनकर एसएमएस में एडिटिंग कर एक स्टोन क्रशर कर्मचारी से 50 हजार रुपये की धनराशि ठग ली। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है।

हल्दूचौड़ स्थित पाल स्टोन क्रशर में कार्यरत कोमल शर्मा के मोबाइल पर मंगलवार को एक फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को उनका रिश्तेदार दीपक बताया। उसकी आवाज भी हूबहू दीपक की तरह थी। कथित दीपक ने कहा कि उसने किसी से पैसे लेने हैं पर उसके गूगल-पे नंबर से मेरे एकाउंट में पैसे नहीं जा रहे हैं। मैं पैसे आपके नंबर में ट्रांसफर करवा देता हूं आप मेरे को भेज देना। जिसके कुछ देर बाद कोमल के मोबाइल पर 10 हजार रुपये पहुंचने का एसएमएस आया। जिस पर उसने 10 हजार रुपये दीपक के बताये नम्बर पर भेज दिए। इसी प्रकार उसने दो-तीन और एसएमएस भेजे, जिस पर कोमल ने उसे 50 हजार रुपये भेज दिये। आखिर में ठग ने 50 हजार रुपये का एसएमएस भेजा और पैसे भेजने को कहा। जिस पर कोमल को शक हो गया और उससे कहा कि घर पर आकर नगद ले जाओ।

इसी दौरान कोमल ने अपना एकाउंट चैक किया तो उसके पास कोई पैसा नहीं आया था। जिसे देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



कालाढूंगी स्थित एक दुकान में खाद्य सामग्री की जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने किया छापेमारी का विरोध, लौटी टीम

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को नगर की दुकानों में छापेमारी कर चार प्रतिष्ठानों से ब्रांडेड घी व वनस्पति घी के सैंपल लिये। टीम की छापेमारी की सूचना से व्यापारियों में हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष राजेश कुमार गोयल, जिला उपाध्यक्ष जनक राज उप्पल, जिला सचिव भगवत बिष्ट, संरक्षक फारूख सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष पंकज सती, प्रचार सचिव तरुण पाल अधिकारियों से वार्ता करने पहुंचे और व्यापारियों का उत्पीड़न न करने की बात कही। जिसके बाद टीम आगे निकल गई। इस अभियान में उपायुक्त कुमाऊं मंडल खाद्य सुरक्षा व औषधि अनोज कुमार थपलियाल, अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह, मीनाक्षी बिष्ट, असलम खां, अभय कुमार सिंह, कैलाश चंद्र टम्टा मौजूद रहे।

# राम-रावण युद्ध का शानदार मंचन

संवाददाता, रामनगर



रामलीला में रावण वध का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भवानीगंज में चल रही रामलीला में बीती रात भगवान राम ने रावण का वध कर सीता को उसके चुंगल से मुक्त कराया। इस अद्भुत मंचन को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। पूरे परिसर में जयकारों की गूंज सुनाई दी।

आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन में रामलीला के प्रमुख दृश्यों में अहिरावण वध, रावण वध और सीता की अग्निपरीक्षा का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। राम की भूमिका में किशोर कश्यप ने प्रभावशाली अभिनय किया। सीता की भूमिका में मनोज कुमार ने अपनी सहज अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया। लक्ष्मण की भूमिका में मयंक रौत ने भी अपने भावपूर्ण प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। अहिरावण की भूमिका में ओमप्रकाश रौत और रावण की भूमिका में सुशील जोशी ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। विशेष रूप से रावण के वध का दृश्य दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित हुआ। इसके अलावा चंद्रशेना की भूमिका में इंदर लाल और चंद्रशेना की सखी के रूप में मनोज जोशी ने अपनी छोटी लेकिन प्रभावशाली भूमिकाओं से मंचन में रंग भर दिया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावना को प्रकट किया, बल्कि रामायण की शिक्षाओं को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# अपराधों के खिलाफ महिलाओं ने निकाला जुलूस

संवाददाता, रामनगर




रामनगर के थारी में जुलूस निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महिला एकता मंच ने महिलाओं को वास्तविक बराबरी दिये जाने तथा महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों के खिलाफ ग्राम थारी व हल्दुआ में जुलूस निकालकर सभा की। साथ ही 29 सितम्बर को रामनगर में विशाल महिला सुरक्षा रैली निकालने की घोषणा की।

मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि महिलाओं के प्रति जब तक समाज का नजरिया नहीं बदलेगा और उन्हें सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समानता हासिल नहीं होगी ऐसे अपराधों को रोकना संभव नहीं है। आज युवा पीढ़ी को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाने की जरूरत है। लक्ष्मी ने कहा कि महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा व बलात्कार की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। देश महिलाओं के लिए असुरक्षित बनता जा रहा है। रजनी ने कहा कि समाज में विभिन्न संचार माध्यमों से अश्लील फिल्में व सामग्री परोसी जा रही है जो महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध में उत्प्रेरक का काम करता है। इस पर सख्ती से रोक लगाए जाने व इसे गैर जमानती अपराध घोषित करने की जरूरत है। धन्नोदेवी ने कहा कि थारी व अन्य चौराहों पर मनचले ताश खेलने वाले युवकों का जमावड़ा लगा रहता है, जो आने जाने वाली लड़कियों पर छींटाकसी करते हैं। पुलिस को इन युवकों पर कार्रवाई करनी चाहिए। कौशल्या ने कहा कि लैंगिक समानता को स्कूल कॉलेज में पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर युवा पीढ़ी को औरतों के प्रति संवेदनशील बनाने की जरूरत है। सभा को समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार व सरस्वती जोशी ने भी संबोधित किया। इस दौरान सूरज सिंह, सोमवीर, मदन सिंह, चरन सिंह, अमनदीप, तुलसी समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### स्कूल को गोद लेने की घोषणा पब्लिसिटी स्टंट

**रामनगर, अमृत विचार :** सांसद अनिल बलूनी की ग्राम थारी स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने की घोषणा को समाजवादी लोकमंच ने पब्लिसिटी स्टंट करार दिया है।

मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि सांसद बलूनी के लोकसभा क्षेत्र के ज्यादातर सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब है। कुछ स्कूल तो बिना भवन के टिन शेड में चल रहे हैं। वहां पर बच्चों के बैठने की व्यवस्था भी नहीं है।भवानीगंज कंजर पड़ाव के प्राइमरी स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए एक ही अध्यापक रखा गया है। जहां पर न तो फर्नीचर है और न ही पंखा लगा है। समाजवादी लोकमंच ने मांग की कि उत्तराखंड के सभी सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों पर अध्यापकों की नियुक्ति की जानी चाहिए।



## सार-संक्षेप


अपनी पाठशाला व वृद्धाश्रम में चलाया सफाई अभियान। ● अमृत विचार

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी :** नेहरू युवा केंद्र नैनीताल के सहयोग से अपनी पाठशाला वृद्ध आश्रम गंगापुर गौलापार में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी युवाओं, बच्चों एवं वृद्धों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। हल्द्वानी की एनवाईसी भावना बिष्ट एवं देवभूमि जन सेवा संस्था के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बिष्ट की ओर से कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मंजू बिष्ट, दया बिष्ट, भूमि बिष्ट, हिमानी देवी, जीवा देवी, रोहित सिंह मौजूद रहे।

### भविष्य निधि का आउटरीच कार्यक्रम आज

**हल्द्वानी :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन आज इस माह निधि आपके निकट 2.0 जिला आउटरीच कार्यक्रम सितारगंज स्थित पारले बिस्कुट कंपनी में करेगा। इस दौरान सभी नियोक्ताओं और कर्मचारियों की शिकायत का निवारण और सूचना का आदान-प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यवेक्षक पीपीएस मेंगी मौजूद रहेंगे। क्षेत्रीय आयुक्त ने बताया कि नियोक्ता व कर्मचारी किसी भी जानकारी के लिए हल्द्वानी कार्यालय में संपर्ककरसकते हैं।



एमबीपीजी कालेज में सेनेटरी पैड मशीन का शुभारंभ करते प्राचार्य।

### एमबीपीजी को मिली सेनेटरी पैड और डिस्पैच मशीनें

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्राओं की सुविधा के लिए गुरुवार को पांच सेनेटरी पैड और तीन डिस्पैच मशीनें पहुंची। पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों के अनुरोध पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के सहयोग से कॉलेज को मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने मशीनें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी को दी। इसके लिए महाविद्यालय प्रशासन ने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का आभार प्रकट किया है। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि पूर्व छात्र नेता गौरव सम्मल ने इसके लिए काफी प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले कॉलेज की ओर से एक मशीन शौचालय में लगाई गई थी। अब इन मशीनों के आने से छात्राओं को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि तीन मशीन कॉलेज प्रशासन भी खरीदने जा रहा है। इस दौरान डॉ. नवल लोहनी, डॉ. गोविंद सिंह बोरा, डॉ. एसके श्रीवास्तव सहित कॉलेज के छात्र मौजूद रहे।

## सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने एसटीएच व हल्दूचौड़ पीएचसी का किया औचक निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

# कैथलैब का शीघ्र संचालन सरकार की प्राथमिकता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में कैथ लैब निर्माण को लेकर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बीईएल (भारल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड) के साथ बैठक की और समय पर गुणवत्ता पूर्ण कैललैब बनाने की बात कही।

प्राचार्य ने कहा कि अस्पताल में कैथलैब का शीघ्र संचालन करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कैथ लैब में गुणवत्तापूर्वक सिविल व इलेक्ट्रिकल का कार्य किया जाना है और निर्माण कार्यों के अलावा मशीनों को क्रय करने के लिए एम्स के मानकों का पालन करना होगा।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. हरीश पंत।

कैथ लैब के लिए आवश्यक पद राज्य सरकार ने स्वीकृत किए हैं, कैथलैब बन जाने के तुरंत बाद सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों, समस्त नर्सिंग स्टॉफ और तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति कर दी जाएगी। बैठक में सम्पत्ति व परियोजना के प्रबंधक पारितोष पंत, सहायक अभियंता सिविल पंकज बोहरा, उप प्रबंधक विद्युत रवि पाल, आलोक उप्रेती व बीईएल के अधिकारी थे।

### अस्पताल में पोर्टल से मंगवाएं दवाएं: सीएमओ

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र हल्दूचौड़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर समस्याओं का समाधान भी किया। अस्पताल के फार्मासिस्ट ने सीएमओ को दवाओं की कमी से अवगत कराया। सीएमओ ने दवाईयां पोर्टल के माध्यम से सीएमएसडी से मंगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पता चला कि प्रसव कक्ष में बेबी वार्मर नहीं है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अस्पताल में बेबी वार्मर उपलब्ध करवा दिया जाएगा। मरीजों और तीमारदारों के लिए शौचालयों को हर समय स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल में रोजाना 200 मरीज आते हैं और उनके साथ कई तीमारदार भी आते हैं। इसलिए अस्पताल में हर तरह से स्वच्छता रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला सामग्री एवं आवश्यक मशीनों को तुरंत भेजा जाएगा। साथ ही अब अस्पताल में प्रत्येक बुधवार को एक सोनोलॉजिस्ट भेजे जाने की भी व्यवस्था की गई। इससे गर्भवती महिलाओं को काफी सुविधा होगी। उन्होंने एंबुलेंस को हमेशा सही रखने के अलावा अस्पताल में मरीज और तीमारदारों के लिए बेंचों की व्यवस्था भी कराए जाने की बात कही।

## पहाड़ व मैदानों में बारिश का अलर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** मानसून लौटने के साथ ही बारिश शुरू हो गई है। कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार की रात कई स्थानों में बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र ने अनुमान जताया है कि 30 सितंबर तक राज्य से मानसून लौट जाएगा। इसके साथ ही बुधवार की रात तक डीडीहाट, बागेश्वर आदि स्थानों में मूसलाधार बारिश हुई। शुक्रवार को बागेश्वर जिले में भारी से बहुत भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट है और साथ ही पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। इधर हल्द्वानी में तापमान में उछाल आया और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री है।

# सिल्ट ने बढ़ाई परेशानी, गौला से तीन घंटे नहीं मिला पानी

## मुखानी में पिछले एक माह से बनी हुई है पेयजल की समस्या, दोपहर एक बजे के बाद मिला नदी से पानी तो दो बजे बाद शुरू हुई आपूर्ति

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बारिश से गौला नदी के पानी में सिल्ट बढ़ने और पुराने फिल्टर प्लांटों से पर्याप्त शोधन नहीं हो पाने से शहर की पेयजल व्यवस्था सुधर ही नहीं पा रही है। गुरुवार को भी सुबह दस बजे से साढ़े 12 बजे तक गौला से फिल्टर प्लांट को पानी नहीं मिल पाया। इसके बाद एक बजे सप्लाई सामान्य होने के बाद दो बजे सप्लाई को सुचारू किया जा सका। इससे शहर में गौला आच्छादित परिवारों को शाम के समय में पीने को पानी नहीं मिल सका।

बारिश में पानी के साथ बहकर आ रही सिल्ट शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए समस्या बनी हुई है। हर दिन बैराज के गेटों में भर रही सिल्ट को हटाने के लिए सिंचाई विभाग को पानी बंद कर सफाई करनी पड़ रही है। ऐसे में जल संस्थान को शहर में बांटने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इधर शहर के 75 हजार उपभोक्ताओं को पानी पिलाने की व्यवस्था करने के लिए शीशमहल चारों फिल्टर प्लांटों की अवस्था पूरी होने और बढ़कर आ रही सिल्ट को साफ कर पाने में समस्या आने से भी शहर के अंतिम छोर के इलाकों में पेयजल किल्लत बनीं हुई है।

गुरुवार को भी शहर के लालडांठ, दमुवाढूंगा, चौफुला चौराहा, कठघरिया, मुखानी, ऊंचापुल, हीरानगर, बाजार क्षेत्र और रामपुर रोड में कई स्थानों पर पेयजल समस्या बनीं रही। लोगों को पानी के लिए टैंकरों का सहारा लेना पड़ा। इस दौरान विभाग ने टैंकरों से पानी पहुंचाकर आपूर्ति कराई।



“ गौला से सिल्ट आने के कारण शोधन मात्र 40 फीसदी हो पा रहा है। गुरुवार को बैराज से सुबह 10 से 12.30 बजे तक पानी नहीं मिल पाया इससे अतिम छोर में दिक्कत बनीं हुई है और शाम की पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। - **नीरज तिवारी**, सहायक अभियंता, जल संस्थान।

“ बारिश के बाद नदी के पानी में बहकर आ रही रेत और बोल्डर बैराज के गेट पर जमा हो रहे हैं। ऐसे में गेट की सफाई के लिए पानी बंद कर बैराज के गेट को खोला गया है। - **मनोज तिवारी**, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग।

### बसंत विहार महीने भर से समस्या

मुखानी क्षेत्र में गौला नदी में सिल्ट बढ़ने से समस्या उत्पन्न होने के बाद बीते एक माह से पेयजल संकट बना हुआ है। निवर्तमान पार्षद नीमा भट्ट ने बताया कि जल संस्थान में प्रदर्शन के बाद टैंकर भेज रहे लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कहा कि बसंत बिहार एबीसी, गणेश विहार, फेज वन टू, जगतनाथ विहार, मित्र कॉलोनी, कपिल कॉलोनी में पांच हजार की आबादी पानी के लिए एक माह से जूझ रही है। कहा कि विभाग को समस्या का स्थाई समाधान निकालना चाहिए।

### जीतपुर नेगी में पेयजल समस्या

जीतपुर नेगी में सिंचाई विभाग के नलकूप का गेटवॉल खराब होने से तीन दिन से 40 परिवार पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। जेई जयपाल सिंह ने बताया कि नलकूप के गेटवॉल को गुरुवार को बदल दिया गया है। शुक्रवार को पानी की सप्लाई सुचारू हो जाएगी।

## लाइनों को हटाने के लिए पांच घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शीशमहल क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहीं बिजली की लाइनों को हटाने के दौरान ऊर्जा निगम ने गुरुवार को सुबह 10 बजे से दो बजे तक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इस दौरान दिन में पांच घंटे से ज्यादा समय तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

गर्मी के बाद मानसून में भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही है। वहीं सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही लाइनों को हटाने के लिए लोगों को बिजली की कटौती का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को इसके लिए शीशमहल



फीडर से आपूर्ति बंद रखी गई। जिससे नरीमन चौराहा, बद्रीपुरा, रेलवे कॉलोनी, कॉलटैक्स, ठोकर लाइन, नई बस्ती क्षेत्र मे लोगो को दिक्कतों का सामना करना पडा। ऊर्जा निगम के विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार बिष्ट ने बताया कि आपूर्ति बेहतर करने के लिए लाइनों की शिफ्टिंग किए जाने से सप्लाई बाधित रही। इसकी जानकारी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पहले ही दे दी गई थी।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर फिर गरजे शिक्षक व कार्मिक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के आह्वान पर राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मंच उत्तराखंड ने बुद्ध पार्क से आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान शिक्षकों और कार्मिकों ने पुरानी पेंशन बहाल करो ओर एनपीएस, यूपीएस गो बैक के नार लगाए जिससे पूरा माहौल गूंज उठा। अपराह्न चार बजे रैली निकालने का समय तय किया गया था लेकिन इससे पहले ही शिक्षक और कर्मचारी बुद्ध पार्क में एकत्र होने लगे थे। संगठन की अध्यक्ष मीनाक्षी कीर्ति और जिला मंत्री मदन बर्तवाल के नेतृत्व में बुद्ध पार्क में सभा भी आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों ने एनपीएस और यूपीएस की कमियों के बारे में बताया। रैली के कारण सड़क के



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आक्रोश रैली निकालते शिक्षक और कर्मी।

एक ओर यातायात भी बाधित रहा। इसके बाद रैली उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां संगठन ने तहसीलदार सचिन कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों और कर्मचारियों ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। इस दौरान गोकुल मर्तोलिया, विवेक पांडे, गिरीश जोशी, हरकेश भारती, मनोज पंत, कुबेर मेवाड़ी, नंदन गोस्वामी, रश्मि पांडे, नमिता पाठक, डिकर सिंह पडियार, जानकी अधिकारी, हिमांशु पांडे, पूरन पंत, मनोज तिवारी, मीना पलियाल, बंशीधर कांडपाल, गौरीशंकर कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## महापंचायत के लिए घर-घर जाकर जुटाया समर्थन

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** रिंग रोड के विरोध में रामलीला मैदान के पास किसान 28 सितंबर को महापंचायत करेंगे। महापंचायत से पहले किसान घर-घर जाकर लोगों से समर्थन जुटा रहे हैं और महापंचायत में आने का आग्रह कर रहे हैं।

किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल लक्ष्मण सिंह बोरा के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों से मिला और उन्हें बताया कि रिंग रोड किसानों के हित में नहीं है। रिंग रोड की वजह से किसान अपने घर और खेत से उजड़ जाएंगे। समिति अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने बताया कि बेरीनाग निवासी जानकी देवी और नई दिल्ली निवासी त्रिलोक सिंह उन्हें समर्थन देने पहुंचे है। इन्होंने रिंग रोड की प्रस्तावित जगह में जमीन खरीदी थी और अब सरकार की योजना की जानकारी के बाद से ये लोग परेशान हैं। इस दौरान आनंद सिंह दर्मवाल कैलाश सिंह क्वीरा, दीपा रौतेला, ममता उपाध्याय, दीपा उपाध्याय, पुष्पा देवी, उमा बोरा, कमल बोरा, ललित मोहन जोशी, जीवन चंद कापड़ी, भोपाल चंद कापड़ी, मीमांसा आर्य, विपिन, राहुल, मनीष, हर्षित थे।

# बल्यूटी गांव में जेजेएम कार्यों में गड़बड़ी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की ननिहाल में जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट में मानकों के अनुसार काम नहीं होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की और मामले में जांच की मांग की है।

पूर्व सीएम तिवारी की ननिहाल ग्राम बल्यूटी में है। वह बचपन में रहे भी हैं। बल्यूटी के ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंप कर बताया कि गांव में जलजीवन मिशन के तहत पाइप लाइन

**जांच**

▶▶ **बल्यूटी के ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंप जांच की मांग की**

बिछाने और कनेक्शन देने का काम चल रहा है लेकिन यह काम मानकों के अनुसार नहीं हो रहा है। आरोप लगाया कि पेयजल लाइन बिछाने के लिए सरकारी मानकों के अनुसार खुदाई नहीं हो रही है, पाइप खरीद में भी धांधली हुई है। निविदा प्रक्रिया के समय बॉन्ड भरा गया था, उन शर्तों के अनुसार पाइप की गुणवत्ता नहीं है। ठेकेदार की लापरवाही में विभागीय अफसर भी साथ दे रहे हैं। वहीं काम भी समय से पूरा नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने डीएम वंदना सिंह से गांव का दौरा कर शिकायत की जांच करने और ठेकेदार व जेई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र देने वालों में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया, विनोद तिवारी, हरीश चंद्र बल्यूटिया, राहुल बल्यूटिया, विपिन तिवारी, भास्कर बल्यूटिया, संतोष बल्यूटिया, रेनू बल्यूटिया, दीपा बल्यूटयिा, मुकुल बल्यूटिया, दयानंद तिवारी, रवि तिवारी, एनडी तिवारी आदि शामिल रहे।






दमुवाढूंगा में मशाल जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार

### नशे के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** दमुवाढूंगा के वार्ड 35, 36 और 37 में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ स्थानीय लोगों ने मशाल जुलूस निकाला। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने बताया कि दमुवाढूंगा के इस क्षेत्र में पिछले कुछ सालों से नशे की समस्या बढ़ रही है। यहां पास में ही जंगल है। नशा करने वाले जंगल में भी जाकर नशा करते हैं। चरस, स्मैक और अवैध शराब बेचने वाले क्षेत्र में सक्रिय हैं। पुलिस से बार-बार कहने के बबाद भी यहां कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है। गुरुवार की शाम को स्थानीय लोगों जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं, ने मशाल जुलूस निकाला और नशे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्र में नशेड़ियों और नशे का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा। इस दौरान लक्ष्मीकांत, मनोज टम्टा, गीता देवी, जीवंती देवी, दीपा गोस्वामी, मनोज टम्टा आदि लोग रहे। इधर इसी समस्या को लेकर गुरुवार को दिन में स्थानीय लोगों ने एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को ज्ञापन भी दिया।



खेमचंद्र डोर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राचार्य व अन्य।

## माता को हमारी संस्कृति ने माना जगत का आधार

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार:** शहीद खेमचंद्र डोर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में गुरुवार को महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं में स्वास्थ्य शिक्षा : ग्रामीण समुदायों में प्रभाव विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट के डॉ. मिसिका ने सभी से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। नर्सिंग अधिकारी पूजा जोशी ने छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार विद्यालंकार ने महिला सशक्तिकरण पर अपनी बात रखते हुए कहा कि माता को हमारी संस्कृति ने जगत का आधार माना है। उन्होंने महिला शिक्षा पर कई वैदिक उदाहरण दिए। डॉ. जयति दीक्षित ने छात्राओं में स्त्री शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षित होना ही जीवन का मुख्य आधार है। संचालन डॉ. भुवन मठपाल ने किया। इस मौके पर सीएचसी बेतालघाट के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश पंत, डॉ. ईप्सिता सिंह, डॉ. तरूण आर्य रहे।

# साप्ताहिक हाट बाजार को बंद करने के विरोध में खोला मोर्चा

## विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन कर जताया आक्रोश



बाजपुर के एसडीएम कार्यालय परिसर में साप्ताहिक बाजार बंद करने के विरोध में धरना देते लोग। ● अमृत विचार



हाट बाजार पूर्ण रूप से बंद करने की मांग को लेकर एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारी।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** व्यापार मंडल बाजपुर से जुड़े व्यापारियों ने एक दिन पहले श्रीरामभवन धर्मशाला में बैठक कर सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार को पूर्ण रूप से बंद करवाने के ऐलान के विरोध में उतरे विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े सैंकड़ों लोगों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वर्षों पुराने बाजपुर के सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार को समाप्त करने का प्रयास किया गया तो प्रशासन को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

गुरुवार को सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रेम सिंह यादव, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल बाजपुर के अध्यक्ष सिंह स्वरूप भारती, उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ एसडीएम दफ्तर पहुंचे और परिसर में दरी बिछाकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान अरविंद यादव ने कहा कि सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार को समाप्त करना न्यायसंगत नहीं है। इससे आमजन के हित प्रभावित होंगे। अनिल वाल्मीकि ने सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार को गरीबों का मेला करार देते हुए कहा कि हाट बाजार को बंद करने वालों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। इस मौके पर अमित कुमार, उज्जवल सिंह, अमृत चौधरी, शिवकुमार, सचिन वर्मा, राहुल यादव, राणा गुरप्रताप सिंह, किशन यादव, रामप्रसाद, दीपक कुमार, सादिक, नाजिम, हर्ष, हैदर अली, अब्दुल, आजम, सलीम, रफी, फरजंद अंसारी आदि मौजूद थे।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आक्रोश का सामना करना पड़ा

**बाजपुर:** एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने पहुंचे व्यापार मंडल के कुछ पदाधिकारियों को प्रदर्शनकारियों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने उनकी कोई भी बात सुनने से इन्कार कर दिया। कहा गया कि कुछ चंद बड़े व्यापारियों के फायदे के लिए साप्ताहिक बाजार बंद करने के लिए व्यापार मंडल ने समर्थन दे दिया है। छोटे व्यापारियों व गरीब जनता के हितों के बारे में कुछ नहीं सोचा।

### सोमवार की जगह रविवार को लगेगा साप्ताहिक हाट बाजार

**बाजपुर:** बाजपुर में गर्माए सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार प्रकरण में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि बाजपुर नगर में लगने वाले जाम को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने साप्ताहिक हाट बाजार को रविवार को लगवाने का निर्णय लिया है। ईओ नगर पालिका, पुलिस प्रशासन व हाट बाजार ठेकेदार को व्यवस्था बनाने एवं हाट बाजार दुकानदारों को सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया है। साप्ताहिक हाट बाजार समाप्त नहीं होगा। केवल दिन परिवर्तन के साथ सोमवार के स्थान पर रविवार को लगेगा।

### साप्ताहिक हाट बाजार को पूर्ण रूप से बंद करने की मांग

**बाजपुर:** सोमवार साप्ताहिक हाट बाजार को पूर्ण रूप से बंद करने की मांग को लेकर कुछ व्यापारी गुरुवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि बाजपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 22 हाट बाजार लग रहे हैं। बाजपुर नगर में साप्ताहिक हाट बाजार की कोई आवश्यकता नहीं है। हाट बाजार में आने वाले व्यापारियों द्वारा किसी भी प्रकार की जीएसटी या अन्य कोई टैक्स अदा नहीं किया जा रहा है, जबकि नगर के समस्त व्यापारी जीएसटी सहित अन्य कई टैक्सों को भरते हैं। हाट बाजार लगने से बाजपुर नगर के व्यापारियों के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस मौके पर व्यापार मंडल वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रमोद राजहंस, जिला संगठन मंत्री संजय रुहेला, बाजपुर महामंत्री ललित कोछड़ 'वायटी', कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह 'साबू', संगठन मंत्री ऋषभ सिंघल, रोबिन उप्पल, सतीश गोयल, जोगेश आनंद, बंटी ठक्कर, नत्था सिंह धवन आदि मौजूद रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर आठ लाख की धोखाधड़ी

**मामला**

- न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज
- पुत्री को विजिटर वीजा के आधार पर न्यूजीलैंड भेज दिया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** विदेश में वर्क वीजा के नाम पर दो लोगों ने एक महिला की पुत्री को विजिटर वीजा के आधार पर न्यूजीलैंड भेज दिया। वहां जाकर पता चला कि उसके आवेदन प्रपत्रों में छेड़छाड़ कर उक्त लोगों ने उसके साथ 8 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर उसकी पुत्री को विदेश में फंसा दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

कौशांबी एवेन्यू कॉलोनी, मानपुर रोड निवासी जसपाल कौर ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसने अपनी पुत्री मनप्रीत को न्यूजीलैंड भिजवाने के लिए यूनीवर्सल ओवरसीज ट्रैवल काशीपुर के प्रबंधक सिमरनजीत सिंह निवासी पंजाबी कॉलोनी जसपुर से बातचीत की थी तब सिमरनजीत सिंह ने उसकी मुलाकात अपने अशुंल ट्रैवल्स काशीपुर बाईपास रोड, रुद्रपुर के प्रबंधक पंकज अधिकारी से कराई और बताया कि उक्त लोगों का इमीग्रेशन विभाग में बतौर ट्रैवल एजेंट के रूप में रजिस्ट्रेशन है और वह लोगों को विदेश भिजवाने का काम करते हैं। उनकी बातों पर विश्वास कर उसने अंशुल ट्रैवल्स को 7 लाख 30 हजार रूपये नकद व सिमरनजीत सिंह को 70 हजार रूपये बैंक खाते से ट्रांसफर किये। बीती 22 जुलाई 2023 को उसकी पुत्री को विजिटर वीजा के आधार पर न्यूजीलैंड भेज दिया। बताया कि न्यूजीलैंड में जब उसकी पुत्री ने वर्क वीजा लेने के लिए इमीग्रेशन विभाग में आवेदन किया तो पता चला कि पुराने आवेदन प्रपत्रों में और अब के प्रपत्रों में अंशुल ट्रैवल के प्रबंधक पंकज अधिकारी ने उसके प्रपत्रों के साथ छेडछाड की और पता चला कि उनका लाइसेंस नंबर भी नहीं है। बताया कि उक्त दोनो ने उसकी पुत्री के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर उससे 8 लाख रुपये हड़प लिये। दोनों लोगों की वजह से उसकी पुत्री विदेश में अकेली फंसी हुई है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सिमरनजीत सिंह व पंकज अधिकारी के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।



राइस मिलर्स व अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम पंकज उपाध्याय।

### राइस मिलर्स 30 सितंबर तक करा लें पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन

**रुद्रपुर:** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने धान खरीद की तैयारियों को लेकर राइस मिलर्स पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर से धान खरीद प्रारंभ की जानी है। इसलिए सभी मिलर्स 30 सितंबर तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कहीं किसी प्रकार की परेशानी आती है तो आरएफसी से संपर्क कर सामाधान कर लिया जाए। आरएफसी बीएस फिरमाल ने बताया कि राइस मिलर्स द्वारा विभिन्न भुगतान, ढुलाई भाड़ा बढ़ाने आदि से संबंधित पूर्व में जिलाधिकारी को दिए गये ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए शासन व आयुक्त खाद्य को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। इस अवसर पर सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार, अध्यक्ष राइस मिलर्स एसोसिएशन नरेश कंसल, सौरभ सिंघल, उमेश अग्रवाल, संजय गोयल समेत संबंधित विभागों के अधिकारी व राइस मिलर्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक-कर्मचारियों ने उठाई पुरानी पेंशन की मांग

**लामबंद**

- सभा के बाद सीईओ कार्यालय तक निकाला आक्रोश मार्च

संवाददाता, रुद्रपुर



गांधी पार्क में प्रदर्शन करते शिक्षक और कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) से वंचित करने और राष्ट्रीय पेंशन योजना और यूनिफाइड पेंशन योजना को लाने से शिक्षकों और कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में शिक्षकों और कर्मचारियों ने गांधी पार्क में धरना दिया और प्रदर्शन किया और बाद में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने जल्द पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को धरना प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक सुधारीकरण के नाम पर एक जनवरी 2004 के बाद केंद्र सरकार और एक अक्टूबर 2005 के बाद उत्तराखंड राज्य में नियुक्त सरकारी कार्मिकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित करते हुए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से आच्छादित किया गया है। अब राष्ट्रीय पेंशन योजना में सुधारीकरण के नाम पर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) को लाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि कर्मचारियों के हित में नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से कार्मिकों को आर्थिक नुकसान के साथ ही सामाजिक आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, जो कि एक चिंताजनक विषय है। इस अवसर पर अंकुर प्रताप वत्सल, हुकुम सिंह नयाल, अमरदीप चौधरी, दिनेश चौहान, तरुण कालरा, हरीश दनाई, डा. कमल भाटिया, संदीप धीर, जीवन नेगी, बृज किशोर, राजीव चौहान, उमेश कालरा, जगदीश चंद्र भगत, देवराज, शम्भू जोशी, मीनाक्षी आर्या, रेनू मलेठा, अंजना भाटिया, सुमन चौहान समेत कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कंगना रनौत के बयान से किसानों में आक्रोश

**बाजपुर:** भाजपा सांसद कंगना रनौत के कृषि कानूनों की वापसी को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेता व बाजपुर भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि यदि देश में किसान विरोधी काले कानूनों की वापसी की बात होगी तो देश के मजदूर किसान भी वापस दिल्ली आने को तैयार बैठे हैं। इस बार संसद परिसर में बैठेंगे और कानून को वापस नहीं आने दिया जाएगा।



जगतार सिंह बाजवा।

# मंडियों की आय बढ़ाने के लिए योजना बनाएं

**सख्ती**

- आय कम होने पर आठ मंडी सचिवों को दी चेतावनी
- भगवानपुर मंडी सचिव को कारण बताओ नोटिस

संवाददाता, रुद्रपुर



समीक्षा बैठक करते मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने मंडी के अधिकारियों व मंडी सचिवों को मंडी की आय बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इसके लिए एक प्लान भी तैयार करें। वहीं आठ मंडी सचिवों को आय कम होने पर चेतावनी दी गयी है। उन्होंने भगवानपुर मंडी सचिव को मंडी में पूर्व में हुई गड़बड़ियों को लेकर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

गुरुवार को मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. डब्बू मंडी ने मंडी परिषद सभागार में अधिकारियों के साथ ही मंडी सचिवों के साथ वार्षिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ ही सभी मंडी सचिवों को बेहतर काम करना होगा। इसके लिए रोस्टर बनाकर मंडियों की चेकिंग की जाए। साथ ही ऐसा ठोस प्लान बनाना होगा जिससे मंडी की आय में सुधार हो। इसके लिए उन्होंने मंडी सचिवों को ईमानदारी के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर से उत्तराखंड में धान की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी मंडी सचिव पहले से ही उपकरणों की व्यवस्था कर लें। ताकि समय पर उपकरणों को क्रय केंद्रों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों को क्रय केंद्रों पर किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अभी से पूरी तैयारी कर लें। लापरवाही किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मंडी परिषद के एमडी आरडी पालीवाल, महाप्रबंधक प्रशासन निर्मला बिष्ट, महाप्रबंधक वित्त जुबक मोहन सक्सेना समेत विभिन्न मंडी समितियों के सचिव, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा छोटा पुत्र कमल सिंह नगरकोटी घर-परिवार के प्रति बहुत गैर-जिम्मेदार, लापरवाह रहता है। आये दिन बगैर किसी को बताये घर से इधर-उधर चला जाता है, जिसकी परिवार को कुछ खबर नहीं होती है। जिससे आहत होकर मैंने अपने छोटे पुत्र कमल सिंह नगरकोटी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलक करते हुए उससे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में कमल सिंह नगरकोटी अपने द्वारा किये गये सभी कृत्यों एवं लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा। जिससे मेरा या मेरे परिवार का कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं होगा। - **बिशन सिंह पुत्र श्री राम सिंह, निवासी ग्राम - नाथू नगर, पो. स्यात, तहसील / थाना कालाढूंगी, जिला नैनीताल।**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड**
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन रामनगर (नैनीताल)
फोन नं. (05947) 255221 E-Mail : eddrgr@yahoo.com

पत्रांक : 4490/वि.वि.ख. (रा.)/ A-1 दिनांक : 26-09-2024

**विद्युत उपभोक्ता कृपया ध्यान दें**

- क्या आपका खराब मीटर नहीं बदला जा रहा है
- क्या नया कनेक्शन मिलने में देरी हो रही है
- क्या गलत बिल बनकर आने से आप परेशान हैं
- क्या जमा करने के बावजूद पैसा बिल में जुड़ रहा है
- क्या खराब ट्रांसफार्मर तय समय में नहीं बदला जा रहा
- क्या समय से विद्युत बिल मिल रहा है या नहीं

या

आप बिजली से संबंधित किसी अन्य समस्या (विद्युत चोरी, अनधिकृत उपभोग एवं विद्युत दुर्घटना को छोड़कर) से परेशान हैं तो, शिकायतें दूर करने के लिए

**विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के "शिविर" में अपनी शिकायत दर्ज कराएं**

स्थानः- पंचायत घर, पाटकोट, रामनगर जिला-नैनीताल।
दिनांक :-28/09/2024 समयः- पूर्वाहन 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक

अपनी शिकायत सफेद कागज में स्पष्ट रूप से लिखें तथा शिकायत से संबंधित सभी दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करते हुए दो प्रतियों में लाएं। कृपया अपने आवेदन में अपना पूर्ण व स्पष्ट पता व दूरभाष नम्बर का उल्लेख अवश्य करें।

| सदस्य | मंच कार्यालय का पता |
| --- | --- |
| श्री टीका राम जोशी | विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच |
| (न्यायिक, सदस्य) | उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड |
| श्री पी.सी. पाण्डेय | कुमाऊं क्षेत्र, हल्द्वानी |
| (तकनीकी, सदस्य) | 132 के.वी. उ०सं० परिसर |
| श्री हिमांशु बहुगुणा | पो.ओ. काठगोदाम (जिला-नैनीताल) |
| (उपभोक्ता, सदस्य) | दूरभाषः 05946-266223 |
| | ईमेलः-cgrf.kumaoun@gmail.com |

**कार्यालय अपर निदेशक, पशुपालन विभाग कुमाऊं मण्डल, हल्द्वानी, नैनीताल**
E-Mail ID : adahnti@yahoo.in

पत्रांक : 1742/लेखा-विज्ञापन/2024-25 दिनांक : 26-09-2024

**"स्वस्थ्य पशु खुशहाल किसान, उत्पादक पशु सम्पन्न किसान"**
**निःशुल्क एफ.एम.डी. टीकाकरण कार्यक्रम**

समस्त पशुपालकों को सहर्ष सूचित करना है कि पशुपालन विभाग द्वारा कुमाऊं मण्डल के समस्त जनपदों में पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत गाय/भैंस/बकरी/भेड़ पशुओं का खुरपका-मुंहपका (एफ.एम.डी.) टीकाकरण कार्यक्रम दिनांक 10 सितम्बर, 2024 से प्रारम्भ हो गया है जो कि दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 तक चलेगा। टीकाकरण पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा पशुपालकों के घर पर किया जायेगा। अतः कुमाऊं मण्डल के समस्त पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में अपने पशुओं का टीकाकरण करवाकर विभाग को अमूल्य सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, कुमाऊं मण्डल हल्द्वानी-नैनीताल

आयुक्त कुमाऊं मण्डल नैनीताल

**आयोजन** सहयोग फाउंडेशन ने आईपीआर की जागरूकता को लेकर किया कार्यशाला का आयोजन

# नवाचारों के पेटेंट हासिल करने के लिए आईपीआर महत्वपूर्ण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वैश्वीकृत तकनीकी दुनिया का हिस्सा बनने के लिए, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) जागरूकता पैदा करने और नवाचार की संस्कृति को लेकर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन दिनेशपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका आयोजन सहयोग फाउंडेशन ने उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) देहरादून की मदद से किया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों की चर्चा के लिए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और तराई के छात्रों को बुलाया गया था।



सहयोग फाउंडेशन की अध्यक्ष अंजू भट्ट को सम्मानित करते प्रिंसिपल नवनीत बेदार।

इस मौके पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समन्वयक निर्मल न्योलिया ने कहा कि आईपीआर नवाचारों और नए विचारों के पेटेंट हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है। जो उनके भविष्य के प्रयासों में फायदेमंद साबित होगा। मुख्य संरक्षक व अजीम प्रेम स्कूल के प्रिंसिपल नवनीत बेदार ने नवाचार को बढ़ावा देने और रचनाकारों के अधिकारों की सुरक्षा में बौद्धिक संपदा के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। एमबीपीजी हल्द्वानी के सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र सिंह ने आईपीआर की अवधारणा के प्रति लोगों को जागरूक किया। पेटेंट अटॉर्नी देहरादून अंजलि कोरंगा रावत ने कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, पेटेंट और व्यापार रहस्यों तक फैले आईपीआर के कानूनी आयामों की मूलभूत समझ प्रदान करने पर जोर दिया। इसके अलावा कार्यशाला को एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन एमआईईटी के सीईओ डॉ. कमल सिंह रावत, डॉ. शिव पांडे, डॉ. एसएस जीना, डॉ. हिमांशु गोयल ने भी संबोधित किया। जिला इंस्पायर अवार्ड मानक समन्वयक प्रेम चंद ने प्रतिभागियों को स्कूल स्तर पर नवाचार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्रों की ओर से पूछे गये सवालों के जवाब भी दिए गये। कार्यक्रम का शुभारंभ सहयोग फाउंडेशन की अध्यक्ष अंजू भट्ट के स्वागत भाषण से हुआ। संचालन विज्ञान सहयोगी एपीएफ आलोक और शिक्षक मृणालिनी त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के 40 छात्र, 20 स्कूली छात्र, एपीएफ के संकाय सदस्यों समेत 10 स्कूल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### काशीपुर में फिर दिखाई दिया तेंदुआ, दहशत

**काशीपुर :** लगभग एक माह से काशीपुर के करीब एक दर्जन इलाकों में तेंदुए दिखाई देने से लोगों में दहशत बनी हुई है। बुधवार की रात भी जसपुर रोड स्थित एक टाइल्स फैक्ट्री के पास तेंदुआ दिखाई दिया। पिछले एक माह से काशीपुर के ऐतिहासिक द्रोणासागर, नोगजा कब्रिस्तान, आईआईएम, ढेला नदी, सूत मिल जसपुर काशीपुर, राजपुर पट्टी, रामजीवनपुर, राजपुरा रानी, अजीतपुर, मुकंदपुर के आसपास तेंदुओं की मूवमेंट देखी गई हैं। बुधवार की रात जसपुर रोड स्थित एक टाइल्स फैक्ट्री में 9 फीट की दीवार फांदकर तेंदुआं फैक्ट्री के अंदर घुस गया। फैक्ट्री स्वामी मोहम्मद जकी ने बताया कि तेंदुआ फैक्ट्री के अंदर करीब डेढ़ घंटाभर चहल कदमी करता रहा। श्रमिक के उठ जाने से तेंदुआ दीवार फांदकर बस्ती की ओर चला गया। बताया जा रहा है कि वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिये चार पिंजरे लगा दिये हैं।

### रास्ते में घेरकर युवक पर किया हमला

**बाजपुर :** बाजार से घर जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर हमला कर दिया जिसे



घायलावस्था में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-एक बांकेनगर निवासी रोहित सक्सेना ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात 10 बजे बाजार से घर जा रहा था। आरोप है कि मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी, राजीवनगर व भोना कॉलोनी के तीन युवकों ने उसे घेरकर रोक लिया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो आरोपी हमलावर हो गए जिसमें वह घायल हुआ है। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। इस घटना के दौरान उसका मोबाइल भी गायब हो गया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### 3.20 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी दबोचा

**नानकमत्ता :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी के कब्जे से स्मैक बरामद कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव ने बताया कि चेकिंग के दौरान कुलदीप सिंह निवासी विचुवा के कब्जे से 3 .20 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

---

### एसबीआई की कॉरपोरेट सैलरी पैकेज की सुविधाओं पर हुई कार्यशाला, डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हुआ आयोजन

# सरकार व बैंक के बीच अनुबंध से कर्मियों को होगा लाभ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सरकार व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सरकार व बैंकों के बीच किए गए कॉरपोरेट सैलरी पैकेज अनुबंध से सभी को लाभ होगा। व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार की सुविधाओं के लिए राज्य कार्मिकों को प्रयत्न नहीं करने होंगे।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के सकारात्मक बिंदुओं को सुस्पष्ट व विस्तृत बताया जाए। ताकि अधिकारी उनको समझ सके



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

व उनका पूर्ण लाभ उठा सके। साथ ही अपने अधीनस्थ के अधिकारी व कर्मचारियों को भी योजना की जानकारियां दे सके। विशिष्ट अतिथि मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉरपोरेट सैलरी पैकेज के अंतर्गत प्रदान की जा रही सुविधाएं बैंकिंग क्षेत्र में उत्साहजनक है।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला में एसबीआई व अन्य बैंकों द्वारा दी जा रही सुविधाओं को भी तुलनात्मक बताया जाए। भारतीय स्टेट बैंक के कुमाऊं मंडल उप महाप्रबंधक कृष्ण कांत बिश्नोई ने कहा कि इस अनुबंध से राज्य सरकार के कार्मिकों को कॉरपोरेट सैलरी पैकेज के तहत प्रदान की जाने वाली पर्सनल एक्सीडेंट बीमा, हवाई एक्सीडेंट बीमा, घरेलू व अंतरराष्ट्रीय लाउंज का उपयोग, मुफ्त हेल्थ चेकअप, रियायती दरों पर लोन आदि सुविधाओं को भी राज्य कार्मिकों व उनके परिजनों तक( एसबीआई रिश्ते) पहुंचने के लिए भारतीय स्टेट बैंक कृत संकल्प है। सहायक महाप्रबंधक श्याम सिंह तोमर, क्षेत्रीय प्रबंधक ऊधमसिंह नगर भारतीय स्टेट बैंक विनोद सेमवाल, नेहा चतुर्वेदी, प्रकाश चंद्र पांडे, नरदेव सिंह, सुमित रावत, संजय यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, सिंचाई आनंद सिंह नेगी, जिला कीड़ा अधिकारी जानकी कार्की समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

---



रुद्रपुर बाजार से खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेती टीम। ● अमृत विचार

### प्रतिष्ठानों से लिए घी और मक्खन के सैंपल

**रुद्रपुर :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रुद्रपुर बाजार में कई खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने संदेह के आधार पर एक डेयरी से घी का एक नमूना संग्रहित किया गया, जबकि दो घी और दो मक्खन के नमूने लिए गये। गुरुवार को जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या और टीम ने खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम एवं विनियमों में दिये मानकों के अनुरूप ही घी, मक्खन व अन्य खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य पदार्थों के बिलों पर एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर अंकित करने के निर्देश दिए। जिला अभिहित अधिकारी डॉ. फुलारा ने आम जनमानस से अपील करते हुए खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि व उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारियों का खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देखने की अपील की। निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नंबर 18001804246 पर शिकायत करने को कहा।

---

# रेलवे में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले को बिहार से दबोचा

### ठगी के आरोपी ने कई लोगों को बनाया था शिकार, वर्ष 2010 से था फरार, भेजा गया जेल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रेलवे विभाग में सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने के आरोपी को एसटीएफ ने बिहार के सिवान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 25 हजार का इनामी घोषित होने के बाद फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के सामने पेश कर दिया है।

एसटीएफ एसएसपी नवनीत भुल्लर व एसटीएफ सीओ आरबी चमोला ने बताया कि वर्ष 2010 को थाना रुद्रपुर कोतवाली में दो व्यक्तियों ने ग्राम मुबारकपुर थाना चैनपुर बिहार सिवान निवासी अक्षेश्वर तिवारी पर रेलवे विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर चार-चार लाख रुपये लिए थे। आश्वासन दिया था कि उसकी जान पहचान रेलवे विभाग के गोरखपुर मंडी के बड़े अधिकारियों से है और पैसा पहुंचाने के बाद जल्द ही नियुक्ति पत्र भी मिल जाएगा। आरोप था कि जब कई माह बीतने के बाद भी नौकरी व रकम नहीं मिली तो पता चला कि आरोपी रुद्रपुर छोड़ कर जा चुका है।

पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया और प्रारंभिक पड़ताल सीबीसीआईडी द्वारा की गई। प्रकरण की तफ्तीश कुमाऊं एसटीएफ को सौंपी गई। प्रकरण में सुरागरसी व तकनीक का इस्तेमाल करते हुए एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह के नेतृत्व में टीम ने बिहार के सिवान इलाके से ठगी के आरोपी अक्षेश्वर तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से कई फर्जी नियुक्ति पत्र सहित दस्तावेज भी बरामद हुए। एसटीएफ ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

**25** हजार का इनामी घोषित होने के बाद फरार चल रहा था पुलिस ने ठगी के आरोपी को न्यायालय के सामने पेश किया




ठगी के आरोपी के साथ एसटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

### भगोड़ा घोषित हो चुका था आरोपी

**रुद्रपुर :** वर्ष 2010 में दो ठगी के मुकदमे पंजीकृत होने के बाद वर्ष 2014-15 के बीच आरोपी की कोर्ट में पेशी हुई थी, लेकिन वहां से भी आरोपी पुलिस को गच्चा देकर फरार हो गया था। जिसके बाद कोर्ट ने अक्षेश्वर तिवारी को भगोड़ा घोषित करते हुए ट्रांजिट रिमांड भी जारी कर दिया था। उसके बाद से ही लगातार आरोपी फरार चल रहा था।

## ठोक देंगे कट्टा सा, आईये ना हमरे...

**दुस्साहस**

- बिहार का फेमस गाना गाकर सिवान में दिखाता था दबंगई
- वर्ष 2010 में ऑटो कंपनी में था सीनियर सुपरवाइजर

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ठोक देंगे कट्टा से, आइए ना हमरे बिहार में। जी हां यह गाना बिहार का फेमस गाना है। जिस वक्त ठग अक्षेश्वर तिवारी को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। उस वक्त इलाके में इसी गाने की चर्चा थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी इसी गाने को गाकर इलाके में दबंगई दिखाता था।

एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह ने बताया कि रेलवे विभाग में सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी को अंजाम देने वाला अक्षेश्वर एक शातिर ठग है। वर्ष 2010 में सिडकुल रुद्रपुर की एक नामी गिरामी ऑटो कंपनी में सीनियर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। वर्ष 2008 के करीब उसने कंपनी में ज्वॉइनिंग की थी और वर्ष 2010 में ठगी को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। फरारी के दौरान वह कई स्थानों पर छिपा और कुछ माह बाद वह सीधे बिहार के सिवान जाकर रहने लगा। एक माह की तफ्तीश व गिरफ्तारी के दौरान जब इलाके में पूछताछ की तो स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर आरोपी अक्षेश्वर तिवारी बिहार का फेमस गाना ठोंक देंगे कट्टा से, आइए ना हमरे बिहार में सुनाकर इलाके में दबंगई करता था। चर्चा यह भी है कि आरोपी धमकी देता था कि उसके इलाके में आकर कोई भी उसे गिरफ्तार नहीं कर सकता है। प्रभारी एसटीएफ ने बताया कि जब टीम ने सिवान में दबिश दी तो वास्तव में इलाका अतिदुर्गम था और गिरफ्तारी के वक्त आरोपी ने अपहरण की अफवाह फैला दी थी, लेकिन टीम ने धैर्यता के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### बार-बार बदल रहा था सिम कार्ड

**रुद्रपुर :** दो फरवरी 2023 को 25 हजार का इनामी बदमाश घोषित होने के बाद आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। कुछ सालों तक वह सिवाल में ही छिपकर बैठा हुआ था। एसटीएफ ने बताया कि जब भी आरोपी का मोबाइल नंबर मिलता, उसके कुछ दिन बाद ही आरोपी अपना मोबाइल नंबर ही बदल लेता था। इसी कारण लंबे समय से फरार चल रहा आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर था। पूछताछ के दौरान पता चला कि फर्जी आईडी पर उसने कई सिम कार्ड का प्रयोग किया।

### गिरफ्तारी व तकनीकी टीम ने किया काम

**रुद्रपुर :** रेलवे विभाग में सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले अक्षेश्वर की धरपकड़ के लिए एसटीएफ की मैनुअल व तकनीकी टीम ने संयुक्त रूप से कार्य किया। गिरफ्तारी की टीम में प्रभारी एमपी सिंह के अलावा दरोगा बृजभूषण गुरुरानी, प्रकाश भगत और तकनीकी का नेतृत्व दरोगा केजी मठपाल, सर्विलांस एक्सपर्ट किशन चंद्र व आरक्षी दीपक भट्ट सामंजस्य बनाकर खोजबीन कर रहे थे।

### ऑटो कंपनी कर्मी ने दर्ज कराया था मुकदमा

**रुद्रपुर :** जिस सिडकुल की नामी गिरामी ऑटो कंपनी में ठगी का आरोपी अक्षेश्वर सीनियर सुपरवाइजर था। उसी कंपनी में धारी नैनीताल निवासी धर्म सिंह भी नौकरी करता था। वहीं से आरोपी ने धर्म सिंह के अलावा, उसके रिश्तेदार व संपर्क के लोगों से वर्ष 2010 में रेलवे विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था और लाखों की ठगी के बाद धर्म सिंह व एक अन्य रिश्तेदार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

---

# हिस्ट्रीशीटर की शिकायत की तो साले ने युवक पर चलाईं गोलियां

संवाददाता, रुद्रपुर

**आरोप**

- मामला भूरारानी गांव का, युवक बाल-बाल बचा
- पुलिस ने बरामद किया खोखा पुलिस को सौंपी तहरीर

**अमृत विचारः** भूरारानी गांव के एक हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मोर्चा खोलना गांव वालों को महंगा पड़ने लगा है। देर रात्रि घटना को अंजाम देते हुए हिस्ट्रीशीटर के साले ने इवनिंग वॉक कर रहे युवक पर फायर झोंक दिया। जिससे युवक बाल-बाल बच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और मौके से एक खोखा बरामद किया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने देशी पिस्टल से फायरिंग की थी।

भूरारानी निवासी 23 वर्षीय गोलू खाना खाने के बाद शाम को घर के बाहर टहल रहा था। तभी उसके मोबाइल पर वहां के रहने वाले एक हिस्ट्रीशीटर के साले का कॉल आया। जब कॉल बंद हुई तो अचानक दो बाइकों पर सवार युवक आए और युवक पर देशी पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। युवक ने भागकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ गांव वालों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था।

गोलू पीड़ित परिवार की मदद कर रहा था। इसी बात को लेकर हिस्ट्रीशीटर ने चौथी बार ग्रामीणों पर गोली चलाने की घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलने पर कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके से कई खाली खोखे बरामद किए। वहीं पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिल चुकी है और पुलिस गोलीकांड की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चेक बाउंस के दोषी को तीन माह की सजा

**काशीपुर, अमृत विचारः** न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव की अदालत में चेक बाउंस के दोषी को तीन माह का कारावास और 2.85 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी प्रशांत कुमार ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव बिश्नोई, भारत भूषण एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में वाद दायर कर कहा कि उसने ग्राम सरवरखेड़ा निवासी हाजी सरवर अली के साथ मकान बनाने का इकरारनामा वर्ष 2015 में किया था। उसने न तो मकान बनाया और न एडवांस में दी गई धनराशि वापस लौटाई। तकादा करने पर सरवर अली ने 222647 रुपये का चेक दिया जो बैंक में भुगतान के लिए लगाने पर अनादरित हो गया।

# वृद्ध महिला की मौत पर लोगों ने काटा हंगामा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उपचार के दौरान एक बुजुर्ग महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेने के बाद मामला शांत करवाया।

17 सितंबर को किच्छा की उत्तराखंड कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय चना देवी की तबीयत खराब होने पर परिजन किच्छा हाईवे स्थित एक निजी अस्पताल ले गए थे। जहां 26 सितंबर को वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन



हंगामा काट रहे लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

में लोगों की भीड़ अस्पताल पहुंच गई। जहां उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। आरोप था कि आईसीयू में भर्ती मरीज की कोई भी प्रगति रिपोर्ट नहीं दी जाती है और डॉक्टर भी भ्रमण पर काफी देर में आते हैं। सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उधर चौकी प्रभारी ने बताया कि परिजनों की नाराजगी दो मुद्दों पर थी और बाद में मामला शांत होने पर मृतक के परिजनों ने लिखित में राजीनामा भी लिखकर दिया था। साथ ही पोस्टमार्टम से भी इंकार कर दिया है।

---

**शिकंजा** — कोतवाली पुलिस ने पकड़े चार शातिर चोर, किराए के मकान में रखी थीं चोरी की बाइकें

# ऑटो लिफ्टर गिरोह दबोचा, चोरी की 14 बाइकें बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके में लगातार हो रही बाइक चोरियों पर विराम लगाते हुए पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गिरोह के चार सक्रिय चोरों को गिरफ्तार कर लिया है और किराए के मकान के कमरे से 14 चोरी की बाइकें भी बरामद की हैं। बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी पेशेवर बाइक चोर गिरोह से जुड़े हैं।

गुरुवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 25 सितंबर को सीओ सदर निहारिका तोमर की मौजूदगी में कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में पुलिस टीम शिमला पिस्तौर स्थित मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। अचानक दो



पकड़े गए बाइक चोरों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

बाइक पर सवार चार युवक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर घूम रहे थे। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस को संदेह होने पर घेराबंदी कर बाइक सवार युवकों को दबोच लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मूल रूप से रहने वाले सुमित लाल निवासी ग्राम बुढासी शीशगढ़ व वर्तमान पता दूधिया नगर खेड़ा, ग्राम पछुवा पैगा देवरनिया बरेली व हाल पता खेड़ा बस्ती निवासी संजीव कुमार, ग्राम दोपहरिया थाना पुलभट्टा निवासी अजय कुमार उर्फ गुज्जर और फाजलपुर महरौला व मूल निवासी बिलासपुर रामपुर निवासी विपिन यादव उर्फ अभि यादव बताया।

पूछताछ में पहले आरोपी पुलिस को गच्चा देने की कोशिश करने लगे, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद आरोपियों ने बताया कि वह शहरी इलाके से बाइक को चुराकर गंगापुर मार्ग स्थित एक किराए के मकान में बाइकों को छिपा देते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कई कंपनियों की चोरी की गई 14 बाइकों को बरामद कर लिया और आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया है।

### चोरों ने फिर उठाईं शहरी इलाके से तीन बाइकें

**रुद्रपुर :** पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने फिर शहरी इलाके से तीन बाइकों को चुरा लिया है। प्रीत विहार फाजलपुर महरौला निवासी ने बताया कि वह अपनी बाइक संख्या यूके-06 ए डब्लू-6325 को लेकर 22 अगस्त की रात्रि दस बजे गांधी पार्क गया था और बाइक को लॉक करके अस्पताल के बाहर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद लौटा तो बाइक गायब थी। इसके अलावा बाइक संख्या डीएल-9 एसबीएम-6555 स्वामी सोनू ने बताया कि वह पांच सितंबर की शाम को सिविल लाइंस स्थित शॉपिंग मॉल आया था। थोड़ी देर बाद लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। वहीं दरियानगर निवासी अमन कश्यप ने बताया कि सात सितंबर की दोपहर को अपनी बाइक संख्या यूके-06 एवी-5039 को शॉपिंग मॉल के बाहर खड़ा कर दिया था। थोड़ी देर बाद लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

# खुद को दुबई पुलिस का इंस्पेक्टर बताकर हड़पे ढाई लाख रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

**धोखाधड़ी**

- पुत्र की कार से एक्सीडेंट होने की बताई कहानी
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचारः** आवास विकास चौकी के रहने वाले एक व्यक्ति से खुद को दुबई पुलिस का इंस्पेक्टर बताकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि कॉलर ने कहानी बताई कि उनके बेटे की कार से एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसे जेल हो गई है। जिसे सुनकर पीड़ित घबरा गया और आनन-फानन में खाते में रकम डाल दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आवास-विकास निवासी केवल कृष्ण बंसल ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का कार्य करता है। बताया कि उसका बेटा पंकज बंसल अपनी कंपनी के कार्य के लिए जुलाई 2024 को दुबई गया था। पांच अगस्त की शाम को इंडिया वापसी थी। आरोप था कि पांच अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे एक व्यक्ति की कॉल आती है जो खुद को दुबई पुलिस का इंस्पेक्टर बता रहा था। बताया कि उसके बेटे की कार से एक व्यक्ति की मौत हो गई और वह हवालात में बंद है। यदि जल्द 2.50 लाख रुपये खाते में डाल दोगे तो वह मामला रफा-दफा कर देगा, जबकि शिकायतकर्ता बार-बार बेटा नोएडा में होने की बात कह रहा था।

बावजूद कॉलर ने ब्लैकमेल करने के बाद बताए खाते में दो बार ढाई लाख रुपये की रकम का भुगतान करवा लिया। पीड़ित का कहना था कि थोड़ी देर बाद जब उसने बेटे को कॉल की तो पता वह नोएडा पहुंच चुका है और कार से कोई भी हादसा नहीं हुआ है। ठगी होने की भनक लगते ही साइबर पुलिस ने बलिया स्थित एक खाते में पड़ी 1.50 लाख रुपये की धनराशि को होल्ड करवा दिया और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहें उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला अधिकारों के संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का बड़ा महत्व है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी हैं, जो देश के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। 2005 के अधिनियम के अनुपालन के बाद भी भारत में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। इन हालात में भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालने वाली सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी चुनौतियों पर चर्चा जरूरी हो जाती है। न्यायालय ने कहा कि भारत में एक महिला को पुत्री, बहन, पत्नी, मां, साथी या एकल महिला के रूप में घरेलू हिंसा एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंतनीय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5), 2019-2021 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का अनुभव किया है 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। यह केवल महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए मामलों की संख्या है।

अक्सर ऐसे बहुत से मामले होते हैं जो पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाते। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार हिंसा की शिकार 87 प्रतिशत विवाहित महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों का प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है? कानूनों का असंगत क्रियान्वयन प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालता है। इसका कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक निकायों में घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण का अभाव हो सकता है। साथ ही अदालत में घरेलू हिंसा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूतों की आवश्यकता होती है। गवाहों या भौतिक साक्ष्यों की कमी से मामले कमज़ोर हो सकते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कभी न खत्म होने वाले चक्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। घरेलू हिंसा अक्सर परिवार के भीतर ही होती है। कानूनी कार्रवाइयों से पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं, जिससे पीड़ित कानूनी उपाय अपनाने में हिचकिते हैं। ऐसे में ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं समुदायों को दृढ़ता से समर्थन करने की आवश्यकता है।

# विकसित भारत का विजन पूरा करने को पर्यटन में अवसर



**गजेन्द्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

> इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है ।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं । अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री निरंतर यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है ।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए । पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए ।

> प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई ।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए । हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है ।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें ।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है । नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है ।

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है–एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है ।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं । साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें । इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें ।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें । आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके । प्रधानमंत्री का विकसित भारत का विज़न पूरा करने के लिए पर्यटन अनेक अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस पर,इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें ।

## प्रसंगवश

# तंत्र की लोक से अनपहचान

> समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है,वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय-जीवन की सामाजिक-राजनैतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक साहित्यिक समस्त गतिविधियों का केंद्र लोकजीवन है। हमारी आधार-भूत समस्याओं का मूल है-तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं। एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 प्रतिशत जनता ईडियट है। और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक-आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मान कर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं। अनेक देशों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं, भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं। संस्कृतिशास्त्र के विभाग नहीं हैं।



**डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोकवार्ता लोकतंत्र का तत्वदर्शन है। साहित्य के व्याख्याता किताबी भाष्य तो करते हैं, लोकजीवन को विस्मृत कर देते हैं। यह खंडित दृष्टि है। समकालीन दृष्टि, ऐतिहासिक दृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टि पर लंबी चौड़ी बहस करते हैं किंतु इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि ये सारी दृष्टियां लोकजीवन के लिए हैं। यदि इन दृष्टियों में समष्टिभाव का लोप है, तो इन दृष्टियों का उधार तो हम पर है नहीं। इनका क्या करना है? समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

# आसान नहीं है 'हाइब्रिड' वाहनों की राह



**ऋषभ मिश्रा**
सहायक प्रोफेसर केआईटी, कानपुर

> हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमें लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है।

पेट्रोल तथा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अपना रुझान करते जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार का प्रयास भी इसी दिशा में है। लेकिन इन सबके बीच ऑटोमोबाइल से जुड़ी बहुत सारी कंपनियां पारंपरिक इंजन से चलने वाले वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच की एक कड़ी लाने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल' कह सकते हैं।

हाल ही में 'एचएसबीसी ग्लोबल' रिसर्च की रिपोर्ट में आगामी 5-10 वर्षों में भारत को आवागमन हेतु सतत समाधान के रूप में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के स्थान पर हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जिसके परिणामस्वरूप भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद अब हाइब्रिड वाहनों की तरफ मुड़ते जा रहे हैं।

वस्तुतः भारत में अभी होंडा, सुजुकी,और टोयोटा जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने हाइब्रिड वाहनों को लांच किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से ही बहुत सी गाड़ियां आ रही थीं। लेकिन उनकी एक सीमा (रेंज) है। और उससे बचने के लिए हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है।

ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट के मुताबिक हाइब्रिड कारों की 'रनिंग कॉस्ट' लंबी अवधि में ईवी से कम होती है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 'चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर' की कमी अभी भी एक बड़ी समस्या है लेकिन वहीं हाइब्रिड कारें ईंधन और बैटरी दोनों से चल सकती हैं। हाइब्रिड वाहनों को पसंद करने का एक और प्रमुख कारण इसकी 'रेंज एंग्जाइटी' का 'नहीं' होना है क्योंकि ईवी में 'रेंज एंग्जाइटी' यानी कि कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने को लेकर चिंता अभी भी बरकरार है। जबकि हाइब्रिड कारें इस चिंता से निजात दिलाती हैं। क्योंकि बैटरी के चार्ज नहीं होने की स्थिति में हम इसे पेट्रोल से चला सकते हैं।

गौरतलब है कि ऑटो कंपनियों के संगठन 'सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटो मोबाइल मनुफक्चरर्स' के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। यही वजह है कि मारुती सुजुकी टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं। हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लांच करने की योजना बना रही है।

हाइब्रिड वाहनों में पेट्रोल या डीजल जैसे 'इंटरनल कम्बशन इंजन' (आईसीई) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है। जो वाहनों की रेंज और ईंधन की दक्षता को बढ़ाने में मददगार है। दुनिया में पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के अतिरिक्त स्ट्रांग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है ।

भारत में हाइब्रिड वाहनों की चुनौतियां भी कम नहीं हैं, जिसमें से कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्न हैं : भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजारः भारत का बाजार अभी 'संक्रमण काल' (ट्रांजीशन फेज) से गुजर रहा है। क्योंकि देश में लंबे समय से पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी वाहनों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार भी अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। इन सबके बीच हाइब्रिड तकनीक अभी शुरुआती नवीनतम स्तर पर है । इस तकनीक के पूरी तरह से विकसित होने के बाद ही इसकी कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमे लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है। बैटरियों की लागत ज्यादा होने के कारण वाहनों की कीमत भी बढ़ जाती है। सरकारी सब्सिडी इसमें कुछ हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है। अतः इसे कम कीमतों के साथ बाजाऱ में उपलब्ध कराना होगा ताकि लोग इससे जुड़ सकें और इसका उपयोग कर सकें।

हमारे देश में जैसे-जैसे हाइब्रिड वाहनों का उपयोग बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में वृद्धि से भी राहत मिलेगी। सरकार भी इसमें 'टैरिफ' देकर इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माताओं को भरसक सहयोग कर रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाइब्रिड वाहनों के उपयोग से प्रदूषण की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# कुछ न सोचता है न बोलता

वर्तमान की दो पीढ़ियां शहर में नक़ली खाकर बड़ी हुई हैं। नक़ली ख़राब खाना जिसमें सब्ज़ी दाल आटा और सबसे ख़राब वे जो पैक किए मसाले ही इन्हें अच्छे लगते हैं और जैविक और कीटनाशक रहित सब्ज़ियों में इन्हें चमक नहीं मिलती तो बेकार समझते हैं। मोम की परत से चमकीला बनाया पुराना शीतगृहों का सेब अच्छा लगता है जबकि बाग़ान से उतरा कम लाल व कम चमकीला इन्हें सस्ता होने पर भी बुरा लगता है। ऋतु मौसम के अनुसार फल व सब्ज़ियों का चुनाव कैसे करें यह सीख स्कूल तो देते नहीं जबकि हर इंसान को दिन में तीन चार बार इन्हीं से बनी चीजों की ज़रूरत पड़ती है और पेट में जाती हैं। स्कूल जीवन के लिए नहीं नौकरी धंधे के लिए तैयार कर रहे हैं जबकि जीवन जीते हुए ही नौकरी धंधा होता है। दवाइयों में अकल्पनीय मिलावट है। अभी हाल ही में एक एंटीबायोटिक गोली की प्रयोगशाला में जांच हुई तो पाया कि शुद्धतः खड़िया मिट्टी थी। इन सब विषयों पर जो जीवन पर प्रतिकूल असर डालकर जीवन को छोटा और बीमार कर रहे हैं, भारत कुछ न सोचता है न बोलता है। लड्डू में मिलावट भी बुरी और ख़तरनाक है लेकिन सिर्फ़ मंदिर की नहीं हर दुकान पर हो रही भी। जो समाज हर दुकान की मिठाई शुद्ध नहीं बनवा सकेगा वो मंदिर की क्या ख़ाक ठीक करेगा? चार महीने बाद हल्ला कम होने पर वही चर्बी वाले तेल में देसी घी का फ्लवेर और पीला रंग तुम्हें फिर से देसी घी लगने लगेगा।



**रमा शंकर सिंह**
दिल्ली

उपभोक्ता आंदोलन किसने ख़त्म किया? फ़ैक्ट्री मालिकों, मज़दूर व उपभोक्ता यूनियनों संस्थाओं के भ्रष्ट नेताओं, ब्लैकमेल करने वाले वकीलों और सो रहे लेकिन लगातार लुट रहे उपभोक्ताओं ने। सरकारों पार्टियों के मजे , खूब चंदा उड़ाओ; सबसे अपार पैसे खाओ। असल में भारत सदियों से अभिशप्त है कि यहां की जनता अपने मुद्दों की मालिक खुद कभी नहीं बनना चाहती, इसे हर बात के लिए अवतार चाहिए। आख्यानों कथाओं के लिए तो ठीक है पर असल ज़िंदगी में जो भी अवतार बनने की प्रक्रिया से गुज़रते हैं वे किन महाशक्तियों ने गढ़े हैं यह देखना जानना भी नहीं है।

– फेसबुक वॉल से

# दिशाओं की बातें



**डॉ.राजीव अग्रवाल**
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर।

सुबह जब मैं अपने घर के बगीचे में टहल रहा था तो मैंने सूर्य को उदय होते हुए देखा। मैंने सूर्य के उदय होने की दिशा देखी। मैंने गौर किया कि मेरे घर की दिशा के सापेक्ष जून में सूर्य मुझे अभी की अपेक्षा उत्तर की ओर से उदित होता हुआ दिखाई पड़ता था और जाड़ों में दक्षिण की ओर से। मुझे याद आया कि अभी कुछ दिन पहले-22 सितंबर को-उत्तरी गोलार्ध का ऑटम इक्विनॉक्स होकर चुका है। इसका अर्थ हुआ कि इस समय सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर है। जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मियां पड़ती हैं तब वह 23.5 डिग्री उत्तर-कर्क रेखा-के ऊपर और यहां जाड़े पड़ने पर 23.5 डिग्री दक्षिण में मकर रेखा के ऊपर होता है।

यह देख कर मेरे मन में विचार आया कि पूर्व दिशा क्या है। हम लोग बचपन में पढ़ते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदित होता है, वह पूर्व दिशा होती है। इसकी ओर मुंह करके खड़े होने पर हमारी पीठ पीछे पश्चिम दिशा, बाएं हाथ की ओर उत्तर दिशा और दाएं हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है। लेकिन सूर्य तो किसी एक निश्चित दिशा से उदित नहीं होता है। यह आभासी रूप से 23.5 डिग्री उत्तर अक्षांश से 23.5 डिग्री दक्षिण अक्षांश के बीच घूमता हुआ दिखाई पड़ता है। तब हम पूर्व दिशा किसे मानेंगे ?

यह कहना गलत है कि पृथ्वी के केंद्र से सूर्य के केंद्र की ओर जाने वाली दिशा पूर्व दिशा होती है। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा अपनी यात्रा के पथ में हर बिंदु पर यह दिशा बदलती रहती है। वास्तव में कोई भी 'कार्डिनल' दिशा पृथ्वी की सतह के सापेक्ष देखी जाती है। पृथ्वी की सतह के किसी स्थान से हमें सूर्य जिस ओर दिखाई पड़ता है, आम तौर पर उसे पूर्व दिशा कह दिया जाता है। किन्तु क्या यह एक सही परिभाषा है?

यह कहना भी गलत है कि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी किसी भी ओर से घूमे, हम उसे पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम कह सकते हैं। कहने का सही तरीका यह है कि यदि हम पृथ्वी को उसके उत्तरी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे की ओर देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा में चलती हुई-या घूमती हुई- दिखाई पड़ेगी। या इसे हम ऐसे कह सकते हैं कि हम पृथ्वी को दक्षिणी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों की दिशा में चलती हुई दिखाई पड़ेगी। पृथ्वी की सतह पर दिशाएं उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से भी तय की जा सकती हैं। लेकिन यहां पर चुंबकीय ध्रुवों और भौगोलिक ध्रुवों का अंतर भी सामने आता है। कहीं पर चुंबकीय ध्रुवों को देखा जाता है और कहीं पर भौगोलिक ध्रुवों को। इसके विभिन्न कारण होते हैं।

अंतरिक्ष में वैसे तो कोई दिशा नहीं होती है-या कहना चाहिए कि पृथ्वी की सतह के सापेक्ष वाली कोई दिशा नहीं होती है - लेकिन फिर वहां दिशाएं होती भी हैं। वह दिशाएं अनेक प्रकार से देखी जाती हैं, उदाहरण के लिए गैलेक्टिक एक्सिस से, हमारी गैलेक्सी या गैलेक्सी के बाहर की विभिन्न सेलेस्टियल बॉडीज के कोऑर्डिनेट्स से, पृथ्वी के पोल्स के एक्सटेंशन से, उसकी भूमध्य रेखा के एक्सटेंशन से, 'राइट एसेंशन' और 'राइट डेक्लीनेशन' से और अनेक अन्य प्रकार से। और अंतरिक्ष में 'ऊपर' और 'नीचे' भी नहीं होता है। और पृथ्वी की सतह के हर स्थान पर ऊपर और नीचे की दिशा एक-दूसरे के सापेक्ष भिन्न-भिन्न होती है।

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर। पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुव समय के साथ-साथ अपना स्थान थोड़ा-थोड़ा बदलते भी रहते हैं। बल्कि पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवों ने तो पृथ्वी के इतिहास में अनेक बार एक-दूसरे के साथ भी स्थान बदला है। जहां इस समय उत्तरी ध्रुव है, कभी वहां दक्षिणी ध्रुव था, और जहां दक्षिणी ध्रुव है, वहां उत्तरी ध्रुव। ऐसा उसके अंदर के लोहे के क्रोड की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुव भी अंतरिक्ष के तारों के सापेक्ष एक लट्टू के समान चक्कर लगाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूर्व और पश्चिम दिशा एक निश्चित दिशा नहीं है। हम यह मोटे तौर पर कहते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदय होता है, वह पूर्व दिशा होती है। तो, दिशाओं का संसार बहुत रोचक है। 'दिशाओं' से मुझे 'दिग्गजों' की याद आ रही है। दिग्गज - अर्थात् दिक् + गज - अर्थात् दिशाओं के हाथी। कभी यह माना जाता था कि चार दिशाओं में चार बड़े-बड़े हाथी होते हैं जो पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण किए रहते हैं। कैसी-कैसी धारणाएं थीं! लेकिन क्या अभी भी हम लोग अपनी धारणाओं में बहुत सुसंगत हो पाए हैं? क्या अभी भी हम अनेक अतार्किक धारणाएं नहीं पाले बैठे हैं? क्या अभी भी हमारे समाज की एक वैज्ञानिक मानसिकता बन पाई है?

# प्रसाद में मिलावट आस्था से खिलवाड़

तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में बीफ, फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के एक दावे से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूने लेने की तारीख 9 जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया। यह अनदेखी या जानबूझकर छूट का मामला है। टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया गया और घी को जांच के लिए नहीं भेजा गया। टेंडर के क्लॉज 80 के अनुसार आपूर्ति की गई घी की प्रत्येक खेप के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी है।



**प्रो . विवेकानंद तिवारी**
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

इसके अलवा टेंडर क्लॉज 81 के अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी के नमूनों को लैब परीक्षण के लिए भेजना अनिवार्य है। सवाल उठ रहे हैं कि अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच ब्लैक लिस्टेड कंपनी के पहले के नमूनों में ये मिलावट कैसे नहीं पकड़ी गई? क्या टीटीडी ने एनएबीएल/लैब परीक्षण के लिए नमूने नहीं भेजे? क्या ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने उस बैच का एनएबीएल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया जिसमें मिलावट पाई गई थी? भारत के कई राज्यों में एक लाख से अधिक मंदिरों (तिरुपति सहित) के प्रबंधन पर संबंधित सरकारों का नियंत्रण है। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के बैंक खाते में 18,817 करोड़ रुपये की राशि थी। मंदिर प्रबंधन को करीब 500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है।

श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) का विश्वप्रसिद्ध प्रसाद (लड्डू) तैयार किया जा रहा था, वह न केवल मिलावटी है, बल्कि उसमें 'फीश ऑयल', 'बीफ-टैलो' और 'लार्ड' (सुअर की चर्बी) जैसे तत्व भी पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है। आंध्र के सीएम ने विधायक दल की मीटिंग में दावा किया कि तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर मिलने वाले लड्डुओं में इनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस तरह के कृत्य से इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 87 हजार भक्त दर्शन हेतु आते है। उन्हें प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में प्रतिमाह 42 हजार किलो घी, 22,500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश और 6 हजार किलो इलायची लगता है। यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर इनकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन आधुनिक प्रयोगशाला में क्यों नहीं कराई जाती? हैरानी है कि प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने के खुलासे के बाद भी इस संबंध में कोई बात नहीं हो रही है।

## सार-संक्षेप

### पंतनगर किसान मेले के लिए स्टॉलों के पंजीकरण प्रारंभ

**पंतनगर :** विवि परिसर में चार से सात अक्टूबर तक 116वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि इस मेले में स्टॉल लगाने के लिए व्यावसायिक फर्मों के पंजीकरण प्रारंभ हो गए हैं। देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न उत्पादों की बिक्री के लिए बड़ी संख्या में व्यावसायिक फर्म मेले में अपना स्थान सुरक्षित कराने के लिए पंजीकरण करा रही हैं।

### कुणाल ने चक्का फेंक में जीता कांस्य पदक


कुणाल को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

**खटीमा :** देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में 21 और 22 सितंबर को आयोजित उत्तराखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता में आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के छात्र कुणाल सक्सेना ने चक्का क्षेपण प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य प्रेम सिंह बिष्ट ने कुणाल को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुशील भट्ट, शिवराज चंद, तिलक प्रसाद आदि ने बधाई दी है।

### डायनेस्टी की नीतू व अंशिका ने जीता गोल्ड और सिल्वर



विजेता छात्राएं नीतू चंद व अंशिका ओझा।

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म ने सीबीएसई क्लस्टर एथलीट चीतेरा दादरी में 22 से 24 सितम्बर तक आयोजित ट्रिपल जम्प में नीतू चंद ने गोल्ड और अंशिका ओझा ने डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, विक्टर आईवन, मनीष चंद, भरत बिष्ट, कमल इकराल, परविंदर खाती, मनीषा कुंवर, हरीश भट्ट, बालकृष्ण थापा, दिगंबर भट्ट, दया किशन पंत, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, लिंसी त्यागी, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली आदि ने छात्राओं और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं।


वनगवां में टाइल्स रोड का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी।

### वनगवां में 200 मीटर टाइल्स रोड का शुभारंभ

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के तहत ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने वनगवां में कारगिल शहीद कमलजीत सिंह की समाधि तक 200 मीटर टाइल्स रोड का उद्घाटन शहीद कमलजीत सिंह की माता हरभजन कौर एवं सुखदेव सिंह नामधारी के साथ संयुक्त रूप से किया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने विधायकी के कार्यकाल में कारगिल शहीद कमलजीत सिंह की याद में पालीगंज में वनगवां मार्ग पर शहीद स्मारक की स्थापना की थी। इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री मनोज वाधवा, अमरजीत सिंह कंबोज, सतनाम सिंह, हरभजन सिंह, पूर्व प्रधान गुरदयाल सिंह, विवेक गुप्ता, चरण सिंह, परमजीत कौर, उपेंद्र सिंह, गुरदेव सिंह, हांडा, मनजिंदर सिंह हांडा, अमरजीत कौर, बलविंदर कौर, महेंद्र कौर आदि मौजूद थे। महामंत्री मनोज वाधवा ने मुख्यमंत्री धामी और ब्लॉक प्रमुख नामधारी का आभार प्रकट किया।


खटीमा में एसडीएम से वार्ता करते भाजपा कार्यकर्ता।

### सोमवार से बंटेंगे अहेतुक राहत राशि चेक

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट से मिलकर बाढ़ पीड़ितों को वितरित होने वाली अहेतुक राशि में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं को बताया गया कि सोमवार से एक बार फिर चेक वितरण का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को राहत राशि दी जाएगी। नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, संतोष अग्रवाल, पूर्व सभासद गोकुल ओली, राहुल सक्सेना, रविंद्र राणा आदि मौजूद थे।

### एनएसएस स्वयं सेवकों ने किया पौधरोपण

**पंतनगर :** विवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की ओर से प्रधानमंत्री के 'एक पेड मां के नाम अभियान' के तहत पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयं सेवकों ने विवि चिकित्सालय में गुलमोहर, अमलतास एवं अशोक के लगभग 20 वृक्ष लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डॉ. अल्का गोयल, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पी. प्रभाकरन, डॉ. भट्ट एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. सोनू रानी ने भी पौधरोपण किया।

# 1500 मीटर दौड़ में मधु ने झटका स्वर्ण

## पांचवें राज्य खेलों के तीसरे दिन छात्राओं की पंतनगर में आयोजित हुईं पांच प्रतियोगिताएं

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में विवि परिसर के स्टीवेंसन स्टेडियम में जिला एथलेटिक संघ की ओर से एथलेटिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां छात्राओं की पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बृहस्पतिवार को आयोजित 15 सौ मीटर रेस में भी मधु ने 4.51 मिनट के साथ अव्वल आकर स्वर्ण पदक झटक लिया। वहीं चंपावत की अंकिता ने 5.21 मिनट और देहरादून की सरिता ने 5.30 मिनट के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदकर अपनी दावेदारी पक्की की। इधर 20 किमी पैदल चाल में 02.44 घंटे के साथ चंपावत की सोनी ने जीत हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं यूएस नगर की आमना 2.59.12 घंटे के साथ दूसरे और यूएस नगर की ही कनक चंद 2.59.19 घंटे के साथ तीसरे पाएदान पर आकर क्रमशः रजत व कांस्य पदक की हकदार बनीं।



20 किमी पैदल चाल में स्वर्ण पदक विजेता चंपावत की सोनी।



डिस्कस थ्रो में प्रतिभाग करती चंपावत की खिलाड़ी। ● अमृत विचार

आठ सौ मी. रेस के फाइनल में 02.32 मिनट के साथ चंपावत की अंकिता ने पहले, 02.39.50 मिनट के साथ बागेश्वर की मीना कोरंगा ने दूसरे व यूएस नगर की नीतू ने 02.39.70 मिनट के साथ तीसरे पायदान पर आकर स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक पक्का किया। जैवलिन थ्रो में 29.05 मी. के साथ यूएस नगर की पूजा पहले, 24 मी. के साथ पिथौरागढ़ की दीक्षा दूसरे व 23.05 मी. के साथ यूएस नगर की नीतू ने तीसरे नंबर पर आकर क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। डिस्कस थ्रो में 25 मी. के साथ यूएस नगर की अवंतिका ओझा पहले, यूएस नगर की पलक 23.85 मी. के साथ दूसरे व हरिद्वार की सोनम 22.65 मी. के साथ तीसरे नंबर पर रहीं। त्रिकूद में 10.08 मी. के साथ यूएस नगर की नीतू चंद पहले, 09.48 मी. के साथ चंपावत की भगवती दूसरे एवं 08.13 मी. के साथ यूएस नगर की अंजलि ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया।

निर्णायक मंडल में सरफराज चैधरी, गोविंद सिंह, मो. रफी, रमनदीप सिंह मान, रघुवीर सिंह, हरीश राम, नवनीत राव, फातिमा व ममता बोरा सहित उत्तराखंड पुलिस के एथलीट कोच आदित्य व निशु कुमार मौजूद थे। स्टीवेंसन स्टेडियम में सुबह सात बजे से महिलाओं की डिस्क्स थ्रो का फाइनल, 7.10 बजे से त्रिकूद का फाइनल, नौ बजे से जैवलिन थ्रो का फाइनल मुकाबला एवं 8.30 बजे से दो सौ मीटर रेस का फाइनल मुकाबला होगा।

# विद्युत वितरण खंड में तीन दिनों से बेमियादी धरना जारी

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मी की मृत्यु के 7 दिन बाद भी परिजनों को कोई राहत नहीं मिली है। गांव के दर्जनों लोग पीड़ित परिवार के साथ अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड में तीन दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पीड़ित परिवार के साथ यहां (बीएएएसपी) के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार अपने कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन देते हुए धरने पर बैठे हैं। अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत विभाग ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

विद्युत विभाग के ठेकेदार के डेली वेज कर्मचारी 35 वर्षीय नरेश सिंह राणा के साथ 19 सितंबर को नानकमत्ता क्षेत्र सुनकरी कला में लाइन सही करते वक्त करंट लग गया था जिसे गंभीर अवस्था में सीएससी लाया गया था जिसके बाद कर्मचारी नरेश सिंह राणा की मौत हो गई थी। मृतक परिवार को कोई भी सहायता न मिलने पर मंगलवार को पीड़ित परिवार विद्युत विभाग पहुंचा उनके साथ (बीएएएसपी पार्टी) के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने समर्थन करते हुए धरना प्रदर्शन किया और अपनी चार सूत्रीय मांगों को रखा। पीड़ित परिजनों की पहली मांग है कि मृतक की पत्नी को उचित मुआवजा दिया जाए और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए और अन्य कर्मचारियों का एक उचित बीमा किया जाए कोई भी दुर्घटना होने पर उसको बीमा मिलने में कोई परेशानी ना हो और ठेकेदारों के अंडर में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को सेफ्टी उपकरण दिए जाएं। सत्येंद्र ने कहा जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने पर मुख्य रूप से दयाल सिंह, चंदा सिंह, राकेश सिंह, जितेंद्र सिंह, मोहन सिंह, राजकुमार, सुरेंद्र सिंह, करण सिंह, देवशरण, मुरारी लाल, श्याम सुंदर आदि शामिल रहे।

# बायथल में ऊधमसिंह नगर और नैनीताल का दबदबा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** पांचवीं उत्तराखंड स्टेट ओलंपिक खेल मॉडर्न पेंटाथलन के दूसरे दिन भी कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

बुधवार को लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में दूसरे दिन हुई बायथल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में सक्षम प्रताप (यूएस नगर) प्रथम, नीरज नेगी (यूएस नगर) द्वितीय, अमन कुमार (नैनीताल) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में आर्ना चौहान (देहरादून) प्रथम, कोमल (नैनीताल ) द्वितीय, कुमकुम धपोला (नैनीताल) तृतीय स्थान पर रहे। महिला-पुरुष मिक्स्ड रिले में अमन, कोमल (नैनीताल) प्रथम, नीरज दिपांशी (यूएस नगर) द्वितीय , अंकित नाम्या (देहरादून) तृतीय स्थान पर रहे। टीम मैन में सक्षम, नीरज, आदित्य (यूएस नगर) प्रथम, अमन, अंश बिष्ट, प्रभात धपोला (नैनीताल) aद्वितीय तथा योगेश, कन्हेया, नवीन (हरिद्वार) तृतीय स्थान पर रहे। टीम महिला में कोमल, कुमकुम, नव्या (नैनीताल) प्रथम, दिपांशी, निकिता, कशिश (यूएस नगर) द्वितीय एवं आर्ना, युक्ति, ऐना (देहरादून) तृतीय स्थान पर रहे।



काशीपुर में खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते अतिथि।

# रुद्रपुर में चलाया विशेष सफाई अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम रुद्रपुर की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बाटा चौक से गल्ला मंडी तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान गल्ला मंडी में स्वच्छता मानव चेन भी बनायी गयी और लोगों को स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाई गई। अभियान में करीब 100 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया और सफाई अभियान को सफल बनाने में नगर निगम का सहयोग किया।

गुरुवार को शहर में सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल की अध्यक्षता में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीलम कोहली, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर डॉ. आशुतोष पंत, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर ललित मोहन उप्रेती, इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, साथी ग्रुप के अध्यक्ष अनिल कुमार, जोन एक नगर निगम से अनुबंध डोर टू डोर वाहन, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक, स्वयं सहायता समूह समेत कई लोग शामिल रहे। वहीं नगर निगम के सफाई निरीक्षक, कुलदीप कुमार, पर्यावरण पर्यवेक्षक मुकेश कुमार, गौतम, सुनील कुमार ने संगठित रूप से सफाई व्यवस्था को देखा।


मुख्य बाजार में कूड़ा उठाते एसएनए राजू नबियाल व अन्य कर्मचारी। ● अमृत विचार


जसपुर में सफाई करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान

**जसपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत तहसील परिसर व पास के मोहल्ला पट्टी इमरत निकट वेयरहाउस में झाड़ू लगाकर एवं नाली की सफाई की तथा गीला व सूखा कूड़ा अलग किया। पीएलवी डॉक्टर वीएस गौतम ने कहा कि यह स्वच्छता अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर पीएलवी टीम के पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह, अधिवक्ता संजीव कुमार शर्मा, डॉ. वीर सिंह गौतम, मुनेश कुमारी, लता देवी आदि मौजूद रहे।

# लाइब्रेरी कंसोर्टियम में विचार साझा

▸▸ देश के 21 आईआईएम कर रहे हैं प्रतिभाग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** आईआईएम काशीपुर के तीन दिवसीय 25वें आईआईएम लाइब्रेरी कंसोर्टियम में सहयोग और ज्ञान साझा करने के लिए देश के 21 आईआईएम एकजुट हुए।

इसमें 45 से अधिक डेटाबेस कंपनियां भी प्रतिभाग कर रही हैं। आईआईएम काशीपुर में 25 से 27 सितंबर तक आईआईएम लाइब्रेरी कंसोर्टियम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कंसोर्टियम मीट का शुभारंभ आईआईएम काशीपुर के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर सोमनाथ चक्रवर्ती ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। जबकि स्वागत भाषण पुस्तकालय समिति की अध्यक्षा प्रो. मधुरिमा देव द्वारा दिया गया। उद्घाटन के बाद कंसोर्टियम के सदस्यों और आईआईएम काशीपुर के प्रतिष्ठित संकाय और गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक समूह फोटो सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक "नॉलेज ट्री" पौधारोपण समारोह भी हुआ, जिसमें कंसोर्टियम के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन की गतिविधियों में प्रतिष्ठित प्रकाशकों और भागीदारों जैसे प्रोक्वेस्ट, भारत बुक ब्यूरो, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस और सेज पब्लिकेशन्स द्वारा अंतर्दृष्टिपूर्ण प्रस्तुतियां शामिल रहीं। यहां आईआईएम के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अजय कुमार उपाध्याय, पुस्तकालय समिति की अध्यक्ष और विपणन क्षेत्र में सहायक प्रो. रामेश्वर शिवादास तुरे, ओबीएचआर के अध्यक्ष, प्रो. मृदुल माहेश्वरी, ओबीएचआर क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर, प्रो. एवी रमन आदि मौजूद रहे।



आईआईएम के कार्यक्रम में वक्ता। ● अमृत विचार

# खटीमा में रेलवे स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान

**खटीमा, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के आदेशानुसार बृहस्पतिवार को रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अपर सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित भट्ट के नेतृत्व में संजय पार्क और रेलवे स्टेशन परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया। यात्रियों को बताया गया कि यात्रा के दौरान खाना खाने के बाद कूड़ा डस्टबिन में डालें, इधर-उधर न फेकें। सफाई अभियान में स्टेशन मास्टर, पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी, शहाना बेगम, चंचल सिंह, स्नेहा प्रभा, आरबी सिंह राणा, प्रभु दयाल, मीरा देवी, भगवती देवी, मंजू देवी, माया देवी, पिंकी राणा, गीता शर्मा मौजूद रहे। बताया गया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।



काशीपुर में बैठक के दौरान चर्चा करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### तहसील स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ताओं ने की चर्चा

**काशीपुर :** काशीपुर बार एसोसिएशन के सभागार भवन में आयोजित बैठक में तहसील स्थानांतरण के विषय पर चर्चा की गई। बुधवार को काशीपुर बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील को काशीपुर उपजिलाधिकारी कार्यालय के पास स्थित लगभग 5 एकड़ जमीन में स्थानांतरण करने के आवाज उठाई। अधिवक्ताओं ने कहा कि एक छत के नीचे सारे कार्यालय होने से काशीपुर की जनता को अत्यधिक लाभ होगा। कहा कि इस जगह से अच्छी जगह कोई और हो ही नहीं सकती है। बैठक में उमेश जोशी, कश्मीर सिंह, इंदर सिंह आलोक माथुर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।


छात्रों को खेतों में बागवानी की प्रयोगात्मक जानकारी देते डॉ. पंत। ● अमृत विचार

# आधार कार्ड सेंटर में अवैध वसूली का आरोप

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** बीएसएनएल कार्यालय स्थित आधार कार्ड केंद्र में अवैध वसूली किए जाने तथा पूर्व विधायक के नाम पर लोगों को धमकाने का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है।

केंद्र संचालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तमाम भाजपाइयों ने एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम कार्यालय पहुंचे भाजपाइयों ने कहा कि बीएसएनएल कार्यालय स्थित आधार केंद्र संचालक द्वारा नए आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड में संशोधन करने के नाम पर 200 से 500 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है तथा लोगों द्वारा विरोध करने पर पूर्व विधायक के नाम से उनको धमकाया गया।


किच्छा में एसडीएम से वार्ता करते भाजपाई। ● अमृत विचार

भाजपा नेता चंदन जायसवाल ने बताया कि लोगों की शिकायत पर जब उनके द्वारा आधार कार्ड केंद्र पर पहुंचकर मामले की जांच की गई तो केंद्र संचालक द्वारा उन्हें भी धमकाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि घटना का वीडियो फुटेज भी उनके पास मौजूद है जिसमें अवैध वसूली एवं पूर्व विधायक के नाम पर लोगों को धमकाने का साक्ष्य मौजूद है। उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने भाजपाइयों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और अनियमितताएं पाए जाने पर आधार कार्ड केंद्र को बंद कर जनता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, नितिन फुटेला, धर्मराज जायसवाल, विजय अरोड़ा, राकेश गुप्ता, नितिन चरण वाल्मीकि, सुजाहत यार खान, कुलदीप बग्गा, डॉ संगीता शर्मा, धनीराम, आरती दुबे, डॉ. हारून मलिक, मधु गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**रोष**

▸▸ केंद्र संचालक पर लगाया पूर्व विधायक के नाम पर धमकाने का आरोप

▸▸ भाजपाइयों को एसडीएम ने जांच के बाद दिलाया कार्रवाई का भरोसा

# हज यात्रा के आवेदन की तिथि 30 तक बढ़ाई गई

संवाददाता, जसपुर


खतीब अहमद।

**अमृत विचार :** हज कमेटी द्वारा हज यात्रा के लिए दूसरी बार आवेदन की तिथि को बढ़ाया गया है। आवेदन की तिथि को अब 23 सितंबर से बढ़ा कर 30 सितंबर कर दिया गया है। उत्तराखंड राज्य हज समिति के चेयरमैन खतीब अहमद ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने पहले हज यात्रा के आवेदन की तिथि नौ सितंबर निर्धारित की थी। इस दौरान राज्य से 577 आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। लोगों की मांग पर कमेटी की ओर से आवेदन की तिथि को 23 सितंबर तक बढ़ाया गया। इस दौरान राज्य से 755 आवेदकों ने यात्रा के लिए आवेदन किया। इसके बाद भी लोगों के पासपोर्ट एवं जरूरी अभिलेख न बन पाने से लोगों ने फिर तिथि बढ़ाए जाने की मांग की। इसे देखते हुए कमेटी ने आवेदन की तिथि को अब 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट के साथ ही एप के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकते हैं।

### डॉ. पंत ने छात्रों को दी बागवानी की प्रयोगात्मक जानकारी

**रुद्रपुर :** पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी व पर्यावरणविद डॉ. आशुतोष पंत ने द्रोण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, फार्मेसी एंड एग्रीकल्चर रुद्रपुर में विश्व फार्मेसी दिवस पर छात्रों को खेतों में ले जाकर बागवानी की प्रयोगात्मक जानकारी दी गयी। साथ ही फलों के पौधे लगाए गए और सुंदरपुर गांव में 100 पौधे लगाए गए और ग्रामीणों को भेंट किए गये। इस दौरान उन्होंने सभी छात्रों को सेवा भाव से अपना कार्य करने, साल में कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया। पॉलीथिन से होने वाले नुकसान और घटते भूगर्भ जल के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक केके शर्मा, प्रधानाचार्य राजीव पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा आवास विकास, किच्छा स्थित एक मकान भवन संख्या A-70/1 का रजिस्ट्री बैनामा विजय कुमार पुत्र राम प्रकाश से किया गया था। उक्त् मकान विजय कुमार ने लक्ष्मीबाई पत्नी दयाल चंद से क्रय किया था तथा लक्ष्मी बाई ने उक्त मकान मंजू अग्रवाल पत्नी ओ. पी. अग्रवाल से खरीदा था। आवास विकास परिषद द्वारा उक्त मकान का मूल रजिस्ट्री बैनामा श्रीमती मंजू अग्रवाल पत्नी ओ. पी. अग्रवाल के हक में किया गया था जो कि रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा के अभिलेखों में दिनांक 06-11-2002 को पुस्तक सं. एक के जिल्द सं. 349 के पृष्ठ संख्या 19 से 36 में क्रमांक 1982 पर पंजीकृत है। जिसकी मूल प्रति मुझे प्राप्त थी जो कि 25-09-2024 को किच्छा क्षेत्र में गिरकर गुम हो गई है तथा मेरे द्वारा किसी प्रकार से रजिस्ट्री का दुरुपयोग नहीं किया गया है एवं अन्य द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

– गुलशन कुमार पुत्र स्व. नन्द लाल, आवास विकास, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर।

## सार-संक्षेप

### शारदा में डूबे रिटायर्ड हवलदार का शव बरामद

**खटीमा :** शारदा नहर में पानी पीते समय पैर फिसल जाने से चार दिन पूर्व नहर में डूबे बीएसएफ से सेवानिवृत हवलदार का शव पुलिस ने गुरुवार को चौथे दिन बरामद कर लिया है। पुलिस और जल पुलिस के चार दिन के प्रयास के बाद शव मिल सका है। महत गांव चकरपुर निवासी बीएसएफ के सेवानिवृत हवलदार मनोज सिंह खनका (48) पुत्र होशियार सिंह खनका 23 को खाना खाने के बाद टहलने के दौरान लाल कोठी के पास शारदा नहर में पानी पीने के लिए उतर गए। इसी बीच उनका पैर फिसल गया और वह शारदा नहर में गिर गए। जिसके बाद से ही पुलिस और जल पुलिस लगातार तलाश करती रही। शव को बृहस्पतिवार को घटनास्थल से करीब 800 मीटर दूर बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।



मनोज सिंह खनका।

### 70 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** पुलिस ने 70 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। हालांकि तस्कर मौके से भागने में कामयाब हो गये। परिक्षेत्रीय गौ संरक्षण स्क्वायड किच्छा प्रभारी एसआई प्रवीण सिंह ने आईटीआई थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि बुधवार को वह हेड कांस्टेबल दीवान सिंह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार व राजकुमार के साथ क्षेत्र में गश्त के दौरान पैगा चौकी के ग्राम शिवलालपुर में पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम गुलड़िया में ढेला नदी के किनारे गन्ने के खेत में दो व्यक्ति प्रतिबंधित मांस ले जा रहे हैं। टीम ने जब बाइक सवार व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर वापस ढेला नदी की तरफ भागने लगे। टीम ने जब उनका पीछा किया तो दोनों व्यक्ति अनियंत्रित होकर गोबर के ढेर के पास गिर गये। दोनों बाइक उस पर रखी गठरी छोड़कर भाग गये। गठरी का निरीक्षण किया गया तो उसमें 1 छुरी, 1 सूजा तथा 70 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस ने ग्राम ढालपे मुंजोवाला ठाकुरद्वारा निवासी अजीम और ग्राम गुलरिया निवासी यासीन के खिलाफ उत्तराखंड गौ संरक्षण अधिनियम 2007 की धारा 3, 5, 11(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।



सितारगंज में आयोजित पोषण मेले में जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

### पोषण मेले में 12 महिलाओं की गोदभराई

**सितारगंज :** महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय सितारगंज की ओर से राजनगर 4 गांव में पोषण मेले का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राजनगर की ग्राम प्रधान रानी माली और बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा जनौटी ने किया। इसमें 12 महिलाओं की गोदभराई की गई। साथ ही 5 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस दौरान अजीम प्रेमजी संस्था की तरफ से कुलवंत सिंह, वरिष्ठ सुपरवाइजर लक्ष्मी आर्य, अरविंद नगर ग्राम प्रधान प्रभाती बसु, सुनीति, मिस्त्री सुनीता, अनिता सरस्वती बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### चाकू के साथ युवक को पकड़ा

**बाजपुर :** बेरिया दौलत चौकी की पुलिस एसआई देवेंद्र मेहता की अगुवाई में बुधवार की मध्य रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान गंगापुर व विजय रम्पुरा को जाने वाले चौराहे पर पहुंची तो वहां एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया, जोकि पुलिस को देखकर सकपका गया और वहां से जाने लगा। इस पर आरोपी को कुछ दूर जाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कोपा बसंता डाम के अंदर थाना गदरपुर निवासी पप्पू सिंह बताया। तलाशी में उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ।



किच्छा में आयोजित शिविर में रक्तदान करते युवा। ● अमृत विचार

### शिविर में 107 युवाओं ने किया रक्तदान

**किच्छा :** उम्मीद ब्लड फाउंडेशन के तत्वावधान में हज़रत भूरे अली शाह रहमतुल्लाही अलैही (टांडा शरीफ़) के उर्स मुबारक के मौके पर तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 107 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस मौके पर उम्मीद फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य अकरम खान, सज्जादा नशीन हज़रत आसिफ मियां, हज़रत कामिल उर्फ चांद मियां, मुजफ्फर मियां, अदनान मियां, शरीक मियां के अलावा ब्लड फाउंडेशन टीम के अकरम खान, गुफरान खान, गफ्फार खान, लकी खान, रियाज सैफी, मुजस्सम खान, आतिफ मलिक, आलोक सिंह, सत्यम सिंह, दिव्यांशु विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### फसल की रखवाली कर रहे किसान को सांड़ ने मार डाला

**दियोरियाकलां( पीलीभीत) :** खेत में फसल की रखवाली करने गए किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया। कई बार पटका जिससे उनकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव खामघाट के रहने वाले बाबूराम (65) बुधवार देर शाम खेत पर फसल की रखवाली करने गए थे। खेत के पास कई छुट्टा पशु थे। वह पशुओं को भगाने लगे। इसी दौरान सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। कई बार उठाकर पटका जिससे उनकी मौत हो गई। आसपास के खेतों पर मौजूद ग्रामीणों ने सांड़ को भगाया।पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। ग्रामीणों में छुट्टा पशुओं को लेकर भारी गुस्सा है। उन्होंने पशु पकड़वाने की मांग की।

# नाले का रास्ता बंद करने पर प्रदर्शन

## महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय के गेट के सामने दबंगों के खिलाफ की नारेबाजी

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार:** दबंगों पर नाले का रास्ता बंद करने का आरोप लगा महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय के गेट के सामने प्रदर्शन किया। साथ ही स्थलीय जांच करवाकर समस्या के समाधान की मांग की।

गुरुवार को वार्ड-13 राजीवनगर की काफी संख्या में महिलाएं एसडीएम दफ्तर पहुंचीं और रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि कई वर्षों पहले सरकारी नाला हुआ करता था और इसके रास्ते से मोहल्ले के लोग आवाजाही करते थे, लेकिन वर्तमान में यह रास्ता कुछ दबंग व्यक्तियों ने बंद कर दिया है। इसकी वजह से वार्डवासियों को लंबी दूरी के रास्ते से आना-जाना पड़ रहा है। उन्होंने आम जनमानस की भावनाओं को देखते हुए रास्ता खुलवाने की मांग की है। इस मौके पर ऊमा मौर्य, तारा रावत, गंगा नैनवाल, परविंदर कौर, देवकी देवी, सोनी, कविता, दीपा, दया, आशा, चंद्रा, उमा खनायत, अर्मिता देवी, तुलसी देवी, सर्वप्रीत कौर, आशा नेगी, दिव्या, देवकी, सुनील कुमार, मदन मोहन सिंह, रामप्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में एसडीएम कार्यालय गेट के सामने प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# मतदाता सूची को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** नगर पालिका विस्तार के बाद आगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत नगर पालिका के सभी 20 वार्डों में मतदाता सूची बनाने की कार्रवाई चल रही है। इसके लिए अंतिम तिथि शासन द्वारा 28 सितंबर निर्धारित की गई है।

तहसील सभागार में एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु जोशी तथा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला की मौजूदगी में सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई। नगर पालिका की हस्तलिखित मतदाता सूची 28 सितंबर तक हर हाल में राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाना है। इसके लिए सुपरवाइजरों द्वारा मतदाता सूची तैयार करने को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। वहीं इस मामले में एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मतदाता सूची अंतिम तिथि तक राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पोलिंग बूथ 56 थे लेकिन वर्तमान में 70 हो गए हैं, जिसका निर्धारण भी ठीक तरह से कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पोलिंग बूथ पर एक हजार से अधिक मतदाता नहीं होंगे। ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह भी कहा कि मतदाता सूची तैयार करने में यदि अतिरिक्त कार्मिकों की जरूरत पड़ती है तो अन्य विभागों से संपर्क कार्मिकों की संख्या बढ़ा दी जाएगी ताकि निर्धारित तिथि तक मतदाता सूची तैयार कर ली जाए। इस अवसर पर फारूक हयात सिद्दीकी, पूरन सिंह, संजय सिंह कन्नौजिया, सुरेंद्र वर्मा, ललित मोहन तिवारी, संजीव सिंह, वेद प्रकाश, राम रतन सिंह, जय कुमार आदि मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर पट्टी में पिता ने की मासूम बेटे की हत्या

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार:** सुल्तानपुर पट्टी में एक पिता ने अपने ही मासूम बेटे को लोहे की रॉड से सिर कुचलकर हत्या कर दी। घटना से पुलिस प्रशासन व क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गुरुवार की देर रात्रि साढ़े आठ बजे सुल्तानपुर पट्टी मोहल्ला गांधी नगर निवासी एक पिता ने अपने बेटे को लोहे की रॉड से वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक का नाम विवेक बताया जा रहा है। मृतक विवेक 9 दिन पूर्व काशीपुर आश्रम से अपने पिता के घर आया था। आरोपी प्रेम शंकर के तीन पुत्र हैं। इसमें बड़ा पुत्र विवेक व दो छोटे पुत्र काशीपुर आश्रम में पढ़ाई करते हैं। प्रेम शंकर नशा का आदी है। इसके कारण उसकी बीवी उसे छोड़कर चली गई थी। परिवार में कलह के चलते घटना सामने आई है। इस पूरी घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे बाजपुर कोतवाल नरेश चौहान ने मामले की जांच की। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पड़ोसियों के अनुसार आरोपी प्रेम शंकर ने लोहे की रॉड से बेटे का सिर कुचलने के बाद घर में एक बड़ा गड्ढा करके उसे दबाने की कोशिश की। तभी कुछ पड़ोसियों ने इस घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दे दी।

# नशे के सौदागरों के बुलंद थे हौसले

**मामला**

- सितारगंज में प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा मिलने का मामला
- आरोपी भाइयों ने हथियार लहराते हुए दी थी धमकी

**संवाददाता, सितारगंज**

**अमृत विचार:** सिडकुल स्थित ग्राम उकरौली के ग्राम वासियों ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर नशाखोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि आरोपी बलजीत सिंह, उसके भाई संदीप सिंह निवासी चितलबाग हाल निवासी उकरौली ने क्षेत्र में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के मंगल दल कार्यकर्ताओं को नंगी तलवार और पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

उकरौली में इन दिनों अवैध नशे का कारोबार अपने पैर पसार चुका है। इससे परेशान होकर यहां रह रहे परिवारों की महिलाओं व पुरुषों ने अपने क्षेत्र के युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए आवाज बुलंद कर दी है। इसी के चलते यहां के लोगों ने सामाजिक संगठन महिला मंगल दल व युवा मंगल दल के माध्यम से क्षेत्र में फैले नशे के काले कारोबार की कमर तोड़ने की कवायद शुरू की तो यह अवैध नशे का कारोबार करने वालों को नागवार गुजरा। इसके चलते अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों ने इन सामाजिक कार्य करने वाले दलों के लोगों को हथियारों के दम पर दौड़ाकर जान से मारने की धमकी दी। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि औद्योगिक क्षेत्र होने से यहां लोगों का बड़ी संख्या में आना-जाना लगा रहता है। इसमें सबसे ज्यादा गाड़ियों के ड्राइवर होते हैं। यही वजह है कि यहां अवैध नशे का कारोबार करने वाले फल-फूल रहे हैं। उनको इससे कोई सरोकार नहीं है कि इसकी गिरफ्त में युवा आ रहे हैं या किसी का परिवार टूट रहा है। लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### राजेश मेडिकल को एसोसिएशन से किया गया बाहर

सिसैया में राजेश मेडिकल पर हुई कार्यवाही के बाद सितारगंज मेडिकल एसोसिएशन द्वारा नगर में स्थित एक होटल में आवश्यक बैठक की गई। जिसमे निर्णय लेते हुए राजेश मेडिकल को एसोसिएशन से बाहर कर दिया गया और कड़े शब्दों में इसकी निंदा की गई। आगे कोई भी ऐसा करता पाया गया तो एसोसिएशन द्वारा कठोर कार्यवाही करने की बात कही गयी। बैठक में एसोसिएशन द्वारा एक टीम बनाकर सभी मेडिकलों की जांच कराने की बात भी कही गयी। इस मौके पर संरक्षक संजय जिंदल, संरक्षक जोग सिंह, अध्यक्ष राकेश गोगना, महामंत्री नदीम मालिक, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष बलविंदर सिंह, यश अरोरा आदि रहे।

# हरगोविंद सुयाल विद्या मंदिर में विजेताओं को किया सम्मानित



हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी और शिक्षक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** कुसुमखेड़ा स्थित हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल की ओर से स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

कार्यक्रम संयोजक शर्मिष्ठा बिष्ट ने उपस्थित लोगों के साथ स्वच्छता गीत का समूह गायन कराया। भाषण प्रतियोगिता में चंद्रेश जोशी और प्रतिभा जोशी, नारा लेखन में कमल उप्रेती और योगेश मेहरा, प्रश्नोत्तरी में भूमि जोशी, दिव्यांका उप्रेती, पंकज जोशी, पवेंद्र सिंह, गरिमा मेलकानी और कुश राणा को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किये गए एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी शामिल किया गया है। डॉ. दीपा जोशी ने स्वच्छता ही सेवा और एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह शरीर की तंदुरुस्ती के लिए सफाई जरूरी है उसी तरह प्रकृति की तंदुरुस्ती के लिए पौधरोपण भी जरुरी है। केंद्रीय संचार ब्यूरो के वरिष्ठ कलाकार आनंद बिष्ट ने स्कूल के प्रधानाचार्य खीम सिंह बिष्ट को पौधा भेंट किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक डॉ. प्रकाश बहुगुणा, सीमा बोरा, कविता जोशी और अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।


## वर्ग पहेली-204

**बाएं से दाएं**

4. 1. आसक्ति 2. प्रेम 3. लगाव; सौहार्द।
6. 1. शिला की भांति 2. पत्थर की तरह 3. पत्थर के आकार-प्रकार का।
8. 1. ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भद्दा
2. 1. अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।
3. थिगली।
5. रात, रात्रि।
7. 1. मगध देश का, मगध संबंधी 2. मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।



### वर्ग पहेली -203 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ब | | 2 नृ | | 3 रैं |
| | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठौं | र | | नं | | ला |
| | | 6 अ | द | ब | |
| | 7 उ | ड़ | न | | 8 के |
| 9 ओं | | ती | | | ला |
| ठ | | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 4 | | | 9 | |
| 1 | | | 7 | | | | | 4 |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | 4 | 7 | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | 6 | 2 | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 2 | | 7 | | 9 | 6 | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 116 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 01.20 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 01.20 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियां उत्पन्न होंगी। दांपत्य संबंधों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है। अपने प्रयासों में कमी न होने दें।

**वृष** – आज रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मिथुन** – आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आनावश्यक गतिविधियों में आप समय बर्बाद न करें। प्रेमी जन से बहसबाजी न करें। ठंड से आपको बचना चाहिए। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**कर्क** – आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में नज़दीकियां बढ़ेंगी। घरेलू मामलों को लेकर काफी व्यस्त रहेगे। ज्यादा टीवी और कम्प्यूटर का प्रयोग न करें। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी।

**सिंह** – आज का दिन काफी रोमांचक रहेगा। काम की वजह से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आंखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती हैं। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में नए विकल्प विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाज़ी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**तुला** – आज दिन व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च कर सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक** – आज अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।

**धनु** – आज कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपनी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** – आज समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे काफी आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन उत्तम है।

**कुंभ** – आज दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की संभावना है। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन** – आज मन की चंचलता पर नियंत्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाज़ी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- राज तिलक – सुबह : 11.00
- अनाढ़ी – रात : 07.00

&pictures
- बच्चन पांडेय – सुबह : 10.18
- क्रिश – दोपहर : 01.13

SONY PIX
- स्पाइडर मैन – दोपहर : 12.02
- जॉन रेम्बो – शाम : 05.35

ZEE CINEMA
- रिश्ते – सुबह : 08.26
- हिम्मतवर – दोपहर : 01.58

colors CINEPLEX
- बलवान – सुबह : 11.54
- दिल है तुम्हारा – दोपहर : 02.56

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 01.13 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

खूबसूरत लड़की के मुंह में थर्मामीटर रख देहाती डॉक्टर बोला- कुछ देर तक चुपचाप रहना है।
यह देख लड़की का प्रेमी बोला- यह कितने की चीज़ है और कहां मिलती है।

बेटा (अपनी मां से)- मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी- क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं। बेटा- नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे।

## एक नजर

### बारिश से किड़ई पचार पेयजल लाइन ध्वस्त

**बागेश्वर :** जनपद में गत रात्रि से हुई बरसात से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्थानों में पेयजल लाइन व रास्तों को नुकसान पहुंचा है। जनपद में बुधवार की रात्रि हुई बारिश से तापमान में कमी आई है। गुरुवार की सुबह कई स्थानों में तेज बरसात हुई जिससे रास्ते व पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। बागेश्वर-गिरेछीना मोटर मार्ग में द्वारिकाधीश मंदिर के समीप सड़क धंस रही है। वहीं बरसात से किड़ई पचार की पेयजल योजना क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे क्षेत्र में पेयजल संकट बना हुआ है। आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जनपद में 14 ग्रामीण सड़कें पर यातायात बाधित हो गया है जिन्हें खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है।

### स्मैक संग दो युवक दबोचे

**बनबसा :** पुलिस ने 9.30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो युवकों को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पुलिस क्षेत्राधिकारी टनकपुर के पर्यवेक्षण में नशामुक्त देवभूमि मिशन के अंतर्गत जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दिलशाद मंसूरी पुत्र निसार अहमद, उम्र 22 वर्ष, निवासी मुख्य बाजार भाटिया वाली गली बनबसा के कब्जे से 4.70 ग्राम और पदम सिंह पुत्र वीरपाल सिंह, निवासी वार्ड नंबर 3 पूर्णागिरि इंटर कॉलेज के निकट बनबसा के कब्जे से 4.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई।

### युवक की बचाई जान

**बनबसा :** जल पुलिस के जवान ने शारदा नहर में छलांग लगाने वाले मानसिक रूप से अस्वस्थ नेपाली युवक की बचाई जान। गुरुवार को सुबह 6:30 बजे एक युवक बदहवास भागता हुआ आया और चौकी शारदा बैराज के पास स्थित शारदा नहर में छलांग लगा दी। इस दौरान चौकी शारदा बैराज में तैनात जल पुलिस हेड कांस्टेबल दिनेश प्रसाद द्वारा तत्परता दिखाते हुए उस युवक को बचाने के लिए तत्काल शारदा नहर में छलांग लगाकर युवक की जान बचाई। इसी दौरान युवक के परिजन भी मौके पर आ गए जिन्होंने उक्त युवक का नाम पता जय सिंह पुत्र प्रेम दयाल, निवासी बैतड़ी, नेपाल, उम्र 23 वर्ष बताया।

# पेंशन बहाली को लेकर निकाली आक्रोश रैली

## कार्मिकों की मेहनत की कमाई शेयर बाजार के हवाले करने का आरोप लगाया

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में ओपीएस बहाली की मांग को लेकर आक्रोश रैली निकालते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में पुरानी पेंशन को लेकर सड़कों पर कर्मचारियों का सैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों की तादात में कर्मचारियों ने नंदा देवी प्रांगण से चौघानपाटा तक आक्रोश रैली निकाली। सभी ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आह्वान कर प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा।

गुरुवार को जिलेभर के विभिन्न विकासखंडों से सैकड़ों कर्मचारी एनएमओपीएस के बैनर तले नंदादेवी मंदिर परिसर में एकजुट हुए। यहां सभा में वक्ताओं ने कहा कि पेंशन कार्मिकों के भविष्य की गारंटी और उनके बुढ़ापे की लाठी है। सरकार ने कार्मिकों की मेहनत की कमाई को शेयर बाजार के हवाले कर दिया है। कहा की सरकार कहती है, कि पेंशन लागू होने से देश की अर्थव्यवस्था खतरे में आ जाएगी। पूंजीपतियों के हजारों करोड़ों के ऋण माफ हो रहे हैं। वहीं, विधायक और सांसद के वेतन में वृद्धि के साथ ही पेंशन लागू है। कहा की नई पेंशन स्कीम अगर इतनी ही अच्छी व्यवस्था है तो सबसे पहले इसे विधानसभा और संसद के सदस्यों पर लागू किया जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने एनपीएस के स्थान पर यूपीएस नाम का नया शिगूफा छोड़ दिया है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी, जिलामंत्री भूपाल सिंह चिलवाल, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के मंडलीय अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा, मनोज जोशी, धीरेंद्र कुमार पाठक, संजय भाटिया, भारतेंदु जोशी, किशोर जोशी, जगदीश भंडारी, हिमांशु तिवारी, ममता वर्मा कनवाल, पुष्पा साह, शोभा वर्मा, सुरेश डंगवाल, राजू मेहरा, मनोज पाठक, हरिश्चंद्र बिष्ट, महिपाल सिंह राजपूत, हीरा सिंह मेहरा, डीके जोशी, रविशंकर गुस्सा, भूपाल सिंह चिलवाल, दीपक तिवारी, नितेश कांडपाल, खुशहाल महर, अजरा परवीन, तस्लीम अंसारी, तारा बिष्ट, शीतल सत्यपाल, दीपिका मेलकानी, विजय गैड़ा, शांति जुयाल, मान सिंह रावत, गिरिजा भूषण जोशी, देवेंद्र चिलवाल, डॉ. कैलाश डोलिया, सुशील जोशी सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, कलेक्ट्रेट आदि विभागों के सैकड़ों कार्मिक शामिल रहे।

### मांगे पूरी नहीं होने से चिकित्सकों में रोष

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** नौ सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने से चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। नाराज चिकित्सकों ने गुरुवार को भी बांह पर काला फीता बांध मरीजों का उपचार किया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार में चले जाने की चेतावनी दी। चिकित्सकों ने कहा कि लंबे समय से पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों को मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की तरह 50 फीसदी प्रोत्साहन राशि देने, चिकित्सकों व नर्सों को बिना शर्त मासिक वाहन भत्ता देने, सुगम किए गए क्षेत्रों को फिर से दुर्गम करने, दंत चिकित्सकों को रिक्त पदों के सापेक्ष समायोजन करने, पीजी करने जा रहे चिकित्सकों को पूरा वेतन देने आदि पर सकारात्मक कार्रवाई की मांग उठा रहे हैं। बीते दिनों से चिकित्सक बांह में काला फीता बांध कार्य कर रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी चिकित्सकों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। जिस वजह से चिकित्सकों में आक्रोश हैं। चिकित्सकों ने एक स्वर में समस्याओं के निराकरण का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। इस दौरान डॉ. मनीष पंत, डॉ. जीवन मपवाल, डॉ. हरीश आर्या, डॉ. धीरज राज, डॉ. अमित सुकोटी आदि रहे।

# रानीखेत विकास संघर्ष समिति का आंदोलन जारी


गांधी चौक पर धरना देते संघर्ष समिति के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** पर्यटन नगरी की विभिन्न समस्याओं को लेकर रानीखेत विकास संघर्ष समिति का संघर्ष निरंतर जारी है। गांधी पार्क में हुई बैठक में समस्याओं को लेकर रानीखेत संघर्ष समिति के बैनर तले नागिरकों की बैठक हुई। कैंट की सिविल एरिया को नगर पालिका बनाने, अदद खेल मैदान, वाहन पार्किंग निर्माण सहित तमाम मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

गुरुवार को गांधी पार्क में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रानीखेत नगर विकास की दौड़ में लगातार पिछड़ रहा है। कैंट के जटिल कानून नगर के विकास में आड़े आ रहे हैं। इसीलिए सिविल एरिया को चिलियानौला पालिका में शामिल करने की मांग उठाई जा रही है। खेल मैदान का अभाव तमाम बड़ी प्रतियोगिताओं और उत्सवों को लील चुका है। वाहन पार्किंग के अभाव में बाजार में आए दिन जाम लग जाता है। जिस कारण लोग परेशान होते हैं। इस संबंध में शीघ्र उच्चाधिकारियों से मुलाकात होगी।

बैठक में किरण साह, मुकेश साह, डॉ. बीडी पांडेय, हरीश साह, गिरीश भगत, चंद्रशेखर गुरुरानी, अशोक पांडे, किरन साह, दीपक गर्ग, हरीश मैनाली, लक्ष्मी दत्त पांडे, हरीश अग्रवाल, खजान जोशी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने कहा, एनएच को जल्द खोलें

संवाददाता, टनकपुर


चम्पावत में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला के पास तीसरे दिन भी मार्ग नहीं खुल पाया। जिससे यात्रियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। दूसरे वैकल्पिक मार्ग से जाने में जहां अधिक समय लग रहा है वहीं प्राइवेट वाहन चालक यात्रियों से मनचाहा किराया ले रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग स्वाला 106 को किसी भी परिस्थिति में खोलने के लिए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक कर कहा कि किसी भी हाल में यात्रियों के आवागमन को एनएच को सुचारू करना ही होगा।

डीएम ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को बताया कि स्वाला 106 के बंद होने से स्थानीय व्यापारियों, आमजन के साथ ही यात्रियों द्वारा बाधित मार्ग को खोलने के लिए मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सड़क के दोनों और कई ट्रक आदि वाहन खड़े हैं, जिसमें कई प्रकार की सामग्रियां है। इसके लिए हमें सुरक्षात्मक तरीके से युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। यातायात के लिए सुचारू होने में कठिनाई हो रही है इसलिए सभी को बेहतर योजना के साथ कार्य करना होगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वाला को यातायात के लिए सुचारू करने के लिए प्रतिदिन कुछ समय यातायात को सुचारू करते हुए कार्य करना ही होगा, जिससे व्यापारियों, आमजन के साथ ही यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बैठक में कार्यदायी संस्था के दयानंद, जगत राम, रितेश गुप्ता वर्चुअली जुड़े रहे और बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम सौरव असवाल आदि मौजूद रहे।

### बैटरी चोर दबोचा

**बनबसा, अमृत विचार :** पुलिस ने घर के बाहर लगी सोलर लाइट की बैटरी चोरी करने वाले चोर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार मीना भंडारी पत्नी स्वर्गीय नारायण भंडारी, निवासी ग्राम चंदनी बनबसा ने थाने मे तहरीर देकर उनके घर के बाहर लगी सोलर लाइट की बैटरी चोरी होनी की बात कही। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित कर घटना का अनावरण किये जाने निर्देश जारी दिए। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण की अगुवाई में गठित टीम द्वारा आरोपी सुरेश राम पुत्र उमेद राम, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम चंदनी बनबसा को मय चोरी के सामान के साथ बुधवार देर शाम गिरफ्तार किया गया।

# जल्द मिलेगा हेली सेवा का लाभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी में भी अब जल्द लोगों को हेली सेवा का लाभ मिलेगा। इसके लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। गुरुवार को डीएम आलोक कुमार पांडे ने टाटिक हेली पैड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी तीन अक्टूबर को हेली यात्रा के शुभारंभ को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि आगामी तीन अक्तूबर को टाटिक हेलीपैड का शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इस दिन हेली यात्रा का भी शुभारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा के लिए हेली सेवा संचालित होने से जहां एक ओर पर्यटन उद्योग को बल मिलने के साथ जनपद की आर्थिकी को बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं, दूसरी ओर यात्रियों का अल्प समय में देहरादून पहुंचना भी आसान होगा।


अल्मोड़ा के टाटिक हेलीपैड का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी जरूरी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना सुनिश्चित करने, लैंडिंग ग्राउंड में जो भी कमियां हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ दूर करने, हेलीपैड के एप्रोच मार्ग को भी ठीक करने के साथ सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण में एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा, ईई पीडब्ल्यूडी विभोर गुप्ता, तहसीलदार ज्योति धपवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


लोहाघाट में प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### हाईवे न खुलने से नाराज व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**टनकपुर/लोहाघाट, अमृत विचार :** लंबे समय से टनकपुर .चम्पावत. लोहाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से लोहाघाट के नाराज नगर के व्यापारियों ने एनएच और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि हाईवे बंद होने से जहां आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं व्यापारियों का व्यवसाय भी चौपट हो गया है। इधर शुक्रवार को भी हाईवे स्वाला के पास मार्ग बंद रहेगा इस दौरान छोटे और बड़े वाहनों की आवाजाही भी बंद रहेगी। लोहाघाट में गुरुवार को व्यापारी शैलेन्द्र राय के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने कहा कि एनएच बंद हुए 13 दिन हो गए हैं लेकिन एनएच नहीं खोल पाया है। उनका कहना था कि इससे आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदारों का माल टनकपुर में डंप है। सामान हल्द्वानी से मंगाने पर ट्रांसपोर्ट का खर्चा ज्यादा आ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष जुकरिया ने बताया कि शीघ्र एनएच नहीं खोला गया तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। एनएच और प्रशासन की लापरवाही से व्यापारियों को लाखों का नुकसान हो चुका है। प्रदर्शन करने वालों में आशु वर्मा, कमल महराना, केसर सिद्दिकी, अमित शर्मा, असद, मनोज भट्ट, जगदीश गोरखा, सोनू, सतीश गड़कोटी, मनीष रस्तोगी, नवीन जोशी आदि रहे।

### स्वच्छ भारत के तहत चलाया अभियान

**रानीखेत, अमृत विचार:** स्वच्छ भारत दिवस के अंतर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत में स्वच्छता की भागीदारी थीम पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व नदी दिवस के अवसर पर किया गया। जिसमें स्थानीय रानीझील की सफाई, पोस्टर मेकिंग और स्केचिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियां शामिल रहीं।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और एएनओ जेड, एसडी भूपेन्द्र परिहार और देव सिंह बिष्ट ने सक्रिय भागीदारी निभाकर सफाई की। कैडेट्स ने झील के किनारों की सफाई के साथ जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर पोस्टर बनाकर जागरूकता भी फैलाई। प्रधानाचार्य कमलेश जोशी ने इस तरह के कार्यक्रमों को पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया जो आने वाले समय में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होंगे।

# गेवापानी और मनाऊं में पिंजरा लगाकर बंदर पकड़े

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत में कटखने बंदर छोड़ने के मामले में ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग को चेताया कि पकड़े गए बंदरों को ग्राम पंचायत में छोड़ा गया तो समस्त ग्रामीण विभाग के खिलाफ आंदोलन को बाध्य होगें।

दरअसल, बीते दिन विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत गेवापानी और मनाऊं के पास ग्रामीणों ने बाहरी क्षेत्र से बंदर पकड़कर उनके गांव के पास छोड़ने वाले तीन लोगों को पकड़ लिया था। दर्जनों बंदर छोड़े जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। वन विभाग के आला अधिकारियों के गांव पहुंचने और वहां छोड़े गए बंदरों को पकड़ने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। इधर, दूसरे दिन गुरुवार को वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ने का कार्य किया। करीब आधा दर्जन से अधिक बंदर पकड़े। कहा वन विभाग बाहरी क्षेत्रों से बंदर पकड़कर उनके वहां छोड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि दोबरा ग्राम पंचायत में बंदर छोड़े गए तो मजबूरन विभाग के विरुद्ध एफआईआर करने को मजबूर होंगे।


वन विभाग के पिंजरे में कैद बंदर।

### प्रेमी जोड़े ने खाया जहर, प्रेमिका की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथ पुर में परिजनों के प्रेम संबंध में बाधा बनने पर प्रेमी जोड़े ने बुधवार शाम जहर खा लिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रेमिका की मौत हो गई। वहीं प्रेमी की हालत में सुधार है।

गोरा लोकनाथपुर में अनिल कुमार (20) की ननिहाल है। यहां वह पिता और दादी के साथ रहता है। वह पड़ोस में ही रहने वाली पूजा (30) से प्यार करता था लेकिन परिजन विरोध करते थे। बुधवार दोपहर को पूजा के परिजनों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पूजा ने शाम को जहर खा लिया। पूजा को ससुर अस्पताल लेकर जा रहे थे तो धमकी दी थी कि पूजा को कुछ हुआ तो उसे अनिल को मार डालेंगे। इसके डर से अनिल ने भी जहर खा लिया।

## उत्तर प्रदेश

# रिश्वत लेते लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

**अमृत विचार :** तहसील के भीतर एंटी करप्शन की टीम ने एक किसान से घूस लेते हुए लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। पीड़ित से पूछताछ के बाद टीम लेखपाल को कोतवाली ले गई और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।



कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबगंज निवासी दीपक डोबाल खेती करता है। करीब डेढ़ माह पूर्व उसके पिता दीवान सिंह डोबाल का देहांत हो गया था। उसे वारिसान बनवाना था। इसके लिए उसने लेखपाल केवेंद्र से संपर्क किया और वारिसान बनाने की गुहार लगाई। लेकिन लेखपाल कई दिन तक टाल-मटोल करता रहा। ज्यादा पीछा करने पर लेखपाल ने दीपक डोबाल से रिश्वत की मांग की। मामला साढ़े 6 हजार में तय हो गया। पीड़ित ने काफी परेशान हो जाने के बाद एंटी करप्शन से संपर्क किया। वहां पूरी तैयारी होने के बाद गुरुवार को पीड़ित तहसील पहुंचा। उसने लेखपाल को रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 4 हजार रुपये दे दिए। रुपये लेकर जैसे ही लेखपाल ने अपनी जेब में रखे, तभी तहसील में खड़ी एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल और रिश्वत देने वाले दोनों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद दोनों को कोतवाली ले आई। लेखपाल का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। एंटी करप्शन ब्यूरो के उपनिरीक्षक इश्तियाक अहमद ने पुलिस को तहरीर दी।

### गोल्ज्यू संदेश यात्रा को लेकर की बैठक

**बागेश्वर, अमृत विचार :** अपनी धरोहर संस्था द्वारा आयोजित होने वाली गोल्ज्यू संदेश यात्रा की जिला इकाई की योजना बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास, प्रदेश अध्यक्ष विजय भट्ट, महामंत्री भुवन कांडपाल आदि ने दीप प्रज्जवलित किया।

बैठक में मुख्य अतिथि विधायक पार्वती दास और साहित्यकार एवं डायट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. केएस रावत ने कहा कि गोल्ज्यू हमारे न्याय के देवता के रूप में जाने जाते हैं। संस्था के अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि यात्रा इस वर्ष चार नवंबर को चंपावत से प्रारंभ होगी जो पूरे प्रदेश में लगभग ढाई हजार किमी की यात्रा निकालने का प्रस्ताव है। बागेश्वर के बाजारी गोल्ज्यू समिति के संजय रावल ने बताया कि यात्रा के स्वागत को मंदिर समिति पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।

# पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया गया। टनकपुर पर्यटक आवास गृह में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में आपदा के दौरान बेहतरीन कार्य किये जाने पर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय के अधिकारियों के साथ एसडीएम के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

पर्यावरण संरक्षण समिति की अध्यक्ष दीपा देवी की अध्यक्षता व बीएल यादव के संचालन में आयोजित सम्मान समारोह मे बच्चों नें पर्यावरण से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार के मुख्य आतिथ्य, सीएम कैम्प कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजपाल चौहान, जेएस नेगी एवं एसडीएम आकाश जोशी के विशिष्ट आतिथ्य में समिति की अध्यक्ष दीपा देवी ने सभी लोगों का आभार जताया। सम्मान समारोह में दीपक रजवार, प्रशासनिक अधिकारी राजपाल चौहान, जेएस नेगी, एसडीएम आकाश जोशी, टीआरसी प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा, देवेन्द्र चन्द देवा और नन्हे मुन्ने बच्चों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार को सम्मानित करती समिति की अध्यक्ष दीपा देवी।

इस मौके पर अनुराधा यादव, अनीता तिवारी, शम्मी कोहली, अनीता यादव, उचौलीगोठ प्रधान प्रतिनिधि गणेश महर, महेश कुमार आर्या, गोदावरी देवी, कविता कोहली, अनीता देवी, गीता देवी, उषा देवी, लक्ष्मी देवी, कलावती देवी, गीता चंद्र, ममता, कमलेश, विमला, पार्वती आदि मौजूद रहे।

### पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक ली

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** डीएम आलोक कुमार पांडे ने गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं को धरातल पर पूरा करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने जिला पर्यटन अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए जो वाहन एवं होम स्टे सरकारी योजनाओं से आच्छादित हैं, उन पर संबंधित योजनाओं का लोगो अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने जिले में संचालित सभी होटल एवं होम स्टे का पंजीकरण अनिवार्य रूप से करने, समय-समय पर होटल एवं होम स्टे की जांच करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

# डॉक्टर दंपति से 1.86 करोड़ की ठगी, मुकदमा किया दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के विशालखंड-2 निवासी डॉक्टर दंपति से निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1,86,89,310 रुपये ठग लिए गए। यह ठगी अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के सीएमडी अजीत गुप्ता और उनकी आईएफएस पत्नी निहारिका सिंह ने की। डॉक्टर दंपति ने गोमतीनगर कोतवाली में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

विशालखंड निवासी डॉ. शैलेश अग्रवाल और उनकी पत्नी मृदुला अग्रवाल का निजी क्लीनिक है। दोनों ने बताया कि उनकी पहचान आईएफएस अधिकारी निहारिका सिंह से 2016 से थी। इस दौरान निहारिका सिंह ने अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के बारे में जानकारी दी। वह 2010 से सात से आठ कंपनी चला रहे हैं। उनकी कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा मिलेगा। उनकी बातों में आकर डॉ. शैलेश अग्रवाल ने अनी बुलियन ट्रेडर्स में धीरे-धीरे कर कई किस्तों में 1,22,26060 रुपये का निवेश किया। वहीं, उनकी पत्नी डॉ. मृदुला ने 64,63,250 रुपये का निवेश किया था।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में पूर्व प्रधानाचार्य धरा

**लखनऊ, अमृत विचार:** 2023 में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में पुलिस ने प्रयागराज के विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी इसी कॉलेज से 04 अप्रैल को गिरफ्तार एक आरोपी की शिनाख्त के बाद की है। कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन को गिरफ्तार कर एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अर्पित विनीत यशवंत नामक व्यक्ति से पूछताछ शुरू की गई तब पता चला कि उसकी नियोक्ता एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन के इशारे पर वह प्रश्नपत्र लीक कराने में मदद कर रहा था।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5700 मसूरी- 5100 बासमती- 9000 परमल- 3800 दाल दलहन : काला चना- 8750 साबुत चना दाल- 9200 मूंग साबुत- 10400 राजमा- 13000-16200 दाल उड़द- 10300 साबुत मसूर दाल- 7500 मसूर दाल- 9000 उड़द साबुत- 10600 काबुली चना- 13600-16100 अरहर दाल- 15800 लोबिया/ करमानी- 8400 सोयाबीन- 5200 मूंगफली- 11850 मटर (सूखी)- 5950 मक्का- 3800

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2475, राज श्री 1850, फ़ॉर्चून कि. 2190, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2015, जय जवान 1960, सचिन 2060, सूरज 1985, अवसर 2060, राग गोल्ड 2120, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2155, चक्र टिन 2245, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2445। किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी – डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040।

# जीएसटी दर युक्तिकरण: जीओएम ने 12% स्लैब में कटौती पर की चर्चा

## 100 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाकर 5% करने पर किया गया विचार

- 20 अक्टूबर की बैठक में साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर की होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से घटाकर 5% करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।


भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा होगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 12% स्लैब में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा उठाया तथा अगले महीने होने वाली बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। कर की दर कम करने से होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, जीएसटी चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की स्लैब हैं।

### 18% स्लैब की कुछ वस्तुएं आ सकती हैं 28% स्लैब में

जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40% तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56% हो गई है। बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए जिसमें 28% के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर 5% पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में सदस्यों के विचारों पर विमर्श करेगा और सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। हालांकि 18% स्लैब में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (उत्पाद फिर से 28% स्लैब में आ सकते हैं।

# निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प स्टॉक/इक्विटी

स्टॉक या इक्विटी में निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है जो निवेशकों को कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक संपत्ति वृद्धि, नियमित लाभांश आय, और विविधीकरण के अवसरों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा बढ़ा सकता है। जब निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदते हैं, तो वे कंपनी के स्वामित्व का अनुभव करते हैं, साथ ही विकास में भागीदारी भी करते हैं। अच्छे प्रबंधन वाली कंपनियां उच्च रिटर्न और स्थिरता का आश्वासन देती हैं। इसके अलावा स्टॉक्स में उच्च लिक्विडिटी होती है, जिससे निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार त्वरित परिवर्तनीयता मिलती है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करते हैं...




### निवेश के फायदे

- **दीर्घकालिक वृद्धि :** शेयर बाजार में निवेश आमतौर पर लंबे समय में उच्च रिटर्न प्रदान करता है, जिससे संपत्ति में वृद्धि होती है।
- **लाभांश आय :** कई कंपनियां नियमित लाभांश देती हैं, जो निवेशकों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकता है।
- **विविधीकरण :** कई कंपनियों में निवेश करके निवेशक पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।
- **स्वामित्व का अनुभव :** स्टॉक खरीदने पर निवेशक कंपनी के मालिक बन जाते हैं, जिससे उन्हें वोटिंग अधिकार और अन्य फायदे मिलते हैं।
- **प्रबंधन :** सफल कंपनियां अच्छी प्रबंधन टीमों से संचालित होती हैं, जो उनके विकास और मुनाफे में सहायक होती हैं।
- **लिक्विडिटी :** स्टॉक्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों को फंड्स त्वरित मिल जाता है।
- **आर्थिक विकास :** स्टॉक में निवेश करके, निवेशक देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं और इससे लाभ भी कमाते हैं।

### इक्विटी/स्टॉक के प्रकार

**कॉमन :** आम शेयर, जिनके धारक कंपनी के लाभ और वोटिंग अधिकारों में हिस्सेदार होते हैं।

**प्रिफर्ड :** प्रिफर्ड शेयरधारक को पहले लाभांश मिलता है, उनके पास वोटिंग अधिकार नहीं होते।


### जोखिम

- **कंपनी :** कंपनी के प्रदर्शन, प्रबंधन की गुणवत्ता, और उद्योग में प्रतिस्पर्धा से स्टॉक की कीमत में कमी आ सकती है।
- **तरलता :** कुछ स्टॉक्स में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे उन्हें समय पर खरीदना या बेचना मुश्किल हो सकता है।
- **प्राइस वोलाटिलिटी :** स्टॉक्स की कीमतें उतार-चढ़ाव करती हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है।
- **आर्थिक :** परिस्थितियां, जैसे ब्याज दरों में वृद्धि या मुद्रा स्फीति, मार्केट को प्रभावित कर सकती हैं।
- **राजनीतिक :** राजनीतिक घटनाएं, जैसे चुनाव, नीतिगत बदलाव, या व्यापारिक विवाद, स्टॉक्स के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।
- **भावनात्मक निर्णय :** बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशक अक्सर भावनात्मक निर्णय लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है।

# आम के उत्पादन में उप्र अग्रणी, निर्यात में देश फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश भले अग्रणी हो लेकिन, निर्यात में देश फिसड्डी है। आम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत है। आम के प्रमुख निर्यातक देश थाईलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान आदि। आम निर्यात की अपार संभावनाएं अमेरिका और यूरोपीय देशों में। ऐसे में यूएस और यूरोपियन देशों के निर्यात मानकों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास रेडिएशन ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी। अभी तक उत्तर भारत में कहीं भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है।



- आम के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत
- प्रमुख निर्यातक थाईलैंड, मैक्सिको ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान

प्लांट चालू होने पर उप्र के बागवानों के लिए यूएस और यूरोपियन देशों के बाजार तक पहुंच आसान होगी। चूंकि उप्र में आम का अधिक उत्पादन होता है, इसलिए निर्यात के नए अवसर का लाभ भी यहीं के बागवानों को मिलेगा। रेडिएशन ट्रीटमेंट तकनीक में निर्यात होने वाले फल, सब्जी, अनाज को रेडिएशन से गुजरा जाता है। इससे उनमें मौजूदा कीटाणु मर जाते हैं और ट्रीटेड उत्पाद की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। प्लांट चालू होने पर उप्र. के आम के लिए यूएस और यूरोप के बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लंगड़ा की मांग

पिछले साल इनोवा फूड के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लगड़ा की मांग है। उनके निर्यात के मानकों को पूरा किया जाय तो उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावनाओं वाला बाजार हो सकता है। ये दोनों प्रजातियां यहीं पैदा होती हैं।

### रंगीन आम पोषक तत्वों से भी भरपूर

लाल रंग के आम की प्रजातियां सिर्फ देखने में आकर्षक नहीं होती। स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहतर हैं। आम या किसी फल के लाल रंग के लिए एंथोसायनिन जिम्मेदार होता है। इससे पौष्टिकता बढ़ जाती है। शोध बताते हैं एंथोसायनिन मोटापे और मधुमेह की रोकथाम में सहायक है। यह संज्ञानात्मक और मोटर फंक्शन को मॉड्यूलेट करने, याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कार्य में उम्र से संबंधित गिरावट को रोकने में भी मददगार हैं।

# सरकार की दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना

- 20,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी इसमें शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2024-25 के बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ (47.2%) प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20,000 करोड़ के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों से 6.61 लाख करोड़ की उधारी जुटाई जाएगी। बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी 5.3% और 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा 24.8% होगा।

### विकास में तेजी रहने की उम्मीद: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। सरकार ने खरीफ बुवाई के उच्च क्षेत्रफल को खाद्य मूल्य परिदृश्य के लिए शुभ संकेत बताते हुये कहा कि मानसून के विषम स्थानिक वितरण के प्रभाव की निगरानी की जरूरत है और जैसे-जैसे सार्वजनिक व्यय बढ़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है समग्र विकास में भी आने वाली तिमाहियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की आज जारी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि चालूवित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गति बरकरार रही।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### जीवित्पुत्रिका पर डूबने से 43 की मौत, तीन लापता

**पटना।** बिहार में जीवित्पुत्रिका व्रत त्योहार के दौरान अलग-अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में पवित्र स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन अन्य लापता हो गए। राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ये घटनाएं बुधवार को त्योहार के दौरान राज्य के 15 जिलों में हुईं। जीवित्पुत्रिका त्योहार के दौरान महिलाएं अपने बच्चों की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं।

#### 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 30 लाख ठगे

**नोएडा (उप्र)।** साइबर ठगों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी होने का दावा करते हुए महिला को धनशोधन में फंसाने झांसा देकर 30 लाख ठग लिए। साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर 77 की प्रियंका बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो सितंबर को उनके पास फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया। फोनकर्ता ने प्रियंका के आधार कार्ड पर सिम कार्ड ख़रीदने और उस कार्ड से धनशोधन का दावा करते हुए कहा कि अब तक करोड़ों की हेरा फेरी हो चुकी है। महिला डर गई और ठगों ने 12 दिन बाद 14 सितंबर को आरटीजीएस से 30 लाख रुपए अलग-अलग खातों में अंतरण करवाया।

#### बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी 15 ट्रेनों के मार्ग बदले

**रांची।** झारखंड के बोकारो में तुपकडीह स्टेशन के निकट मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद 15 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा संभाग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुमित नरूला ने 'बताया कि इस्पात ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे कल रात नौ बजे बोकारो जिले के तुपकडीह स्टेशन के निकट पटरी से उतर गये।

#### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने गोला बारूद बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने टेकचाम मानिंग चिंग इलाके में संयुक्त अभियान के दौरान खाली मैगजीन के साथ एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और 9 मिमी की एक पिस्तौल और एक खाली मैगजीन मिला। एक 51 एमएम पैरा बम, बिना डेटोनेटर के चार एचई-36 हैंड ग्रेनेड, दो इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर आदि भी मिलें।

# कांग्रेस के लाउडस्पीकर्स का करंट भी कमजोर

## प्रधानमंत्री ने कहा- हरियाणा में 10 सालों में विपक्ष के रूप में भी विफल रही है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है और जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके लाउडस्पीकर्स का करंट कमजोर रहा है। नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से प्रदेश का बच्चा बच्चा वाकिफ है।

राज्य में फिर सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के रोजगार मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा आधार झूठ पर टिका है और उसके नेता बिना सिर पैर की बातें कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा की नाराजगी और पार्टी में गुटबाजी के मद्देनजर राजनीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि कांग्रेस की स्थिति पहले मजबूत थी लेकिन अब ग्राफ नीचे जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन विशेषज्ञों के लिए लाउडस्पीकर्स शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर कितने अत्याचार हुए। कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी ने कहा कि वोट पाने के लिए हिमाचल कांग्रेस ने ऐसे वादे किए थे जैसे हर घर की सोने की छत बना देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आज हिमाचल में कांग्रेस सरकारी मुलाजिमों को वेतन नहीं दे पा रही है। हरियाणा में अपनी दो चुनावी जनसभाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है।



- नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को किया संबोधित

### पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा रद

नई दिल्ली। पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद कर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री आज पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था। भाजपा सूत्रों ने कहा कि उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## धर्म-रिलिजन में फर्क की मांग वाले अभ्यावेदन पर फैसला करे केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह रिलिजन शब्द के उचित अर्थ का उपयोग करने और इसे दस्तावेजों में धर्म के पर्याय के रूप में उपयोग नहीं करने की मांग करने वाले अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले। याचिका में जनता को शिक्षित करने और धर्म-आधारित नफरत फैलाने वाले भाषणों को नियंत्रित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में धर्म और रिलिजन पर अध्याय शामिल करने का निर्देश देने की भी मांग की है। कोर्ट ने कहा कि अदालतें धार्मिक या दार्शनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं करती हैं और यहां तक कि विद्यालयी पाठ्यक्रम भी तय नहीं करती हैं व पाठ्यक्रम में अध्याय शामिल नहीं कर सकती हैं।

# मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार को किया खत्म : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में चुनावी रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश इकाई प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्थित तरीके से देश में रोजगार व्यवस्था को खत्म कर दिया। गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने की बात कही। गांधी ने कहा कि हरियाणा में दो लाख रिक्तियां भरी जाएंगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी का वादा किया है।



- सरकार पर हमला करते हुए गांधी ने कहा- भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया

## आयुष्मान भारत योजना के अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, करनाल की टीम ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रवि विमल को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि टीम को शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें करनाल जिले में निजी अस्पताल के संचालक ने बताया कि योजना के तहत उसके अस्पताल की सूचीबद्धता के निलंबन को रद करने के मामले में आरोपी ने 10 लाख की मांग की गयी थी।

# आधार-पैन विवरण सार्वजनिक करने वाली वेबसाइटें ब्लॉक

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीईआरटी-इन को वेबसाइटों के विश्लेषण से मिलीं कई कमियां

सरकार साइबर सुरक्षा प्रथाओं और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है लेकिन जो वेवासाइटें लोगों के आधार और पैन कार्ड की जानकारियां सार्वजनिक कर रही हैं उन्हें ब्लॉक कर दिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइटें भारतीयों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी उजागर कर रही थीं। इसे गंभीरता से लिया गया है क्योंकि सरकार इनको ब्लॉक कर दिया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम के तहत आधार के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए संबंधित पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) को इन वेबसाइटों के विश्लेषण से कई कमियां मिली हैं।

## आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग

बदलापुर कांड

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गुरुवार को सुरक्षा की मांग की। शिंदे की पुलिस हिरासत में जवाबी गोलीबारी में मौत हो गई थी। उसके चाचा अमर शिंदे ने कहा कि उन्होंने शव दफनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया है। अक्षय के माता-पिता और उसके वकील को सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है। हमने इस अनुरोध के साथ उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री को ईमेल भेजा है।

# कांग्रेस शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता : नड्डा

भुवनेश्वर, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उसे शहरी नक्सलियों का प्रवक्ता बताया और उस पर देश में विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बुद्धिजीवियों की बैठक में नड्डा ने जम्मू कश्मीर में 370 को बहाल करने की पैरोकारी करने वालों के साथ चले जाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की।

नड्डा ने कहा कि 2019 में 370 प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह में नेतृत्व में निरस्त हुआ है। नड्डा ने एक देश, दो निशाना, दो विधान और दो प्रधान धारणा का विरोध करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था, लेकिन नेहरू ने इसकी अनदेखी की। उन्होंने वामपंथी दलों की आलोचना की और दावा किया कि उनमें दिशा का अभाव है तथा वे अक्सर केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में लड़ाई में लिप्त रहते हैं तथा दिल्ली में फोटो खिंचवाने के लिए एकजुट होते हैं। बेरोजगारी एवं महंगाई पर राहुल एवं प्रियंका गांधी द्वारा सरकार की आलोचना का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और वह खिलौनों एवं मोबाइलों के सबसे बड़े निर्यातकों में है। दरअसल दोनों भाई-बहन को आर्थिक मुद्दों की समझ नहीं है और वे महंगाई एवं बेरोजगारी पर अटके रहते हैं। नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना की प्रशंसा की जो 55 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है। इस पहल से शीघ्र ही 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग लाभान्वित होंगे।



- वामपंथी दिल्ली में फोटो खिंचवाने के लिए होते हैं एकजुट

# 21 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी को दी मौत की सजा

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल के यूपीया में विशेष पॉक्सो अदालत ने आवासीय स्कूल में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई।

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि-योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था। एसपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह-आरोपी मार्बोम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। बागरा को दोषी ठहराया गया और मौत की सजा दी गई।

# चुनाव बाद पीओके जम्मू-कश्मीर का होगा हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर पीओके भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बन जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पाकिस्तान से अलग होने की जोर-शोर से आवाज उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं । आदित्यनाथ ने आर एस पुरा इलाके में एक रैली में कहा कि शांतिपूर्ण चुनावों के जरिए भाजपा के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी जम्मू कश्मीर का हिस्सा बनने जा रहा है। पाकिस्तान में हंगामा मचा हुआ है, वे अपने लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश टूट रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान अपने लोकतंत्र की रक्षा करने में विफल रहा है। पाकिस्तान में आटा 500 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन और पांच लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हैं। पाकिस्तान डूब रहा है, लेकिन भारत बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत है और दूसरी तरफ पाकिस्तान, वहां खाने की कमी है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर उससे अलग होने की आवाज उठा रहा है। योगी ने कहा कि बलूचिस्तान कह रहा है कि हमारी केमिस्ट्री पाकिस्तान से मेल नहीं खाती। पाकिस्तान मानवता का दुश्मन है, यह मानवता के लिए कैंसर है। दुनिया को इस कैंसर से मुक्त होना चाहिए।



- सीएम योगी ने आरएस पुरा इलाके में रैली को किया संबोधित

# कर्नाटक में सीबीआई जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार को वापस लेने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ली गई है। सीबीआई को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे।

# शतरंज में महिलाओं के लिए लंबा है रास्ता : आनंद

मुंबई, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड में भारत की ऐतिहासिक दोहरी खिताबी जीत से बेहद खुश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यह आशाजनक शुरुआत है लेकिन देश में महिला शतरंज के लिए अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है।

भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब उसकी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। हाल के दिनों में जहां पुरुषों के खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है और आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश जैसी युवा भारतीय प्रतिभाएं विश्व मंच पर धूम मचा रही हैं तो वहीं इसके विपरीत महिलाओं के खेल को इस गति से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के कार्यक्रम के इतर आनंद ने कहा यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है



- पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन बोले- देश के लिए आशाजनक शुरुआत है अभी और आगे जाना है

क्योंकि हमें लगातार प्रगति करते रहना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिक से अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित किया जाए और मुझे लगता है कि यह परिणाम अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित करेगा। यही उम्मीद है। वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कई युवा भारतीयों का मार्गदर्शन करने वाले 54 वर्षीय आनंद ने देश के खिलाड़ियों द्वारा इतिहास रचे जाने पर खुशी जताई।

### चीन के परिणामों से चौंका नहीं

विश्वनाथन आनंद ने कहा सबसे पहले तो यह बहुत गर्व की बात है कि ऐसा हुआ। ऐसा नहीं है कि परिणाम ने मुझे चौंका दिया, यह कुछ घंटों पहले से ही हो रहा था, इसलिए आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन आपको अचानक यह अहसास होने पर खुशी होती है कि आप दोहरे ओलंपियाड चैंपियन हैं, मैं उन सभी को कई वर्षों से जानता हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से वहां रहना अच्छा लगा। मुझे दो बार राष्ट्रगान सुनने में मजा आया। और मुझे पता था कि पूरी दुनिया ने भारत के प्रदर्शन पर ध्यान दिया है। ओलंपियाड में भारत का प्रदर्शन सराहनीय है लेकिन आनंद ने चेतावनी दी कि अन्य टीमें अपने परिणामों का विश्लेषण करेंगी तथा और भी मजबूत होकर लौटेंगी। जब उनसे पूछा गया कि भारत को रूस, अमेरिका और चीन के स्तर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा तो उन्होंने कहा आप जिस भी पैमाने का इस्तेमाल करते हैं, उसके आधार पर आप कह सकते हैं कि भारत नंबर एक या नंबर दो या अधिक से अधिक नंबर तीन है।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष निशानेबाज अगले महीने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में आठ मौजूदा ओलंपिक चैंपियन सहित विश्व के शीर्ष निशानेबाजों की चुनौती का सामना करेंगे।

विश्व कप फाइनल में 37 देशों के 132 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे जिसमें 12 ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होगा। भारतीय टीम में 23 निशानेबाज हैं जिन्हें वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों से प्रवेश का भी फायदा मिलेगा। एनआरएआई के अध्यक्ष ने कहा यह भारत में प्रशंसकों और दुनिया भर के निशानेबाजों के लिए शानदार रहेगा।

# रॉबर्ट ने दिलाई बार्सिलोना को सातवीं जीत

मैड्रिड, एजेंसी

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की। बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है।

इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे। बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने कहा मुझे वास्तव में अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमारे खिलाड़ी आखिर तक प्रयास करते हैं। बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और कड़े प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है।

### नीदरलैंड के क्लब ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी। यूनाइटेड ने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में जो सात मैच खेले हैं उनमें से वह केवल तीन में जीत दर्ज कर पाया है। इस बीच तुर्की और यूनान की चैंपियन टीमों के बीच खेले गए मैच में गलाटासराय ने पीएओके को 3-1 से हराया। एक अन्य मैच में लाजियो ने डायनामो कीव को 3-0 से पराजित किया।

## खेल डायरी

### श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया। वह अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने लिन चीह चुन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी को सिर्फ 38 मिनट में 22-20, 21-11 से शिकस्त दी। महिला एकल में दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर को चौथी वरीय और 2022 विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली, झारखंड और उप्र ने जीते हॉकी मुकाबले

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। आज यहां चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए। वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें) और भेंगरा ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किए। पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए।

### जैस्मिन और रिद्धिमा को संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर दूसरे दौर में खराब प्रदर्शन के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में रिद्धिमा दिलावरी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष हैं। जैस्मिन ने दूसरे दौर में 76 जबकि रिद्धिमा ने 73 का स्कोर बनाया। दोनों का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर दो अंडर 142 है। जैस्मिन और रिद्धिमा ने स्नेहा सिंह (73-70) और अमनप्रीत द्राल (72-71) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर एक अंडर 143 है। एमेच्योर अनवी दहिया (73-71) और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद हिताषी बक्शी (71-73) पार 144 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

### एएफसी में भारत की अंडर-20 टीम का सामना ईरान से

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करने से पहले अपनी कमियों को दूर करना चाहेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है और लड़कों ने मंगोलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन हम अभी जीत का जश्न नहीं मना सकते। हमें तुरंत अगले मैच की तैयारी शुरू करनी चाहिए। हमने मंगोलिया के खिलाफ कई मौके गंवाए और ईरान के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर सकते। ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से, बारिश का संकट, बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त पिच पर स्पिनरों के साथ उतर सकती हैं टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में पहले टेस्ट मैच में चेन्नई में टीम इंडिया 1-0 से जीतकर अब दूसरे टेस्ट में सीरीज क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उधर, पहले टेस्ट मैच में विफल रहे बांग्लादेश टीम के शीर्ष बल्लेबाजों को हाथ खोलना होगा। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से ग्रीनपार्क स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच शुरू होगा। इस बीच शुक्रवार को बारिश के भी आसार हैं। गुरुवार को टीम इंडिया व बांग्लादेश टीम का नेट अभ्यास भी बारिश के कारण बाधित रहा।

टीम इंडिया का लक्ष्य अपनी जीत बरकरार रखना है। वहीं बांग्लादेश टीम दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज ड्रा कराने की कोशिश करेगी। अनुभवी खिलाड़ियों का मत है कि ग्रीनपार्क पिच बल्लेबाजों और स्पिनरों की मददगार होगी। इस कारण दोनों टीमें स्पिनरों को उतार सकती है। गुरुवार को बारिश ने दोनों टीमों के अभ्यास में खलल डाला। इसे देखते हुए अंतिम एकादश का चयन करना टीम मैनेजमेंट को काफी मंथन करना होगा। गेंदबाज कुलदीप यादव का अपने घरेलू मैदान पर खेलने की संभावना है, लेकिन अंतिम एकादश में मौका मिलना अब मौसम पर टिका है। अंतिम एकादश का फैसला मैच से पहले लिया जाएगा।



### शीर्ष बल्लेबाज हासिल करेंगे फार्म

पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के शीर्ष बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ग्रीनपार्क में दोनों खिलाड़ी अपनी फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। इसी कारण ग्रीनपार्क में तैयार दो पिचों में बल्लेबाजी में मददगार विकेट को ही फाइनल किया है। टीम के स्पिनर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह व आर अश्विन भी बांग्लादेश टीम को परेशान कर सकते हैं।

### टॉस की भूमिका भी अहम

टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में आइडियल विकेट तैयार हुई है। लेकिन गुरुवार को बारिश के कारण विकेट का मिजाज बदलने की भी संभावना बनी है। मैच से पहले दो विकेट तैयार की गई हैं। नमी के कारण विकेट के मिजाज में बदलाव आ सकता है। इससे टॉस की भूमिका भी अहम हो गई है।



कानपुर में प्रशंसकों के साथ तस्वीर लेते विराट कोहली। ● अमृत विचार

### शाकीब अल हसन ने की संन्यास की घोषणा



**कानपुर।** बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने गुरुवार को प्रेसवार्ता करके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले लूंगा। यह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अगर नहीं मिला तो यही मेरा आखिरी टेस्ट मैच होगा। बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मुझे लगता है कि अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा करने का समय आ गया है। शाकिब ने आगे कहा कि टी 20 क्रिकेट से वह तत्काल प्रभाव से संन्यास ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि फटाफट क्रिकेट में युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप सिंह, कुलदीप यादव, यश दयाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल।

**बांग्लादेश :** नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहिम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्किन अहमद, हसन महमुद, नाहिद राणा, तहजुल इस्लाम, महम्दुल्ला हसन जॉय, नईम हसन, सैय्यद खालिद अहमद, जाकिर अली अनिक।

# परिवर्तनकाल में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करूंगा : मार्कराम

बेंगलुरू, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान एडेन मार्कराम ने टीम के भविष्य पर गुरुवार को कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ियों को दीर्घकालिक संभावनाओं के रूप में तैयार करने को प्राथमिकता दी है।

मार्कराम को 2024 टी-20 विश्व कप से पहले कप्तान नियुक्त किया गया था जिसमें उनकी टीम को जून में भारत से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका अगस्त में वेस्टइंडीज से तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला भी हार गया। हालांकि इस मुश्किल शुरुआत के बावजूद वे अपनी अगुआई में खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को लेकर उत्साहित हैं। मार्कराम ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के आधिकारिक डिजिटल पार्टनर फैनकोड द्वारा आयोजित बातचीत में मीडिया से कहा मैं वास्तव में उनका (खिलाड़ियों) का समर्थन करने, प्रशिक्षण में उनकी मदद करने और हर जरूरी मदद के लिए तैयार हूं।



# काश पंत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी होते : मार्श

मुंबई, एजेंसी

ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें शानदार खिलाड़ी करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की।

वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे। मार्श ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है। वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत के भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा होने की उम्मीद है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था।



- सकारात्मकता प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित हैं मिशेल मार्श

## बॉलीवुड हलचल

### कंगना की फिल्म इमरजेंसी के सपोर्ट में उतरे सनोज

**मुंबई।** निर्देशक सनोज मिश्रा ने कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का सपोर्ट किया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। इस फिल्म की कथा वस्तु वर्ष 1975 में लगे इमरजेंसी और उसके दुष्परिणामों पर आधारित है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि को लेकर कुछ लोग इस फ़िल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं, जबकि कंगना रनौत की टीम का कहना है कि हमने तो एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म बनाई है इसमें किसी को आपत्ति ही नहीं होनी चाहिए। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल से चर्चा में आये निर्देशक सनोज मिश्रा ने इमरजेंसी के समर्थन में बोलते हुए देश के अंदर इस फिल्म का विरोध करने वालों पर हमला बोला है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, फिल्म यदि समाज का आइना है तो इस आईने में लोग शक्ल क्यों नही देखना पसंद करते या फिर ये सिर्फ एक घिसा पिटा जुमला है ? सनोज मिश्रा ने कहा, कंगना रनौत जी वास्तव में आयरन लेडी हैं उनका जीवन हमेशा बेबाक रहा है चाहे वो फिल्म इंडस्ट्री हो या राजनीति उन्होंने हमेशा लीक से हटकर अपनी पहचान बनाई है, जो इस देश की महिलाओं के लिए एक मिसाल है।





### बच्चों को सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के आने वाले एक एपिसोड में, दर्शक मंगलुरु, कर्नाटक की ऊर्जावान अपूर्वा शेट्टी को हॉटसीट पर बैठते हुए देखेंगे। एक दृढ़ निश्चयी पीएससी उम्मीदवार, अपूर्वा अपने पिता के सपने को पूरा करने और शो में एक बड़ी राशि जीतने की उम्मीद रखती हैं। अपूर्वा ने भी अमिताभ से अनुरोध किया कि वह शो में उनके पिता, लोकेनाथ शेट्टी का नाम जरूर लें, जो उनके बड़े फैन हैं। अमिताभ न केवल उनकी यह इच्छा पूरी करेंगे, बल्कि वह अपूर्वा के पिता से वीडियो कॉल के जरिए बात करवाएंगे, जिससे पिता-पुत्री के बीच का यह भावनात्मक और यादगार पल जुड़ जाएगा। जैसे ही यह कनेक्शन होता है, अमिताभ कहते हैं, सर, आपका सपना था कि आपकी बेटी अपूर्वा एक दिन हॉटसीट पर बैठे, और अब वह यहीं पर बैठी है। इस भावनात्मक पल से अभिभूत होकर, अपूर्वा की आंखों में आंसू आ जाते हैं, और बच्चन साहब उन्हें एक टिशू भी थमाते हैं। पिता-पुत्री के इस गहरे संबंध को महसूस करते हुए अमिताभ बच्चन यह भी कहते हैं कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। वह बताते हैं कि ऐसे मील के पत्थर किसी भी माता-पिता के लिए बेहद भावनात्मक होते हैं। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में, रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

### अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ट्रेलर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, "सब तैयार है? #जिगरा थिएट्रिकल ट्रेलर अभी रिलीज हुआ 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। ट्रेलर में आलिया भट्ट एक बहन (सत्या) की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, आलिया का किरदार और भी उभर कर आता है। एक बेहतरीन पल तब आता है जब आलिया यानी सत्या कहती हैं मैंने कभी नहीं कहा, मैं सही इंसान हूँ। मैं सिर्फ़ अंकुर की बहन हूं। पिछले साल द आर्चीज में अपनी शुरुआत करने के बाद, फ़िल्म जिगरा, वेदांग रैना की दूसरी बार स्क्रीन पर आने वाली फिल्म है। फिल्म जिगरा में एक आकर्षक चल कुड़िए साउंडट्रैक भी शामिल है जिसे आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने गाया है।



# एशियाई खेलों में मेरा पदार्पण सपनों के पूरा होने जैसा : गुरजंत

बेंगलुरु, एजेंसी

युवा फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा कि हाल ही में चीन के मोकी में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में उनका भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पदार्पण सपने के पूरा होने जैसा है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में ट्रायल के दौरान गुरजंत का प्रदर्शन आकर्षक रहा। उन्होंने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी सात मैच खेले, हालांकि वह गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को बेहतर साबित करने के लिए मैदान पर समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई।

गुरजंत ने कहा सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो अधिकतर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में यह मेरे लिए एक स्वप्निल पदार्पण था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था मुझे लगा कि मैं अपने पदार्पण पर एक गोल करूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मैंने खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है। मुझे बस वैसे ही खेलना है जैसे मैं आमतौर पर शिविर में खेलता हूँ, आजादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।



- युवा फॉरवर्ड सिंह बोले- सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सीनियर बड़े भाइयों की तरह

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने नोगुची संग्रहालय पुरस्कार ठुकराया



**न्यूयॉर्क।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने गाजा में फलस्तीनियों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए 'कुफिय्या' पहनने वाले तीन कर्मचारियों को निकाले जाने के विरोध में अमेरिका के क्वींस स्थित नोगुची संग्रहालय से पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। संग्रहालय ने एक बयान में कहा, 'झुम्पा लाहिड़ी ने हमारी नई पोशाक संहिता नीति के विरोध में 2024 इसामु नोगुची पुरस्कार के लिए अपनी स्वीकृति वापस लेने का फैसला किया है।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने बयान के हवाले से कहा, 'हम उनके दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि यह नीति हर किसी के विचारों के अनुरूप हो भी सकती है और नहीं भी।' न्यूयॉर्क स्थित संग्रहालय की स्थापना लगभग 40 साल पहले जापानी-अमेरिकी डिजाइनर एवं मूर्तिकार नोगुची ने की थी।

### चीनः स्कूलों में हर रोज दो घंटे कसरत अनिवार्य

**बीजिंग।** चीन में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए प्रतिदिन कम से कम दो घंटे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य किया गया है। शिक्षा उप मंत्री वांग जियायी ने गुरुवार को कहा कि प्रत्येक दिन छात्र खेल कक्षा में भाग लेंगे और कक्षा के बाद एक घंटे शारीरिक व्यायाम करेंगे। इस कदम का उद्देश्य छात्रों में धूप में पर्याप्त समय बिताना सुनिश्चित करके उनकी आंखों और वजन संबंधी आम समस्याओं को हल करना है। उन्होंने कहा कि राजधानी बीजिंग में अनिवार्य शिक्षा के लिए कक्षाओं के बीच 10 मिनट के ब्रेक को मौजूदा सेमेस्टर से बढ़ाकर 15 मिनट कर दिया गया है।

### ईरानः विस्फोट में मरने वालों की संख्या 50 हुई

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत दक्षिण खुरासान में कोयला खदान में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक घायलों में से एक की मौत हो गई है। इरना ने प्रांतीय संकट प्रबंधन मुख्यालय के महानिदेशक मोहम्मद-अली अखौंदी के हवाले से बताया कि तबास काउंटी में खदान विस्फोट में घायल हुए 16 श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया। यह विस्फोट शनिवार रात तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एक खदान सुरंग में हुआ। विस्फोट का कारण मीथेन गैस में अचानक वृद्धि बताया जा रहा है। रिपोर्ट में अखौंदी के हवाले से बताया गया कि उस समय खदान में 65 श्रमिक मौजूद थे, जबकि शुरुआती संख्या में श्रमिकों की वृद्धि हुई और संख्या 69 पर पहुंच गई।


### पाकिस्तान में पोलियो का एक और मामला मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो का एक और मामला सामने आया है, जिससे इस बीमारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है, जो इसे समाप्त करने के सरकार के प्रयासों के लिए झटका है। अधिकारियों ने बताया कि पोलियोग्रस्त हालिया पीड़ित बलूचिस्तान के पिशिन का रहने वाला है और उसकी उम्र ढाई साल है। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बुधवार को बच्चे में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप एक (डब्ल्यूपीवी 1) की उपस्थिति की पुष्टि की, जिससे इस वर्ष अब तक रिपोर्ट किए गए मामलों की कुल संख्या 22 हो गई है। इनमें अकेले बलूचिस्तान से 15 मामले सामने आए हैं।

# सीओपी मेजबान देश तेल गैस उत्पादन 33% बढ़ाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

• जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत : रिपोर्ट




संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के पिछले, वर्तमान और अगले मेजबान क्रमशः अजरबैजान, संयुक्त अरब अमीरात और ब्राजील 2035 तक अपने तेल व गैस उत्पादन में 33 प्रतिशत की वृद्धि करने वाले हैं, जो एक नए विश्लेषण के अनुसार मजबूत वैश्विक जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत है।

अमेरिका में स्थित शोध समूह 'ऑयल चेंज इंटरनेशनल' द्वारा उद्योग डेटा का उपयोग करते हुए किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि यूएई और ब्राजील 2035 तक क्रमशः 37% और 38% उत्पादन बढ़ाने की राह पर हैं। नवंबर में बाकू में सीपीओपी29 की मेजबानी करने वाले अजरबैजान के उत्पादन में 4% की वृद्धि होने का अनुमान है। नवंबर-दिसंबर 2023 में दुबई में आयोजित पिछले संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में नेताओं ने जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने, 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में दोगुनी वृद्धि और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

# अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़, हिंदुओं वापस जाओ के नारे लिखे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में अज्ञात बदमाशों ने नफरत फैलाने के मकसद से बीएपीएस मंदिर में तोड़फोड़ की और उसकी दीवारों पर 'हिंदुओं वापस जाओ' के नारे लिख दिए। बीएपीएस मंदिर प्रशासन के जनसंपर्क विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की घटना के 10 दिन से भी कम समय में सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर में बीती रात को यह घटना हुई और 'हिंदुओं वापस जाओ' के हिंदू-विरोधी नारे लिखे गए।"

न्यूयॉर्क के मेलविले में 17 सितंबर को बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई अपवित्रिकरण की घटना के बाद बुधवार रात को यह घटना हुई। संगठन ने एक बयान में कहा, 'नफरत की निंदा के प्रति हम दृढ़ हैं। इस घटना से हमारा दुख और गहरा हो गया है तथा दिल में नफरत रखने वालों सहित सभी के लिए हमारी प्रार्थनाएं और मजबूत हो गई हैं।' बयान में कहा गया है कि सैक्रामेंटो में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर जीवंत हिंदू समुदाय का स्थान है, जो बड़े समुदाय के वास्ते कई गतिविधियों और परियोजनाओं में लगा हुआ है। हम इस सामुदायिक ताने-बाने का अभिन्न अंग हैं और रहेंगे।

इस घटना के बाद मंदिर से संबद्ध लोग प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए तथा उन्होंने परम पावन महंत स्वामी महाराज के सद्भाव और सम्मान के आदर्श को याद करते हुए शांति एवं एकता का आह्वान किया। देश में हिंदू समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध और मंदिर में तोड़फोड़ की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति के बीच अमेरिका में एक महीने से भी कम समय में अपवित्रिकरण की यह दूसरी घटना है।

कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ इस प्रकार की घृणा और तोड़फोड़ भयावह है। न्याय विभाग को इन घृणा अपराधों की जांच करनी चाहिए।

**एक माह में दूसरी घटना**

• गत 17 सितंबर को न्यूयॉर्क के बीएपीएस मंदिर में भी हुई थी घटना



घटना के बाद बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग मंदिर पहुंचे।



### पानी की लाइन भी काटी

पार्किंग स्थल के सामने लगे साइन बोर्ड पर भारत सरकार का उल्लेख करते हुए टिप्पणी लिखी गई। अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने मंदिर से जुड़ी पानी की लाइन को भी काट दिया। यह हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब हाल ही में पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए थे। अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर इस तरह के हमले पहले खालिस्तान समर्थकों की ओर से किए जाते रहे हैं।

## राष्ट्रपति मैक्रों ने संरा सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की वकालत की

# फ्रांस ने भारत का किया समर्थन

न्यूयॉर्क, एजेंसी



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है। यही नहीं, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत भी की है। मैक्रों ने बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 'हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है, जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा।'

मैक्रों ने कहा, 'इसलिए फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए, जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के लिए तय करेगा।' भारत सुरक्षा परिषद में लंबे समय से लंबित सुधारों को तत्काल लागू करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में किए जा रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र के उच्च मंच पर स्थायी सदस्य के रूप में स्थान पाने का हकदार है। भारत की दलील है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है।

मैक्रों की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि वैश्विक शांति और विकास के लिए संस्थानों में सुधार आवश्यक हैं। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए 15 देशों की सुरक्षा परिषद को भी चेतावनी दी। उन्होंने सुरक्षा परिषद को पुरानी व्यवस्था बताया और कहा कि इसके अधिकार कम होते जा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि अगर इसकी संरचना और कार्य पद्धति में सुधार नहीं किया जाता है तो यह अपनी सारी विश्वसनीयता खो देगी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने स्पष्ट आह्वान किया कि हम अपने दादा-दादी के लिए बनाई गई प्रणाली के साथ अपने पोते-पोतियों के लिए भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते।

### वीटो के अधिकार को सीमित करने का किया आह्वान

मैक्रों ने अपने संबोधन में सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में बदलाव, सामूहिक अपराधों के मामलों में वीटो के अधिकार को सीमित करने और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीन पर बेहतर तरीके से काम करने के लिए दक्षता हासिल करने का समय आ गया है।

### यूएन और डब्ल्यूटीओ में सुधार की जरूरतः जयशंकर



**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को न्यूयॉर्क में ब्राजील की अध्यक्षता वाले जी-20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज न्यूयॉर्क में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 'वैश्विक शासन सुधार विषय पर बात की। इसमें दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार शामिल है।" उन्होंने पोस्ट में कहा, "मजबूत, व्यापक और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला की अनिवार्यता पर ध्यान दिया गया। विकासशील विश्व की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) में सुधार के लिए जी20 में भारत के प्रयासों के बारे में बात की।

### वर्तमान में पांच स्थायी सदस्य

वर्तमान में सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं और ये देश किसी भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर वीटो लगा सकते हैं। भारत पिछली बार 2021-22 में संयुक्त राष्ट्र की उच्च परिषद में अस्थायी सदस्य के रूप में बैठा था। वैश्विक वास्तविकता को प्रतिबिंबित करने के लिए स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है।

# ट्रंप पर हमला पुलिस की नहीं, सीक्रेट सर्विस की विफलता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास मामले की जांच कर रही एक समिति के सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति पर हमला अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की विफलता थी, न कि स्थानीय पुलिस की। सदन की एक द्विदलीय समिति के सदस्यों ने मामले की पहली सुनवाई के दौरान यह बात कही। समिति में सात रिपब्लिकन और छह डेमोक्रेट शामिल हैं। सीक्रेट सर्विस देश की सबसे पुरानी संघीय जांच एजेंसियों में से एक है। रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर 13 जुलाई को हमला किया गया था।

# लद्दाखः सैनिकों के हटने की प्रक्रिया पर बनी आम सहमति

बीजिंग, एजेंसी

• चीनी रक्षा मंत्रालय ने किया दावा दोनों देश एक-दूसरे के संपर्क में

चीन और भारत पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मतभेदों को कम करने तथा टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने पर कुछ आम सहमति बनी है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह बात कही। उसने यह भी कहा कि साथ ही दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने पर वे सहमत हुए हैं।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग जियाओगांग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ संपर्क बनाए रखा है। इसमें दोनों देशों के विदेश मंत्रियों और चीन के विदेश मंत्री तथा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सीमा परामर्श तंत्र के माध्यम से विमर्श शामिल है। झांग ने कहा कि बातचीत के माध्यम से चीन और भारत दोनों अपने मतभेदों को कम करने तथा एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने के लिए बातचीत को मजबूत करने पर सहमत होने के अलावा कुछ आम सहमति बनाने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष जल्द से जल्द किसी ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो।

# उ. कोरिया के पास बम बनाने को पर्याप्त यूरेनियम

सियोल, एजेंसी

• दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसी ने किया दावा



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को बताया कि ऐसी आशंका है कि उत्तर कोरिया ने कई बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम संवर्धन कर लिया है और वह दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के लिए अधिक शक्तिशाली व सटीक निशाने लगाने वाली मिसाइलें बनाने के अपने प्रयासों में आगे बढ़ रहा है।

इस महीने की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने हथियार बनाने के लिए आवश्यक यूरेनियम के उत्पादन के लिए स्थापित एक गुप्त संयंत्र की दुर्लभ झलक पेश की थी, जिसके बाद दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने सांसदों को स्थिति से अवगत कराया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन परमाणु हथियारों के भंडार को तेजी से बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सियोंग-क्वेन के अनुसार, किम द्वारा संयंत्र के बारे में खुलासा करने का उद्देश्य संभवतः घरेलू स्तर पर अपनी सैन्य उपलब्धियों का प्रदर्शन करना था।

# इजराइल के हमले में 23 सीरियाई कामगारों की मौत

बेरूत, एजेंसी

• लेबनान के सरकारी मीडिया का दावा, आठ से ज्यादा घायल

लेबनान की एक इमारत पर इजराइली हवाई हमले में 23 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। लेबनान के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस इमारत में सीरियाई कामगार एवं उनके परिवारों के सदस्य रहते थे। चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के खिलाफ हवाई अभियान के दौरान यह सबसे घातक हमलों में से एक था। बुधवार देर रात यह हमला ऐसे समय किया गया, जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कूटनीतिक कोशिशों के लिए तत्काल 21 दिन के संघर्ष विराम का आह्वान किया था।

इजराइल ने जमीनी आक्रमण की धमकी दी है तथा बढ़ती भारी गोलीबारी से पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। नेशनल न्यूज एजेंसी ने कहा कि यह हमला देश के पूर्वोत्तर हिस्से में किया गया। यह इलाका लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में स्थित प्राचीन बालबेक शहर के पास है जो सीरियाई सीमा से सटा है। एजेंसी ने यूनीन गांव के महापौर अली कस्सास के हवाले से कहा कि सीरिया के 23 लोगों के शवों को इमारत के मलबे से निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हमले में चार सीरियाई एवं चार लेबनानी लोग जख्मी हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी हुसैन सल्लूम ने बताया कि मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

लेबनानी रेड क्रॉस ने कहा कि उसने नौ शव बरामद किए हैं, जबकि अन्य शव हिजबुल्ला चरमपंथी समूह की पैरामेडिक सेवा द्वारा बरामद किए गए हैं। लगभग 60 लाख की आबादी वाले लेबनान में करीब 7,80,000 पंजीकृत सीरियाई शरणार्थी और हजारों अपंजीकृत शरणार्थी हैं।

# भारतीय नागरिकों को लेबनान की यात्रा नहीं करने की दी सलाह

**यरूशलम।** भारत ने बढ़ती हिंसा के बीच भारतीय नागरिकों से लेबनान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है और वहां मौजूद लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने तथा जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों से संबंधित कार्यालय ने बुधवार को कहा था कि लगभग एक साल पहले हिजबुल्ला द्वारा उत्तरी इजराइल पर रॉकेट दागने और इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद लेबनान में 20,000 लोग विस्थापित हुए हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए परामर्श में कहा, "क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों व तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है।"

# आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का हश्र अफजल गुरु जैसा होगा : शाह

उधमपुर, एजेंसी

• गृहमंत्री ने कश्मीर के उधमपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि जो कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देगा, उसका हश्र संसद पर हमले के दोषी मोहम्मद अफजल गुरु जैसा होगा, जिसे नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। शाह ने उधमपुर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी।

शाह ने कहा, 'फिर क्या बिरयानी खिलानी थी उसको। जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उनका हश्र अफजल गुरु जैसा ही होगा।' उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से अनुच्छेद 370 की बहाली का दावा किये जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि राहुल की आने वाली पीढ़ियां भी अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर पाएंगी। यह पहली बार है कि कश्मीर में चुनाव अनुच्छेद 370 और अलग झंडे के बिना हो रहे हैं। दो संविधानों की संस्कृति का अंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि नेकां और राहुल बाबा द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में दावे किए जा रहे हैं, लेकिन राहुल की कई पीढ़ियों में इन प्रावधानों को फिर से लागू करने की ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों के दौरान कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेकां ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, जिसके कारण 40 हजार लोग मारे गए और 3000 दिन कर्फ्यू भी लगा, इसके अलावा हर दिन हमले, बम धमाके होते रहें। हालांकि, जब से श्री मोदी ने सत्ता संभाली है, पथराव और गोलीबारी बंद हो गयी हैं। तीनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जीवित करना चाहती हैं, लेकिन मैं उमर अब्दुल्ला को बताना चाहता हूं कि आप जो भी चाहें, कश्मीर की धरती से आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

# तमिलनाडु में छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**तिरुप्पुर।** तमिलनाडु के तिरुप्पुर से देश में अवैध रूप से घुसे छह बांग्लादेशी युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक पल्लदम जाने वाली बस में सवार होने वाले थे, उस दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। त्वरित कार्रवाई बल के जवानों सहित पुलिस दल ने संदेह के आधार पर युवकों को रोका और उनसे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मांगे, जो वे नहीं दिखा सके। पुलिस दल को पूछताछ में पता चला कि ये छह लोग दो सप्ताह पहले बांग्लादेश से आए थे और उन्हें मुदालिपलायम में स्थित एक कंपनी ने वापस भेज दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे तिरुप्पुर से पल्लदम जाने के लिए बस में सवार होने वाले थे, ताकि किसी दूसरी कंपनी में काम की तलाश कर सकें।

# पाकिस्तान में दो जनजातियों के बीच झड़प, 36 की मौत

पेशावर, एजेंसी

• जमीन के टुकड़े को लेकर हुए संघर्ष में 80 लोग घायल

अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में पिछले छह दिन में एक जमीन के टुकड़े को लेकर दो जनजातियों के बीच संघर्ष में कम से कम 36 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार सरकार और आदिवासी बुजुर्गों द्वारा स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद जमीन विवाद को लेकर झड़पें शुरू हो गईं।

पुलिस ने कहा कि पिछले छह दिन में हुई झड़पों में अब तक 36 लोग मारे गए हैं, जबकि 80 अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस संघर्ष में इससे कहीं ज्यादा लोगों के हताहत होने का दावा किया है। यह लड़ाई जिले के बालिशखेल, सद्दा, खार कल्ले, पीवर और मकबल जैसे इलाकों में फैल गई। ये इलाके अफगानिस्तान के खोस्त, पक्तिया, लोगर और नांगरहार प्रांतों की सीमा से सटे हैं, जिन्हें आईएसआईएस और तालिबान का गढ़ माना जाता है। दोनों पक्षों के बुजुर्गों के संयुक्त संघ जिरगा (आदिवासी परिषद) ने झड़पों को रोकने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक और कोहाट आयुक्त से मुलाकात की, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। गुरुवार को हिंसक झड़पें लगातार छठे दिन भी जारी रहीं, जिसमें ऊपरी, निचली और मध्य तहसीलों में भारी गोलीबारी हुई। लिहाजा छह और लोगों की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए।

खोज-खबर | पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराया सौर तूफान

# सौर सक्रियता अपने चरम की ओर अग्रसर

संवाददाता, नैनीताल


**अमृत विचारः** सूर्य सक्रियता चरमता की ओर अग्रसर है और ऑरोरा के रंगबिरंगे नजारे पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में मेहरबान हैं। बुधवार को सौर सामग्री यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) सौर तूफान पृथ्वी के भू-चुंबकीय क्षेत्र से टकरा गया। आने वाले दिनों में भी भू-चुम्बकीय तूफानों का आना जारी रहने की संभावना है।

सूर्य 25वें सौर चक्र से गुजर रहा है और जबरदस्त सक्रियता के साथ सौर तूफानों को बरसा रहा है। जिसका असर पृथ्वी ही नहीं, बल्कि मंगल, शुक्र व बुध ग्रहों पर भी पड़ रहा है। गत दिवस जी 1 तीव्रता वाला भू-चुंबकीय तूफान शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पृथ्वी पर पहुंच गया, जिसके चलते उत्तरी अमेरिका में लगभग पूरी रात एक अशांत भू-चुंबकीय क्षेत्र देखा गया। लिहाजा, रंगबिरंगी रोशनी के साथ ऑरोरा भी देखे गए।

सूर्य से निकले तूफान का जल्द पृथ्वी तक पहुचना बड़ी बात है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके पीछे कुछ तो रहस्य रहा होगा। बहरहाल, 24 सितंबर को सी 6.9 क्लास की ज्वाला निकली थी। इसका क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम में एआर3828 सौर कलंक में विस्फोटित हुई थी।

यह विस्फोट लीड फ्लेयर एआर 3828 के साथ एआर 3833 से भी जुड़ा हुआ था। जिस कारण सी क्लास की एक साथ दो फ्लेयर्स यानी ज्वाला उत्पन्न हुई थी। नासा के अनुसार अगले 24 घंटे में सी क्लास विस्फोट की संभावना 99 प्रतिशत है। एम क्लास की संभावना 55 फीसद है, जबकि एक्स क्लास की ज्वाला के लिए 20 प्रतिशत संभावना जताई गई है।

सूर्य और उसके रहस्यों ने हजारों सालों से मानवता को आकर्षित किया है। सूर्य हमारे सौरमंडल का आधार है और जीवन को जीवित रहने के लिए आवश्यक गर्मी और प्रकाश प्रदान करता है। फिर भी इसके आंतरिक भाग के बारे में कई सवाल बने हुए हैं, जो इसकी चुंबकीय गतिविधि को संचालित करता है।



सूर्य की सतह से निकलती ज्वाला।

### अभी बड़े विस्फोट होने बाकी

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पूर्व निदेशक डॉ. वहाब उद्दीन के अनुसार इस बार सूर्य बेहद सक्रिय है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट होने अभी बाकी है। इन दिनों सूर्य की सतह में एक दर्जन सौर कलंक समूह बने हुए हैं। अगले साल तक सौर सक्रियता जारी रहेगी।

# हसीना ने अपराध किए हैं, उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए

ढाका, एजेंसी

• बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस ने की मांग



बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस ने कहा है कि भारत में शरण लिए हुईं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। युनूस ने न्यूयॉर्क टाइम्स क्लाइमेट फॉरवर्ड शिखर सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, 'क्यों नहीं, अगर उन्होंने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए और न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'

युनूस अभी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग ले रहे हैं। यूनुस से पूछा गया कि क्या उनकी चुनाव लड़ने की कोई योजना है। उन्होंने नकारात्मक जवाब देते हुए कहा, 'क्या मैं ऐसा व्यक्ति दिखता हूं, जो चुनाव लड़ूंगा।' उन्होंने कहा कि उनके पास इस बारे में कोई समय सीमा नहीं है कि बांग्लादेश में चुनाव कब होंगे। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार देश में स्थापित कई आयोगों द्वारा आने वाले महीनों में सुधार संबंधी सिफारिशें देने की उम्मीद है, जिसके बाद चुनावों की तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने के लिए किया गया वैश्विक समझौता पेरिस समझौता तब तक काम नहीं करेगा, जब तक दुनिया मौजूदा आर्थिक प्रणाली के साथ बनी रहेगी।